आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 17°C | 7°C |

इनसाइड न्यूज
यूपी ने केंद्र के प्री-बजट बैठक में रखी 1.3 लाख करोड़ से ज्यादा...
उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 14 जनवरी, 2026 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 17, अंक : 94 www.janexpresslive.com/epaper



थल सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने कहा... 12

# कुत्ते के काटने पर भारी मुआवजा तय होगा : सुप्रीम कोर्ट

## जो आवारा कुत्तों को लेकर चिंतित, वे अपने घर ले जाएं, उन्हें ऐसे नहीं छोड़ सकते : सुप्रीम कोर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। अदालत ने कहा, 'बच्चों या बुजुर्गों को कुत्तों के काटने, चोट लगने या मौत के हर मामले में हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा दिलवाएंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले 5 सालों में नियमों को लागू करने के लिए कुछ नहीं किया।' कोर्ट ने कहा, 'आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो इन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते। ये कुत्ते सड़कों पर क्यों घूमते रहें, लोगों को काटें और डराएं। उन्हें हम ऐसे ही नहीं छोड़ सकते।' जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा, 'कुत्तों में एक खास तरह का वायरस होता है, जिसका कोई इलाज नहीं है। अब तक चार दिन की सुनवाई में इमोशन सिर्फ कुत्तों के लिए ही दिख रही है। जब कुत्ते 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? क्या हम इसपर आंखें मूंद लें।' इस मामले में अब अगली सुनवाई 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे से होगी।



### पालतू जानवर रखना चाहते हैं, तो लाइसेंस लें : सुप्रीम कोर्ट

जस्टिस मेहता ने कहा, अगर कोई आवारा कुत्ता किसी पर हमला कर दे तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? इस पर वकील ने कहा- स्वयंसेवी संस्थाओं के लिए जिम्मेदारी तय की जा सकती है। जस्टिस मेहता ने कहा- आवारा कुत्ता किसी के कब्जे में नहीं होना चाहिए। अगर आप पालतू जानवर रखना चाहते हैं, तो लाइसेंस लें। एडवोकेट गुरुस्वामी ने कहा- कुत्तों को मारना और नसबंदी करना दोनों ही कारगर नहीं हैं। जब हम किसी प्रजाति को विलुप्त करने की बात करते हैं, तो हम अपने साथ भी कुछ गलत कर रहे होते हैं। हम करुणा नहीं छोड़ रह सकते। कोई भी तर्क क्रूरता और पशुओं को मारने को जायज नहीं ठहराता।

### 'सड़कों से बच्चों को हटाना चाहिए, कुत्तों को नहीं'

एक अन्य महिला वकील ने अपनी दलीलें पेश करते हुए कहा- जब रेलवे स्टेशन पर एक छोटी बच्ची के बगल में कोई आवारा कुत्ता सो रहा होता है, तो उसके साथ रेप नहीं होगा। एक महिला होने के नाते, मुझे दिल्ली में उन कुत्तों के साथ चलने में सुरक्षित महसूस होता है। अगर मुझ पर कोई हमला करेगा, तो वे भौंकेंगे। वकील ने आगे कहा- जब किसी शेल्टर होम में कोई कुत्ता बीमार पड़ जाता है, तो उनमें से जो वायरस पैदा होते हैं, उनपर दवाओं का असर नहीं होगा। मुझे बुरा लगता है जब आरडब्लूए कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने के लिए और अधिक फंड की मांग करते हैं। सबसे पहले बच्चों को सड़कों से हटाना होगा, कुत्तों को नहीं। बच्चों को शेल्टर होम की ज्यादा जरूरत है। वकील ने कहा- मैं एक 80 साल की महिला का प्रतिनिधित्व कर रही हूं जो सड़क पर रहती है। वह 200 कुत्तों की देखभाल करती है। दिल्ली में उन्हें 'डॉग अम्मा' के नाम से जाना जाता है। कुत्तों गोद लेने की पॉलिसी पर विचार किया जाना चाहिए। एक राष्ट्रीय अभियान शुरू किया जा सकता है। यहां कई वकील हैं जिनके घर में 8-10 देसी कुत्ते हैं।

### अब तक इंसानों के लिए इतनी लंबी बहस नहीं देखी : जस्टिस मेहता

जस्टिस संदीप मेहता ने महिला वकील की दलील पर कहा- क्या आप सच में ऐसा कह रही हैं? एक वकील ने अभी-अभी हमें सड़कों पर रहने वाले अनाथ बच्चों के आंकड़े दिखाए। शायद कुछ वकील उन बच्चों को गोद लेने की पैरवी कर सकते हैं। जस्टिस मेहता ने कहा- 2011 में प्रमोशन के बाद से मैंने इतनी लंबी बहसें कभी नहीं सुनीं। और अब तक किसी ने भी इंसानों के लिए इतनी लंबी बहस नहीं की है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने आज की सुनवाई खत्म कर दी।

### 'कुत्तों को खाना खिलाने वालों पर जवाबदेही तय होनी चाहिए'

जस्टिस नाथ ने कहा- हम बच्चों या बुजुर्गों को कुत्ते के काटने से होने वाली हर मौत या हमले के लिए, राज्य सरकार पर भारी मुआवजा तय करेंगे। सरकार कुछ नहीं कर रही है। साथ ही, उन लोगों पर भी जवाबदेही तय होनी चाहिए जो कह रहे हैं कि हम कुत्तों को खाना खिला रहे हैं। ऐसा करो, उन्हें अपने घर ले जाओ।

### 'अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण समस्या 1000 गुना बढ़ी'

सुप्रीम कोर्ट में दो एनिमल ट्रस्ट का पक्ष रखते हुए एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी ने कहा- यह एक इमोशनल मामला है। इस पर जस्टिस मेहता ने कहा- अब तक तो ऐसा लगता है कि इमोशन सिर्फ कुत्तों के लिए ही हैं। गुरुस्वामी ने कहा- ऐसा नहीं है। मैं इंसानों के बारे में भी उतनी ही चिंतित हूं। जस्टिस मेहता ने कहा- शुक्र है! आप सभी हमें अधिकारियों से सवाल करने की इजाजत दें, ताकि हम प्रक्रिया शुरू कर सकें। सभी एक ही बात दोहरा रहे हैं। हमें आदेश पारित करने दें। हमें अधिकारियों से जवाब लेने में आधा दिन लग जाता है। उनकी निष्क्रियता के कारण समस्या 1000 गुना बढ़ गई है। यह एक अदालती कार्यवाही के बजाय एक सार्वजनिक मंच बन गया है।

### एडवोकेट विकास सिंह ने कहा, इकोसिस्टम में बैलेंस बनाने के लिए कुत्ते जरूरी

एक एनिमल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट विकास सिंह ने कहा- इसे जानवर बनाम इंसानों का मुद्दा मानिए। 2025 में सांप के काटने से 50,000 से अधिक लोगों की मौत हुई। चूहों को कंट्रोल करने के लिए कुत्ते जरूरी हैं। इकोसिस्टम में बैलेंस बनाए रखना होगा। काटना कुत्तों से जुड़े मामलों का बस एक हिस्सा है। इकोसिस्टम में उनकी भूमिका पर विचार किया जाना चाहिए। एक अन्य वकील, पिंकी आनंद ने कहा- लोगों पर कुत्तों ने हमला किया है, लेकिन प्रावधानों में यह कहा गया है कि जानवरों के साथ दयालुता से पेश आना चाहिए। टीबी जैसी बीमारी को खत्म करने के लिए हमने पॉलिसी बनाई। हमने टीबी से पीड़ित लोगों को खत्म नहीं किया। आज हमारे पास सिर्फ 77 एबीसी केंद्र हैं। यदि कुत्तों को वापस नहीं लाया गया, तो और भी हिंसक कुत्ते आ जाएंगे। जवाबदेही तय होनी चाहिए। आवारा कुत्तों को सार्वजनिक जगहों से हटाने के फैसले का समर्थन करते हुए एडवोकेट दातार ने कहा- कृपया 7 नवंबर, 2025 के आदेश को एयरपोर्ट पर भी लागू करें। एयरपोर्ट अथॉरिटी कहता है कि हमारे शिकायत करने पर वे कुछ नहीं कर सकते, क्योंकि धारणा यह है कि कुत्तों को वापस छोड़ना पड़ेगा।

### डॉग बाइट पीड़ित बोली, हमला करने वाले कुत्ते क्रूरता के शिकार

कुत्ते के काटने की शिकार, कामना पांडे नाम की एक महिला ने आवारा कुत्तों का पक्ष लिया। महिला ने कहा- 20 साल पहले मुझे एक कुत्ते ने बुरी तरह काट लिया था। मुझे टांके लगे। कुत्ते ने क्यों काटा, मैंने यह समझने की कोशिश की तो पाया कि उस कुत्ते को लंबे समय तक क्रूरता का शिकार बनाया गया था। लोग उसे पत्थर मारते थे, लात मारते थे। डर के मारे उसने आत्मरक्षा में मुझ पर हमला किया। महिला ने कहा- क्रूरता किसी ने की, दर्द मुझे सहनी पड़ी। मैंने उस कुत्ते को गोद ले लिया। 9 सालों में उसने किसी को नहीं काटा। जब डर दूर होता है, तो आक्रामकता भी दूर हो जाती है। सिर्फ नसबंदी उपाय नहीं है। डॉग लवर्स में दहशत फैल गई है। कुत्तों और उन्हें खाना खिलाने वालों के खिलाफ हिंसा हो रही है। हम संस्थानों में कुत्तों के लिए खुले घर बनाने का सुझाव देते हैं।

# निषाद पार्टी का संकल्प दिवस सामाजिक न्याय और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक : केशव प्रसाद मौर्य

- 13वें कार्यकर्ता संकल्प दिवस में बोले उप मुख्यमंत्री, कहा—निषाद समाज के उत्थान से ही मजबूत होगा नया भारत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




निषाद पार्टी के 13वें कार्यकर्ता संकल्प दिवस का आयोजन मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर सभागार में भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके आगमन पर निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद और पार्टी पदाधिकारियों के साथ भारी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प दिवस केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, स्वाभिमान, अधिकार और संकल्प का प्रतीक है। यह दिन उस लंबे संघर्ष की याद दिलाता है, जिसमें निषाद समाज ने अपने हक, सम्मान और पहचान के लिए निरंतर आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि निषाद समाज सदियों से जल, जंगल और जमीन से जुड़ा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था, संस्कृति और परंपराओं में समाज का योगदान अमूल्य रहा है, लेकिन दुर्भाग्य से लंबे समय तक उसे उसके अधिकारों से वंचित रखा गया। निषाद पार्टी ने इस ऐतिहासिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष का बीड़ा उठाया और समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। केशव प्रसाद मौर्य ने डॉ. संजय निषाद की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने समाज की पीड़ा को समझा और उसे राजनीतिक ताकत में बदलने का कार्य किया। आज निषाद समाज की आवाज विधानसभा से लेकर संसद तक मजबूती से गूंज रही है, यह उसी संघर्ष और नेतृत्व का परिणाम है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार गरीब, वंचित, पिछड़े और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। सरकार की नीतियों का मूल मंत्र है—सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। उन्होंने बताया कि निषाद समाज के कल्याण के लिए सरकार ने कई ठोस कदम उठाए हैं। मछुआरों के लिए निषादराज नाविक दुर्घटना बीमा योजना लागू की गई है। मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों का विस्तार किया गया है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। सरकार का संकल्प है कि निषाद समाज का कोई भी परिवार विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे।

### 'निषाद समाज अब जागरूक हो चुका'

अपने संबोधन के अंतिम हिस्से में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग आज भी समाज को जाति और वर्ग के नाम पर बांटने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन निषाद समाज अब जागरूक हो चुका है। वह समझता है कि कौन उसके हित में काम कर रहा है और कौन केवल भ्रम फैलाकर सत्ता की राजनीति करना चाहता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उप मुख्यमंत्री के रूप में वे हमेशा निषाद समाज के सम्मान, अधिकार और विकास के लिए मजबूती से खड़े रहेंगे। कार्यक्रम में डॉ. संजय निषाद, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री किरेन रिजिजू, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह, नेता विधान मंडल शाहगंज विधायक रमेश सिंह जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ईरान में संकट गहराया, कई शहरों में हिंसक प्रदर्शन जारी, अब तक 2000 लोगों की मौत




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेहरान

ईरान में पिछले दो हफ्तों से जारी देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान अब तक 2,000 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में प्रदर्शनकारी और सुरक्षा बलों के जवान भी शामिल हैं। एक ईरानी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह पहली बार है, जब ईरानी अधिकारियों ने इतनी बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों की मौत के आंकड़े को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक अधिकारी ने दावा किया कि जिन लोगों की मौत हुई है, उनके लिए तथाकथित आतंकवादी जिम्मेदार हैं। अधिकारी के अनुसार इन घटनाओं में प्रदर्शनकारियों के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों की भी जान गई है। हालांकि, अधिकारी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि मृतकों में कितने प्रदर्शनकारी थे और कितने सुरक्षा कर्मी थे।

### खराब आर्थिक हालात के कारण अशांति

हाल में यह अशांति खराब आर्थिक हालात के कारण पैदा हुई है और ईरानी सरकार के लिए पिछले तीन साल की सबसे बड़ी अंदरूनी चुनौती मानी जा रही है। यह प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहे हैं, जब पिछले साल से इस्राइल और अमेरिका के हमलों के बाद ईरान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ा हुआ है।

### दोहरी नीति अपना रही ईरान सरकार

1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से सत्ता में रही सरकार ने प्रदर्शनों को लेकर दोहरी नीति अपनाई है। एक तरफ वह आर्थिक समस्याओं पर हुए प्रदर्शनों को जायज बता रही है, वहीं दूसरी तरफ उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी कर रही है। सरकार ने अशांति फैलाने के लिए अमेरिका और इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया है। ईरान सरकार ने कहा कि जिन लोगों को वह 'आतंकवादी' मानती है, उन्हीं लोगों का अब इन प्रदर्शनों पर नियंत्रण है।

### हिंसक झड़पों के वीडियो सामने आए

इससे पहले एक मानवाधिकार संगठन ने सैकड़ों लोगों की मौत की पुष्टि की थी और कहा था कि हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हाल के दिनों में इंटरनेट बंद करने जैसे संचार प्रतिबंधों के कारण जानकारी के आदान-प्रदान में काफी दिक्कतें आई हैं। पिछले एक हफ्ते में रात के समय प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई झड़पों के कई वीडियो सामने आए हैं। इनमें से कुछ वीडियो की रॉयटर्स ने भी पुष्टि की है। इन वीडियो में गोलीबारी, जलते हुए वाहन और इमारतें दिखाई दे रही हैं।

# तत्कालीन सीओ अनुज चौधरी समेत 22 के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश

जन एक्सप्रेस । संभल



संभल में 24 नवंबर 2024 को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल के दौरान गोली लगने से घायल हुए खग्गू सराय निवासी आलम के पिता के केस की सुनवाई करते हुए चंदौसी कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश किए हैं। इसमें संभल के तत्कालीन सीओ अनुज चौधरी, कोतवाली प्रभारी अनुज तोमर व 15 से 20 अज्ञात पुलिसकर्मियों को आरोपी बनाया गया है। कोतवाली संभल में रिपोर्ट दर्ज की जानी है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि उन्हें अभी तक आदेश नहीं मिला है। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई आगे की जाएगी। पीड़ित आलम के पिता यामीन ने कोर्ट में दी तहरीर में बताया है कि उसका बेटा आलम बिस्किट बेचने का काम करता है। 24 नवंबर की सुबह वह तीन पहिया ठेले पर बिस्किट बेचने के लिए घर से निकला था। जैसे ही जामा मस्जिद के नजदीक पहुंचा तो तत्कालीन सीओ अनुज चौधरी व तत्कालीन संभल कोतवाली प्रभारी अनुज तोमर समेत 15 से 20 पुलिसकर्मियों ने भीड़ु पर जान से मारने की नीयत से गोलियां चलाई। बताया कि उनके बेटे आलम ने ठेला छोड़कर भागकर जान बचानी चाही तो दो गोलियां पीठ व एक हाथ में लगी। किसी तरह बेटा घर तक आया तो निजी अस्पताल में ले गए। जहां उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया कि हालत में सुधार नहीं हुआ तो मेरठ भर्ती कराया जहां बेटे का ऑपरेशन हुआ और जान बची। जब कार्रवाई के लिए पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों से आग्रह किया तो उन्होंने कार्रवाई नहीं की। इस आवेदन पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर ने रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

# हाईकोर्ट ने प्राथमिक शिक्षकों के किसी भी तरह के समायोजन पर लगाई रोक

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने मंगलवार को प्राथमिक शिक्षकों के समायोजन -3 मामले में आगे किसी कार्यवाही पर 19 जनवरी तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 जनवरी को नियत करके अंतरिम आदेश दिया कि मामले की इस अगली सुनवाई की तिथि तक बेसिक शिक्षा विभाग के अफसर, समायोजन -3 मामले में आगे कोई कार्यवाही नहीं करेंगें। कोर्ट ने कहा कि इस अंतरिम आदेश की राहत, इस याचिका के साथ संबद्ध 11 अन्य याचिकाओं के याची शिक्षकों को भी उपलब्ध होगी। कोर्ट ने यह आदेश प्राथमिक शिक्षकों के समायोजन/स्थानांतरण - 3 के शासनादेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर दिया। न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश बाराबंकी की संगीता पाल समेत 29 प्राथमिक शिक्षकों की याचिका पर दिया। याचिकाओं में 14 नवंबर 2025 के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी शिक्षकों के समायोजन/स्थानांतरण के शासनादेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता एच जी एस परिहार का कहना था कि यह शासनादेश आर टी ई अधिनियम समेत बेसिक शिक्षा अधिनियम, 1981 के नियमों का उल्लंघन करने वाला है। इसके नियम 21 के तहत शिक्षक की सहमति के बाहर समायोजित न किए जाने की दलील दी।

# 18 जनवरी को प्रदेश में मिशन मोड में पढ़ी जाएगी मतदाता सूची, केंद्र पर रहेंगे बूथ एजेंट प्रधान-बीएलओ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा करते हुए साफ निर्देश दिए हैं कि 18 जनवरी 2026 को प्रदेश के सभी बूथों पर मिशन मोड में आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर मतदाताओं को सुनाया जाए। इस दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहकर राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट, पार्षद या ग्राम प्रधान के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाएं। मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार और बीएलओ के पास फॉर्म-6, 7 और 8 की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि फॉर्म-6 ऑफलाइन भरते समय मतदाता का नाम और पता हिंदी व अंग्रेजी दोनों में मतदाता के सामने भरवाया जाए, ताकि वर्तनी की त्रुटि न हो। ऑनलाइन आवेदनों के सत्यापन के दौरान भी बीएलओ को मतदाता से हिंदी में नाम की पुष्टि करानी होगी। 'बुक ए कॉल विथ बीएलओ' सुविधा के तहत 48 घंटे से अधिक लंबित मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए आठ विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए गए हैं।

# फरवरी से अप्रैल धान की खेती नहीं कर पाएंगे? उत्तराखंड सरकार क्यों ले रही यह सख्त फैसला

जन एक्सप्रेस । देहरादून

उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले में 1 फरवरी से 30 अप्रैल तक गर्मियों से थोड़ा पहले की जाने वाली धान की खेती पर रोक लगाने का फैसला लिया है। इस तरह के कदम आगामी वर्षों में हरिद्वार और नैनीताल जैसे जिलों में भी लिए जा सकते हैं। उत्तराखंड के 'फूड बाउल' कहे जाने वाले ऊधमसिंह नगर जिले में इस बार गर्मियों से थोड़ा पहले की जाने वाली धान की खेती पर रोक लगाई गई है। जिला प्रशासन ने 1 फरवरी से 30 अप्रैल तक धान की बुआई, नर्सरी तैयार करने और रोपाई पर रोक लगाने के आदेश जारी किए। यह जिले में पहली बार भूजल से सीधे जुड़ा सख्त प्रतिबंध माना जा रहा है। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि यह प्रतिबंध करीब 15 हजार किसानों को सीधे तौर पर प्रभावित कर सकता है और लगभग 150 करोड़ रुपये की उपज दांव पर लगने की आशंका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वर्ष किसी भी तरह की



छूट नहीं दी जाएगी। साथ ही, आने वाले समय में यह पाबंदी तराई क्षेत्र के अन्य हिस्सों नैनीताल और हरिद्वार के कुछ क्षेत्रों में भी लागू की जा सकती है। बता दें कि यह धान की खेती फरवरी से अप्रैल/मई के बीच शुरू होती है। इसमें पहले नर्सरी तैयार की जाती है, फिर रोपाई की जाती है। इस दौरान बारिश नहीं होती, इसलिए खेती पूरी तरह भूजल और सिंचाई पर निर्भर रहती है।

### हरियाणा और पंजाब में भी इस तरह की रोक

गौरतलब है कि वर्ष 2024 में भी इस तरह की अस्थायी रोक लगाई गई थी, लेकिन किसानों से बातचीत के बाद उसे आंशिक रूप से हटा लिया गया था। हालांकि, इस बार प्रशासन ने साफ कर दिया है कि निर्णय अंतिम है। फिलहाल राज्य के किसी अन्य जिले में धान पर इस तरह की स्पष्ट और पूर्ण पाबंदी लागू नहीं है। तुलना करें तो हरियाणा में भूजल संरक्षण कानून के तहत समय से पहले धान की बुआई पर कानूनी रोक है, जबकि पंजाब में कैलेंडर आधारित प्रतिबंध लागू किए जाते हैं।

### एक्सपर्ट्स से जानिए फैसले के पीछे की वजह

अधिकारियों और विशेषज्ञों ने इस कदम को जरूरी बताया है। बीते एक दशक में जिले में भूजल स्तर करीब 70 फीट तक गिर चुका है। जसपुर और काशीपुर जैसे विकासखंडों को पहले ही 'क्रिटिकल' श्रेणी में रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि तराई क्षेत्र में भूजल के अंधाधुंध दोहन के लिए धान की खेती को सबसे बड़ा कारण माना जाता है। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा, 'यह फैसला कृषि वैज्ञानिकों और किसान संगठनों से विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। हमारी प्राथमिकता दीर्घकालिक जल सुरक्षा है। हम किसानों से सहयोग की अपील करते हैं।'

### 15 हजार से अधिक किसान प्रभावित

प्रशासन के अनुसार, ऊधमसिंह नगर जिले में आमतौर पर लगभग 22 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में गर्मी के धान की खेती होती है। यहां अधिकांश किसान एक से दो हेक्टेयर की छोटी जोत पर खेती करते हैं। इस फैसले से ऊधमसिंह नगर जिले के 15 हजार से ज्यादा किसान प्रभावित होंगे।

# जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा का भ्रमण

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मंगलवार को कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा का भ्रमण किया। यहां डीएम ने आदर्श दलहन ग्राम योजना के अंतर्गत 'मसूर उत्पादन में सूक्ष्म पोषक तत्व प्रबंधन' विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों से संवाद किया।

प्रशिक्षण में डीएम ने कहा कि सभी कृषकों को ग्रीष्मकालीन दलहन उत्पादन के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र से जुड़कर अधिकतम भूमि का उपयोग करना चाहिए। इस दिशा में जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। बताया कि वर्तमान समय में देश को कुछ दलहनी फसलों का आयात करना पड़ता है, जिसे कृषकों के सामूहिक प्रयासों से कम किया जा सकता है। मसूर, अरहर एवं उड़द जैसी दलहनी फसलों के उत्पादन में क्षेत्रफल और उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता है। बताया कि जिले में उन्नत किस्मों के बीजों की उपलब्धता तथा आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से सुनिश्चित कराया जाएगा। इस दौरान चयनित पांच कृषकों को ग्रीष्मकालीन दलहन उत्पादन के लिए मूंग का बीज तथा उद्यान विभाग द्वारा सब्जी बीजों का वितरण किया गया। डीएम ने कृषकों से अपील की कि वे नवीन कृषक उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ.) का गठन करें अथवा पहले से गठित संगठनों से जुड़ें, जिससे दलहन उत्पादन के क्षेत्र में विस्तार संभव होगा। इस दौरान कृषकों ने अपने अनुभव करते हुए खेत स्तर पर आ रही समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर डीएम ने आवश्यक समाधान की कार्यवाही से संबंधित जानकारी दी।

इसके बाद डीएम ने केन्द्र पर संचालित विभिन्न परियोजनाओं एवं कृषि गतिविधियों का अवलोकन किया, जिनमें कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र, बहुमंजिला खेती मॉडल, लघु एवं सीमांत किसानों के लिए 1.20 एकड़ मॉडल फार्म, फसल दृश्यावली, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति, बीज प्रसंस्करण इकाई, बीज उत्पादन क्षेत्र, पशुपालन, मोती पालन सहित अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए संचालित परमानंद आश्रम पद्धति विद्यालय शामिल रहे। इस मौके पर उप निदेशक कृषि राजकुमार, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, वरिष्ठ वैज्ञानिक विजय गौतम, प्रसार वैज्ञानिक उत्तम कुमार त्रिपाठी, डॉ मनोज शर्मा, अंजली यादव, रोहित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# बाल कुपोषण दूर करने के लिए टीकाकरण होना चाहिए शत-प्रतिशत: सीडीओ

जन एक्सप्रेस | रामनगर, चित्रकूट



आकांक्षी ब्लॉक रामनगर की समीक्षा बैठक मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी देवी प्रसाद पाल की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई। जिसमें सीडीओ ने योजनाओं की समीक्षा कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने पर दूरसंचार विभाग के अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण योजनाओं की समीक्षा करते हुए महिलाओं को वीएचएसएनडी में लॉजिस्टिक्स की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, 9 से 11 माह के बच्चों के टीकाकरण में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने तथा टीकाकरण से इंकार करने वाले परिवारों को जागरूक करते हुए टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। आयुष्मान भारत एवं एन.क्यू.ए.एस. योजना के तहत कैंप लगाकर पात्र लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरित करने तथा एन.क्यू.ए.एस. कार्यों में पंचायत सचिवों से अपेक्षित सहयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत विद्यालय, आंगनवाड़ी, उप स्वास्थ्य केंद्र सहित सभी सामुदायिक भवनों में नल कनेक्शन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

आईसीडीएस के आकांक्षी ब्लॉक पैरामीटर के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं एवं छह माह से छह वर्ष के बच्चों को पूरक पोषाहार का शत-प्रतिशत वितरण करने, वजन एवं लंबाई माप की नियमितता तथा आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही सैम-मैम बच्चों एवं हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं को टीएचआर वितरण में प्राथमिकता देने तथा इसकी निगरानी कंट्रोल रूम से करने के निर्देश दिए। शून्य प्रगति वाले आंगनवाड़ी केंद्रों पर कार्रवाई करने तथा शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने वाले केंद्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। विद्यालय एवं आंगनवाड़ी परिसरों में बाउंड्रीवाल, शौचालय एवं मूत्रालय निर्माण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी को लर्निंग आउटकम पर विशेष ध्यान देने तथा डीआईओएस को संबंधित संकेतकों की प्रगति डाउन होने पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। एडीओ कृषि को दो एफपीओ का गठन कराने तथा सभी पात्र किसानों को पीएम किसान योजना से जोड़ने के निर्देश दिए गए। सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील कराने तथा केयर टेकर के भुगतान को सुनिश्चित कराने के निर्देश पंचायत सचिवों को दिए गए।

# प्रधान अशोक नायक की अचानक मौत से संगठन हुआ दुखी

जन एक्सप्रेस | हमीरपुर



राष्ट्रीय पंचायती राज उत्तर प्रदेश के बैनर तले ग्राम प्रधान संगठन की एक जरुरी बैठक विकासखण्ड जैतपुर में ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक रावत सहित प्रभारी मंडल अध्यक्ष संदीप पांडे एडवोकेट की देखरेख में सम्पन्न हुई। बैठक मे विकासखंड जैतपुर की ग्राम पंचायत लमोरा के ग्राम प्रधान अशोक नायक की अचानक मौत हो जाने पर अफ़सोस जाहिर कर शासनादेश के मुताबिक मृतक प्रधान के परिवार को 10 लाख की मदद देने की शासन से मांग के साथ ही ग्राम पंचायत की परेशानियों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन बीडीओ जैतपुर को सौंपा गया।

ज्ञापन में खासतौर से गौशाला से जुड़ी परेशानियों को प्रधानों के खिलाफ फर्जी शिकायतों के साथ ही प्रधानों के बेजा उत्पीड़न के साथ ही 15 वे वित्त की धनराशि वक्त पर न मिलने के साथ ही मनरेगा के पक्के कामों का पेमेंट साल भर से ज्यादा वक्त पर न मिलने के साथ ही जल जीवन मिशन के तहत गांव में खोदी गई सड़कों की मरम्मत न करने के साथ ही, 60त्न से ज्यादा गांव में पानी की सप्लाई न होना,जबकि प्रभारी मंडल अध्यक्ष पांडे के साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक रावत ने बताया कि अगर बताई गई, परेशानियों का निपटारा नहीं होता है। तो जल्द ही सभी विकासखंड के साथ ही जिले लेबल पर एक बड़ा आयोजन करेंगे, साथ ही प्रधानों के साथ किसी भी कीमत पर बेइंसाफी नहीं होने देंगे। उन्होंने बताया कि चित्रकूट मंडल के प्रधानों सहित प्रदेश लेबल के पदाधिकारियो को भी आमंत्रित किया जायेगा। साथ ही कहा कि पंचायत चुनाव नजदीक है, जिसके चलते प्रधानों के खिलाफ जानबूझकर विरोधियों की तरफ से फर्जी शिकायतें करके परेशान किया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत है, जिसे किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैठक में खासतौर से प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडे, प्रदेश महासचिव दिनेश कुमार मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव सहित प्रभारी बुंदेलखंड हर स्वरूप व्यास के साथ प्रदेश संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह ने प्रधानों की इस मुहिम पर संगठन की ओर से पूरी मदद देने का भरोसा दिया है।

# नोडल अधिकारियों ने किया धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

जनपद में संचालित धान क्रय केन्द्रों का मंगलवार को उपजिलाधिकारियों ने केन्द्रवार नामित नोडल अधिकारी एवं समस्त क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों के साथ आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने धान क्रय केन्द्रों में किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं व कुल धान खरीद की जानकारी ली।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर मंगलवार को उपजिलाधिकारियों ने धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी क्रय केन्द्रों पर किसानों से धान की खरीद सुचारू रूप से होते पाई गई। बताया गया कि जनपद में अबतक 1024 किसानों से 6342.31 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। क्रय केन्द्रों पर किसानों की सुविधा के लिए पेय जल आदि की व्यवस्था उपलब्ध पायी गयी। क्रय केन्द्रों पर किसानों का टोकन रजिस्टर बनाया गया है, जिसके अनुसार ही किसानों को प्रतिदिन तौल के लिए बुलाया जाता है और उसी दिन सम्बन्धित किसान के धान की तौल कर ली जाती है, जिससे किसानों को रात्रि विश्राम की आवश्यकता नहीं पड़ती है। इसके अलावा क्रय केन्द्रों पर अलाव की व्यवस्था भी पाई गई। इस दौरान अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वह सभी अपने नजदीकी धान क्रय केन्द्रों पर आकर अपना धान बेचे।

इस दौरान अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वह सभी अपने नजदीकी धान क्रय केन्द्रों पर आकर अपना धान बेचे। बताया कि जनपद स्तर पर धान खरीद प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी। जिसमें धान की बिक्री में किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने पर किसान प्रकोष्ठ के मोबाइल नम्बर 7839565017, 7355904833 एवं 8707219558 पर संकर्प कर सकते है। साथ ही खाद्य तथा रसद विभाग के टोल फ्री नम्बर 18001800150 पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

# क्षेत्रीय विधायक की मेहनत रंग लायी, मिली मार्ग निर्माण को मंजूरी

जन एक्सप्रेस | बांदा



क्षेत्रीय विधायक नरैनी के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के जरूरी मार्गों को बनवाने की वित्तीय स्वीकृति मिली। ग्रामीण क्षेत्र में रंज नदी पर बने दो महत्वपूर्ण पुलों के मरम्मत कार्य के लिए भी धन आवंटित हुआ है।

विधायक ओम मणि वर्मा के सतत प्रयास से प्रदेश सरकार ने पांच संपर्क मार्ग और रेहुचि संपर्क मार्ग में स्थित रंज नदी में बने दीर्घ सेतु के मरम्मत का कार्य 77 लाख रुपए की लागत से होगा। इसी प्रकार शहबाजपुर पुकारी संपर्क मार्ग में रंज नदी पर बने पुल की मरम्मत 1 करोड़23लाख रुपये से कराया जाएगा। इसके अलावा महुई से दूधुवाँ पुरवा संपर्क मार्ग ग्राम पंचायत मोतियारी के मजरा राजपुर हेतु संपर्क मार्ग, गुढ़ा कला गांव के मजरा जजना बाबा पुरवा (जय नंद बाबा स्थान संपर्क मार्ग), गुढ़ा कला के मजरा लिलहा पुरवा संपर्क मार्ग और जनपद बिसंडा,ओरन में भौंरी संपर्क मार्ग पर सकरी पुलिया के स्थान पर लघु सेतु के निर्माण की वित्तीय स्वीकृति मिली है। इस क्षेत्रों के लोगो जल्द ही आवागमन में होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

## बच्चों को बांटे चेक

चित्रकूट। सेवा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी बच्चों को मंगलवार को पुरस्कार राशि के चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम में जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार उमेश कुमार, द्वितीय पुरस्कार पार्थ व तृतीय पुरस्कार जोया तथा सामान्य वर्ग में प्रथम पुरस्कार विनय कुमार, द्वितीय पुरस्कार शमा खान व तृतीय पुरस्कार प्रवीण दत्त नामदेव को प्रदान किया गया। इस दौरान संयुक्त निदेशक पर्यटन आर.के. रावत व उप जिलाधिकारी अजय कुमार ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं।

## समाधान दिवस का आयोजन

चित्रकूट। चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण सचिव अजय कुमार यादव ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्रांतर्गत स्वीकृत भवन मानचित्र के त्वरित निस्तारण के लिए प्राधिकरण द्वारा माह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन अपराह्न 01:00 से 05:00 बजे तक जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में किया जाता है। बताया कि माह जनवरी में मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन 15, 22 एवं 29 जनवरी को होगा। जिसमें संबंधित विभाग एवं सभी अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकारों द्वारा भवन मानचित्र की आपत्तियों का तत्काल निराकरण करते हुए भवन मानचित्र स्वीकृत की कार्यवाही संपन्न की जाएगी।

## कल रहेगा अवकाश

चित्रकूट। जनपद न्यायाधीश शेषमणि ने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा 15 जनवरी बृहस्पतिवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित करते हुए उसके एवज में किसी चतुर्थ शनिवार को न्यायिक कार्य के लिए न्यायालय खोले जाने के निर्देश दिए गए है। जिसके क्रम में 15 जनवरी को जनपद के सभी न्यायालयों में अवकाश रहेगा तथा इसके एवज में आगामी 23 मई चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी न्यायालयों को न्यायिक कार्य के लिए खोला जाएगा।

# युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए विद्यार्थी परिषद ने कराया क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राजापुर नगर में युवा पखवाड़ा के अंतर्गत तुलसी इण्टर कॉलिज में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना का विकास करना एवं उन्हें स्वस्थ जीवन शैली की ओर प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील मिश्रा ने कहा कि आज के युवाओं के लिए खेलकूद अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का भी विकास होता है। कहा कि अभाविप द्वारा युवाओं को खेलों से जोड़ने का यह प्रयास सराहनीय है, जो एक स्वस्थ, सशक्त एवं जागरुक समाज के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। अभाविप के तहसील संयोजक प्रशांत त्रिपाठी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती रही है। खेलो भारत जैसे कार्यक्रम युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना का संचार करते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी निभाकर अपने व्यक्तित्व का समग्र विकास करें। इस दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री संकल्प कुशवाहा, तहसील सह संयोजक पीयूष त्रिपाठी, कर्वी नगर मंत्री आनंद जायसवाल, नगर सह मंत्री आदर्श सिंह परिहार, पुष्पेंद्र निषाद, जितेंद्र शुक्ला, युवराज तिवारी, सौरभ त्रिपाठी, जल्मेश यादव आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में कर्वी नगर इकाई के बैजनाथ भारद्वाज विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज में सभी विद्यार्थियों के साथ सामूहिक वन्देमातरम कराया गया, जिसमें 500 से अधिक शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अंश प्रताप यादव, पूर्व तहसील सह संयोजक दुर्गेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# पुस्तकों में पढ़कर, व्याख्यान सुन कर संघ को नहीं समझ सकते, इसके लिए नियमित आएं शाखा: प्रवीण

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को पुस्तकों में पढ़कर अथवा व्याख्यान सुनकर नहीं समझा जा सकता है, यदि संघ को समझना है तो शाखा में आकर समझ सकते हैं। वह भी नियमित रूप से। संघ शाखा, व्यक्ति निर्माण की अभिनव पद्धति है। यह विचार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मध्य क्षेत्र संपर्क प्रमुख प्रवीण गुप्त ने महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित युवा सम्मेलन में युवाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मझगंवा खंड चित्रकूट के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में आरएसएस के मध्य क्षेत्र संपर्क प्रमुख प्रवीण गुप्त ने कहा कि किसी भी सकारात्मक कार्य को करने वाले व्यक्ति या संगठन की पहले उपेक्षा, उपहास व विरोध होता है। बाद में उस सकारात्मक कार्य की स्वीकार्यता होती है। ऐसा ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ भी हुआ है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण 100 वर्ष पूर्व नागपुर की पहली शाखा से आज देश के गांव और नगरों में 80 हजार से अधिक शाखाओ की नियमित संचालन समाज की स्वीकार्यता से संभव हुआ है। कहा कि स्वामी विवेकानंद कहते थे कि आगामी 50 वर्षो तक भारत वासी केवल भारत माता की उपासना करे, तो भारत पुनः परम वैभवशाली होगा।

इन्हीं विचारों और आदर्शों को अपनाते हुए सदैव से संघ कार्य करता चला आ रहा है। उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन द्वारा समाज परिवर्तन का लक्ष्य लेकर सकारात्मक कार्य करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व बोध और नागरिक कर्तव्य बोध को अपनाकर हम सभी राष्ट्र सेवा में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। इस दौरान खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और युवकों के बीच संघ से संबंधित विषयों पर चर्चा सत्र भी आयोजित किए गए। इस मौके पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो आलोक चैबे, आरएसएस के सतना जिला कार्यवाह संतोष कुमार गुप्त सहित डॉक्टर, प्रोफेसर, इंजीनियर, व्यापारी, उद्यमी, किसान, अधिवक्ता आदि मौजूद रहे।

# आतंक के सौदागरों पर गैंगस्टर एक्ट में सजा व जुर्माना

जन एक्सप्रेस | बांदा



उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 (गैंगस्टर एक्ट) के अंतर्गत कुख्यात अपराधियों के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर कोर्ट ने दो शातिर माफ़्याओं को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को 07-07 वर्ष के कठोर कारावास तथा ?5000-?5000 के अर्थदंड से दंडित किया है।अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में दोनों को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सजा सुनाए जाने के बाद दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध सजायबी वारंट जारी कर उन्हें कारागार भेज दिया गया।विशेष लोक अभियोजक (गैंगस्टर एक्ट) सौरभ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक विवेकानंद तिवारी द्वारा दिनांक 10 अक्टूबर 2011 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अभियुक्त जावेद उर्फ बुद्धू पुत्र जाकिर अली, निवासी लोहार तलैया तथा असलम पुत्र बाबू हनीफ निवासी खाई पार, थाना कोतवाली नगर के विरुद्ध मु0अ0सं0 918द्2011, धारा 2द्3 गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था।अभियोजन के अनुसार अभियुक्तों का एक संगठित आपराधिक गिरोह है, जिसका सरगना जावेद उर्फ बुद्धू है जबकि असलम उसका सक्रिय सदस्य है। यह गिरोह अवैध असलहों के बल पर हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, चोरी एवं राहजनी जैसे संगीन अपराधों को अंजाम देकर अवैध धन अर्जित करता रहा है। जावेद उर्फ बुद्धू के विरुद्ध 05 से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे, जबकि असलम के विरुद्ध 04 संगीन मुकदमे पहले से दर्ज हैं।गैंगस्टर एक्ट के इस मुकदमे की विवेचना निरीक्षक हवलदार सिंह द्वारा की गई। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 04 गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रभावी पैरवी, साक्ष्यों के गहन अवलोकन एवं ठोस अभियोजन के आधार पर अपर सत्र विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर कोर्ट) एडीजे प्रदीप कुमार मिश्रा ने दोनों अभियुक्तों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

विशेष लोक अभियोजक सौरभ सिंह ने बताया कि वर्ष 2011 में इस गिरोह ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या की थी, जिसका मुकदमा अभी न्यायालय में विचाराधीन है। इन अपराधियों के आतंक के कारण आसपास के जनपदों में दहशत का माहौल था और भयवश कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने या गवाही देने का साहस नहीं कर पाता था।मुकदमें के वादी द्वारा अभियुक्तों का गैंग चार्ट तैयार कर जिलाधिकारी से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। न्यायालय ने अपने आदेश में इन अपराधियों को दुर्दांत, शातिर और समाज के लिए अत्यंत खतरनाक करार दिया।

## पुलिस ने चोरी की घटना का किया पर्दाफाश

जन एक्सप्रेस/बांदा। जनपद पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा वंचित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा कार्यवाही के क्रम में कमासिन थाना पुलिस के द्वारा घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 4 अभियुक्तों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया है। बता दे कि कमासिन थाना क्षेत्र के महेड गांव में राधेश्याम पुत्र ननकू के घर में अज्ञात चोरों ने पिछले 24 व 25 दिसंबर की मध्य रात्रि ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके संबंध में तहरीर के आधार पर कमासिन थाने में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में कमासिन थाना पुलिस के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभिलेखों को पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर चार अभियुक्त धर्मेंद्र कुमार पुत्र जवाहरलाल, सत्येंद्र कुमार पुत्र छेदीलाल,आशीष पुत्र मोहन, व आशीष पुत्र हरछठिया निवासी चारों गौरा लखनपुर थाना कमासिन को कमासिन राजापुर मार्ग से गिरफ्तार किया गया है।

# पहलवान शत्रुघन बछेउरा ने पहलवान छोटू आगरा को किया चारों खाने चित्त

जन एक्सप्रेस | बांदा

पैलानी तहसील अंतर्गत बंबिया के मजरा भड़ौली गांव में आयोजित एकदिवसीय विशाल दंगल में पहुंचे सब इंस्पेक्टर चिल्ला केशव सिंह व समाजसेवी महेश द्विवेदी व सब इंस्पेक्टर चिल्ला मनोज शर्मा ने बजरंगबली हनुमान की पूजा अर्चना कर फीता काट कर दंगल का शुभारंभ कराया। दंगल में पहुंचे महंत कुरसेजा धाम परमेश्वर दास जी महाराज,सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के भतीजे अनंत यश द्विवेदी, थाना प्रभारी चिल्ला अनूप दुबे, जिला पंचायत सदस्य भरत सिंह,भाजपा नेता मंदीप तिवारी, प्रबंधक संजय सिंह पटेल,कमल भाई, अंकुश दीक्षित, प्रधान अरुण सिंह पटेल सैमरी, पूर्व प्रधान बंबिया बुद्धविलाश यादव, प्रधान प्रतिनिधि बरेठीकला सुरेंद्र सिंह, सिंघौली प्रधान अरुण शुक्ला का माल्यार्पण कर स्वागत किया। महंत परमेश्वर दास जी महाराज ने युवाओं से कहा कि नशा मुक्त होकर समाज का नव निर्माण करें आगे कहा कि बुंदेलखंड की धरा हमारा जनपद कुश्ती कला की खांन है,इसे जीवंत रखने की सतत् आवश्यकता है।अयोध्या के हनुमान गढी के पहलवान लक्ष्मणदास ने ग्वालियर मध्यप्रदेश के टाइगर पहलवान को चारों खाने चित कर दिया।महिला कुश्ती में अन्नू कानपुर ने नैना लखनऊ को कला जंग दांव लगाकर चारों खाने चित कर दिया।पिंटू मथुरा ने सुरेश फिरोजाबाद को निकाल दांव लगाकर चारों खाने चित कर दिया। शत्रुघ्न पहलवान बछेउरा ने छोटू पहलवान आगरा को चित किया। हरिद्वार के पहलवान स्टील बांडी ने कुलदीप हरियाणा को चित किया। अभिलाश पलरा ने भगवती सिंघौली को चारों खाने चित कर दिया।

# भ्रष्टाचारी जिला पंचायत अध्यक्ष पर कार्यवाही न होने से योगी सरकार हो रही बदनाम

जन एक्सप्रेस | बांदा



आपको बताते चलें कि मामला जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल का है जिस पर करीब साढ़े छः करोड़ के भ्रष्टाचार के आरोप जांच में तय हुऐ हैं और ये जांच कोई और नहीं बल्कि जिला पंचायत सदस्यों की शिकायत पर चित्रकूटधाम मण्डल के आयुक्त ने तीन सदस्यीय टीम द्वारा मामले की खुद जांच कराई जिसमे जिला पंचायत अध्यक्ष के ऊपर भ्रष्टाचार सिद्ध भी हुआ। लेकिन इसके बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई।जिला पंचायत सदस्यों की दोबारा शिकायत पर शासन ने महोबा जिलाधिकारी से जांच कराई उसमें भी सुनील पटेल के ऊपर भ्रष्टाचार सिद्ध हुआ व दोषी भी पाऐ गये लेकिन आज तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई।जिससे आहत हो जिला पंचायत सदस्यों ने जिला पंचायत के अटल वाटिका में क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है और चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही दोषी जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल पर कार्यवाही नहीं हुई तो हम आमरण अनशन करने पर मजबूर हो जाएंगे।आज छठवें दिन भी क्रमिक अनशन जारी रहा। जिला पंचायत अध्यक्ष के मामले में कार्यवाही न करना या देर से करना सीधे सूबे के ईमानदार व न्याय प्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम यहां जनता के जबान पर बार बार आ रहा है कि ऐसे भ्रष्ट जिला पंचायत अध्यक्ष पर मुख्यमंत्री कार्यवाही क्यूं नहीं कर रहे। आखिर कौन है इसके पीछे? कुछ गुप्त सूत्रों का मामना है कि जिला पंचायत अध्यक्ष के ऊपर एक बड़े रसूखदार मंत्री का हाथ है जो भ्रष्टाचारी जिला पंचायत अध्यक्ष को बार बार बचा रहा है।जिला पंचायत सदस्यों धीरज सुजाता राजपूत,भरत सिंह, सदाशिव अनुरागी,नीरज प्रजापति आदि का कहना है कि जिला पंचायत अध्यक्ष अपने कुछ निजी जिला पंचायत सदस्यों को विकास कार्यों का निर्माण व टेंडर दिलाते हैं और हम लोग भाजपा के होकर भी इधर उधर भटक रहे हैं हमारी कोई भी सुनने वाला नहीं है।हम अपनी सरकार में भी मायूस हैं।जिस जनता ने हमें यहां अपना मतदान देकर भेजा है वो हमसे पूंछते है कि हमारे क्षेत्र में विकास कार्य कब होंगे। लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष के भ्रष्ट रवैये ने हमें बिल्कुल लड़ने के लिए मजबूर कर दिया। और हमें अभी भी अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा भरोसा है वो जल्द ही मामले में संज्ञान ले भ्रष्टाचारी जिला पंचायत अध्यक्ष पर कार्यवाही करेंगे।



### सनातन धर्म को मिटाना आसान नहीं...

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति, लोगों की आस्था को खत्म करना आसान नहीं है। अमित शाह ने सोमनाथ मंदिर के बीती सदियों में बार-बार तोड़े जाने और 16 बार पुनर्निर्माण का हवाला दिया। शाह ने कहा... पढ़ें पेज 12 पर...

# महात्मा गांधी के नाम पर लूट की योजनाओं के विरोधी हैं, उनके नहीं : केशव प्रसाद मौर्य

- लखनऊ में विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान में बोले उप मुख्यमंत्री, कहा- 125 दिन रोजगार और डीबीटी पर कांग्रेस को आपत्ति क्यों

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर में आयोजित विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान के भव्य कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों का मजबूती से पक्ष रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हम महात्मा गांधी के विरोधी नहीं हैं, बल्कि उनके नाम पर लूट करने वाली कांग्रेस की योजनाओं के विरोधी हैं। उन्होंने मनरेगा का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2006 में शुरू हुई इस योजना में करीब 11 लाख करोड़ रुपये खर्च हो गए, लेकिन अपेक्षित विकास नहीं हुआ। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता, सुशासन, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत और विकसित गांव की परिकल्पना को साकार करने के लिए जी राम जी 2025 कानून देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद से पारित कर राष्ट्र को समर्पित किया गया है। यह कानून गरीब, वंचित और श्रमजीवी वर्ग के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर गरीब को 100 दिन की जगह 125 दिन का काम मिले तो इसमें गलत क्या है। मजदूरी का भुगतान 60 दिन में गारंटी से हो और डीबीटी के जरिए सीधे खाते में पैसा जाए, इसमें कांग्रेस को दर्द क्यों हो रहा है। उन्होंने बताया कि योजना में बायोमेट्रिक सत्यापन, जीआईएस आधारित मोबाइल एप और फेस रीडिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग होगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों में रोजगार मिलने से पलायन रुकेगा और गांवों का समग्र विकास होगा। उन्होंने रामराज्य की अवधारणा को न्याय, सेवा, समानता और सुशासन से जोड़ते हुए कहा कि आज की नीतियों में यह साकार हो रही है। कार्यक्रम में किरेन रिजिजू, पंकज चौधरी, सुरेंद्र सिंह नागर, ब्रजेश पाठक, धर्मपाल सिंह, ओम प्रकाश धनखड़, स्वतंत्रदेव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, ओम प्रकाश राजभर, संतोष सिंह और भूपेंद्र सिंह चौधरी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# यूपी ने केंद्र के प्री-बजट बैठक में रखी 1.3 लाख करोड़ से ज्यादा की मांग



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

केंद्रीय बजट 2026-27 से पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार के सामने अपने विकास एजेंडे की लंबी फेहरिस्त रख दी है। प्री-बजट बैठक में राज्य ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एम्स की स्थापना, बुंदेलखंड में आईआईटी खोलने और कई शहरों में मेट्रो विस्तार सहित स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी विकास और जल संरक्षण से जुड़ी प्रमुख परियोजनाओं के लिए करीब 1.30 लाख करोड़ रुपये के केंद्रीय सहयोग की मांग की है। राज्य के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ हुई बैठक में कहा था कि उत्तर प्रदेश तेजी से प्रगति कर रहा है, लेकिन इसकी विशाल आबादी और क्षेत्रफल को देखते हुए केंद्र का सहयोग बेहद जरूरी है। बैठक में यूपी सरकार ने लखनऊ, कानपुर और आगरा में मेट्रो विस्तार के साथ-साथ नए शहरों में मेट्रो नेटवर्क विकसित करने के लिए कुल 32,075 करोड़ रुपये की आवश्यकता बताई। इसके अलावा 17 नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के लिए 1,005 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता मांगी गई है। यूपी ने जल जीवन मिशन के तहत 33,300 करोड़ रुपये की मांग रखते हुए बताया कि राज्य में अब तक 40,955 परियोजनाएं स्वीकृत हो चुकी हैं, जिनकी कुल लागत 1,53,876 करोड़ रुपये है। इसके सापेक्ष केंद्र सरकार ने 71,221 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी तय की थी, लेकिन अब तक केवल 38,456 करोड़ रुपये ही जारी किए गए हैं। वित्त मंत्री ने शेष करीब 33,300 करोड़ रुपये शीघ्र जारी करने की मांग की, ताकि परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जा सके। इसके अलावा 60,000 तालाबों के पुनर्जीवन और ग्रे-ब्लैक वॉटर के निस्तारण के लिए 6,000 करोड़ रुपये की जरूरत बताई गई। पीएमश्री योजना के तहत स्कूलों के उन्नयन के लिए 855 करोड़ रुपये की मांग भी केंद्र के सामने रखी गई।

### जीएसटी से जुड़े मुद्दे भी उठाए

वित्त मंत्री खन्ना ने बैठक में यह मुद्दा भी उठाया कि 16वें वित्त आयोग के बाद केंद्रीय करों के विभाज्य पूल में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 19.67 प्रतिशत से घटकर करीब 17.93 प्रतिशत रह गई है, जिससे राज्य को लगातार राजस्व नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि सीमित वन क्षेत्र होने के बावजूद उत्तर प्रदेश ने बड़े पैमाने पर पौधरोपण कर राष्ट्रीय हित में योगदान दिया है, इसलिए केंद्र से न्यायसंगत हिस्सेदारी की अपेक्षा है। बैठक में जीएसटी से जुड़े मुद्दे भी उठाए गए। यूपी ने पान मसाला और तंबाकू उत्पादों पर कर संग्रह में भारी गिरावट का जिक्र करते हुए क्षमता आधारित या उत्पादन आधारित कर प्रणाली पर पुनर्विचार की मांग की। यूपी सरकार ने स्पष्ट किया कि यदि केंद्रीय बजट में इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया गया, तो राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन और बुनियादी ढांचे का व्यापक विस्तार संभव होगा और 'उत्तम प्रदेश' के लक्ष्य को नई गति मिलेगी।

### यूरिया के साथ गैर-अनुदानित उर्वरकों की टैगिंग पर प्रतिबंध

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों के हितों की रक्षा करते हुए प्रदेश में यूरिया के साथ गैर-अनुदानित उर्वरकों की 'टैगिंग' को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है। शासन द्वारा यह निर्णय उन शिकायतों के बाद लिया गया है जिनमें यूरिया आपूर्ति करने वाली कंपनियां अपने डिस्ट्रीब्यूटर्स और रिटेलर्स के माध्यम से किसानों को यूरिया के साथ अन्य महंगे और गैर-जरूरी उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य कर रही थीं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश का कोई भी किसान अब केवल अपनी आवश्यकतानुसार अनुदानित उर्वरक खरीदेगा और उस पर अतिरिक्त उत्पाद थोपा नहीं जाएगा।प्रदेश में यूरिया की आपूर्ति करने वाली कंपनियों द्वारा टैगिंग की कुप्रथा को रोकने के लिए शासन स्तर पर सात बार विभिन्न स्थानों पर कंपनियों के प्रतिनिधियों, होलसेलरों और रिटेलरों के साथ बैठकें की गई थीं। किसानों को यूरिया के साथ अन्य उत्पाद न दिए जाएं। इन निर्देशों के बावजूद जनपदों से शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि कृषकों को यूरिया के साथ अन्य गैर-अनुदानित उत्पाद लेने के लिए विवश किया जा रहा है।

# एसआईआर के नाम पर एनआरसी लागू कर रही है भाजपा, बन रहे हैं फर्जी वोटर : अखिलेश यादव



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की आड़ में धांधली करने और फर्जी वोटर बनाने की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपवित्र करने का प्रयास है, जिसे सपा सफल नहीं होने देगी। मंगलवार को कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश ने चेतावनी दी कि यदि भाजपा से जुड़े लोग वोट बनाने की प्रक्रिया में हेराफेरी करते पकड़े गए तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसके लिए पार्टी सभी बूथ प्रभारियों को एफआईआर का प्रारूप भेज रही है ताकि हर स्तर पर निगरानी रखी जा सके। अखिलेश यादव ने एसआईआर को सीधे तौर पर एनआरसी करार दिया और कहा कि चुनाव आयोग से वह काम कराया जा रहा है जो गृह मंत्रालय का था। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा चार करोड़ वोट कटने की स्वीकारोक्ति को मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का सबूत बताया। सपा अध्यक्ष ने केंद्रीय और राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों में भारी अंतर पर भी सवाल उठाए। केंद्रीय निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रदेश में 12 करोड़ 56 लाख मतदाता हैं, जबकि राज्य की सूची में अकेले ग्रामीण क्षेत्रों में 12 करोड़ 69 लाख मतदाता दर्ज हैं। शहरी मतदाताओं को जोड़ने पर यह संख्या 17 करोड़ से अधिक हो जाती है। उन्होंने पूछा कि जब बीएलओ और अधिकारी वही हैं तो आंकड़ों में इतना अंतर कैसे हो सकता है।

### भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप

भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए अखिलेश यादव ने दावा किया कि प्रदेश की जनता उनके साथ नहीं है। उन्होंने भाजपा पर भूमाफिया की तरह काम करने और सरकारी व गरीबों की जमीनों पर अवैध कब्जे कराने का आरोप लगाया। अखिलेश के अनुसार, हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है और 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का कोई नामोनिशान नहीं रहेगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से पार्लर संचालिका की हुई मौत


**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के दुबग्गा थाना क्षेत्र में सोमवार को ट्रेन की चपेट में आने से ब्यूटी पार्लर संचालिका की मौत हो गई। बता दें कि वह पार्लर बंद करके घर जा रही थी, भमरौली क्रॉसिंग के पास ट्रेन की चपेट में आ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वही मूल रूप से हलियापुर, अमेठी निवासी पूजा दुबे उम्र (30) वर्ष पत्नी प्रदीप दुबे लखनऊ में शाहपुर भमरौली दुबग्गा में पति और 5 साल के बेटे प्रबल के साथ रहती थी, मूल रूप से हलियापुर, अमेठी निवासी पूजा दुबे (30) पत्नी प्रदीप दुबे लखनऊ में शाहपुर भमरौली दुबग्गा में पति और 5 साल के बेटे प्रबल के साथ रहती थी, घर से 200 मीटर दूर किराए की दुकान लेकर पूजा ब्यूटी पार्लर और कॉस्मेटिक की दुकान चलती थी।

# नोटिस की मियाद खत्म... फिर भी अतिक्रमण जस का तस

- जोन-2 अफसर को 'याद नहीं', पुलिस-बुलडोजर गायब
- क्या नगर निगम ने माफिया से कर ली डील?

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




नगर निगम लखनऊ के ज़ोन-2 कार्यालय की कार्यप्रणाली पर अब सीधे सवाल खड़े हो गए हैं। आईजीआरएस शिकायत संख्या 40015725125842 पर 24 दिसंबर 2025 को जारी सरकारी आदेश में अतिक्रमणकर्ता को 15 दिन का नोटिस देकर अवैध कब्जा हटाने और समय पूरा होने पर पुलिस बल के साथ कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश थे। लेकिन हकीकत यह है कि नोटिस की मियाद खत्म हुए 20 दिन से हो चुके हैं और अतिक्रमण अब भी जस का तस खड़ा है।

### फाइलों में कार्रवाई, ज़मीन पर सन्नाटा

ज़ोनल अधिकारी संजय यादव द्वारा दी गई आख्या में साफ लिखा गया था कि 'नोटिस की अवधि पूर्ण होने पर पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया जाएगा।' इसके बावजूद न तो पुलिस बुलाई गई और न ही बुलडोजर चला। सवाल यह है कि जब आदेश फाइल में मौजूद है, तो ज़मीन पर क्यों नहीं दिखा?

### फोन पर अफसर बोले— 'याद नहीं, देखना पड़ेगा'

जब इस संबंध में ज़ोनल अधिकारी संजय यादव से संपर्क किया गया और पूछा गया कि '15 दिन की मियाद पूरी हो चुकी है, फिर कार्रवाई क्यों नहीं हुई?' तो उनका जवाब था 'मुझे याद नहीं है... देखना पड़ेगा।' यही अधिकारी नोटिस जारी कराने और कार्रवाई कराने के लिए जिम्मेदार हैं।

### न शिकायतकर्ता से बात, न मौके पर गए अफसर

नगर निगम की रिपोर्ट में कहीं यह दर्ज नहीं है कि शिकायतकर्ता से बातचीत हुई, मौके का भौतिक सत्यापन किया गया, या किसी गवाह से बयान लिया गया। पूरी प्रक्रिया कागजों में बैठकर पूरी कर दी गई।

### अब सवाल नगर निगम की साख पर

यह मामला अब केवल एक अतिक्रमण का नहीं रहा, बल्कि नगर निगम की ईमानदारी और जवाबदेही पर सीधा सवाल बन चुका है। अगर जल्द ही पुलिस बल के साथ कार्रवाई नहीं हुई, तो यह प्रशासनिक मिलीभगत का बड़ा उदाहरण माना जाएगा।

### आईजीआरएस पर खानापूर्ति रिपोर्ट डालकर मामला निपटाने की कोशिश

नगर निगम ने आईजीआरएस पोर्टल पर लिख दिया 'नोटिस दे दिया गया है।' जबकि कानून कहता है कि नोटिस के बाद कार्रवाई अनिवार्य है। नोटिस के बाद भी अवैध कब्जा बना रहना प्रशासनिक निष्क्रियता और संरक्षण की ओर इशारा करता है।

### गरीब पर सख्ती, अतिक्रमण माफिया पर मेहरबानी

लखनऊ में गरीब की झोपड़ी, दुकानदार की दुकान और मकानों की बालकनी तक बिना देर किए सील और तोड़ी जाती हैं। लेकिन यहां पूरा अवैध निर्माण खड़ा है और ज़ोन-2 कार्यालय आंख मूंदे बैठा है।

# प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर का असर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



मौसम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। मंगलवार को कई जिलों में शीत लहर चली। मुजफ्फरनगर में न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री दर्ज किया गया। यह प्रदेश में सबसे ठंडा जिला रहा। दूसरे नंबर पर 2.9 डिग्री तापमान के साथ मेरठ रहा। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद हवा की दिशा पुनः परिवर्तित होकर उत्तरी पश्चिमी हो गई है। इससे बीते 48 घंटों के दौरान प्रदेश के ज्यादातर भागों में दिन और रात के तापमान में 2-4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। राजधानी लखनऊ में इस सीजन का सबसे कम तापमान 5.6 डिग्री दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं न्यूनतम तापमान 4 डिग्री से काफी नीचे चले जाने से मेरठ, मुजफ्फरनगर और बरेली में शीतलहर चली। आगामी 48 घंटों के दौरान इसमें कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आगरा, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद एवं रूहेलखंड मंडल के जिलों में कहीं-कहीं आज रात भी शीतलहर के साथ पाला पड़ने की भी संभावना बनी हुई है। यद्यपि इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उत्तरी तराई इलाकों व सुदूर दक्षिणी इलाकों में कहीं-कहीं सुबह भोर के समय संभावित घने कोहरे के आसार हैं। लेकिन दिन चढ़ने के साथ तेजी से छंट जाने से दिन में धूप निकलेगी जिससे ठंड से मिलेगी।

### 15 जनवरी से बढ़ सकता है पारा

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी दो उत्तरोत्तर पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से प्रदेश के न्यूनतम तापमान में 15 जनवरी से 3-4 दिनों के दौरान 3-5 डिग्री की वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जारी वर्तमान शीत लहर के दौर से निजात मिल सकती है और कोहरे के क्षेत्रफल व घनत्व में बढ़ोतरी के आसार हैं। हालांकि दिन चढ़ने के साथ कोहरा छंटने से दिन में मौसम खुशगवार रहेगा। उक्त पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से 18 जनवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश हो सकती है जिसके अगले 2-3 दिनों के दौरान बढ़ने के आसार हैं।

### शीत लहर की संभावना वाले जिले

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल और आसपास।

### माघ मेला में त्वरित फायर सर्विस कार्रवाई से आग पर पाया गया काबू

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

माघ मेला में फायर सर्विस की सक्रियता के चलते मेला क्षेत्र में लगी आग पर त्वरित काबू पा लिया गया। प्रयागराज में मंगलवार दिनांक को मेला क्षेत्र अंतर्गत थाना झूँसी, सेक्टर-05 में श्री राम नाम एवं मानव प्रचार संघ, निकट संगम लोवर चौराहा स्थित संस्था परिसर में विद्युत आपूर्ति के दौरान लाइट फ्लक्चुएशन के कारण शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटना हुई।घटना की सूचना 17:45 बजे प्राप्त होते ही घटनास्थल के निकट ड्यूटीरत दो-पहिया फायर वाहन तत्काल मौके पर पहुँचा। मात्र 2 मिनट के भीतर फायर सर्विस के 6 वाहन घटनास्थल पर पहुँच गए, तत्परता से अग्निशमन कार्यवाही प्रारम्भ की गई।माघ मेला पुलिस के मुताबिक इस आगजनी की घटना में 2 छोलदारियाँ जलने की सूचना है। जनहानि अथवा अन्य संपत्ति की क्षति नहीं हुई है।

# वीबी-जी राम जी मजदूर किसान और गांव के विकास का मंत्र : पंकज चौधरी

- कांग्रेस और इंडी गठबंधन को विकसित भारत और श्रीराम के नाम से नफरत क्यों

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भारतीय जनता पार्टी वीबी-जी राम जी अधिनियम में निहित गांव, गरीब और किसान के चहुंमुखी विकास, आर्थिक उन्नति और समृद्धि की प्रतिबद्धता को लेकर गांव, गली, मजरो, चौपालों पर पहुंचकर जनसंवाद करेगी। एनडीए की कार्यशाला में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि विकसित भारत वीबी-जी राम जी मजदूर किसान और गांव के विकास का मंत्र है और कांग्रेस के भ्रष्टाचार का अंत है। वीबी-जी राम जी से भ्रष्टाचार खत्म होगा गांव का विकास होगा ग्रामीण क्षेत्र में नए इंफ्रास्ट्रक्चर खड़े होंगे। जब गांव का विकास होगा तो देश का भी विकास होगा और देश विकसित भारत की ओर तेजी से अग्रसर होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले 11 वर्षों में ग्रामीण भारत की दशा और दिशा दोनों को बदलने का ऐतिहासिक कार्य किया है। आज देश में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, यह केवल आंकड़ा नहीं बल्कि नीतियों की सफलता और गरीब के प्रति सरकार की संवेदनशीलता का प्रमाण है। हमारी सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि हर गरीब को रोजगार मिले, उसकी गरिमा का सम्मान हो। विकास का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।श्री चौधरी ने कहा कि आज सवाल यह है कि आखिर कांग्रेस और इंडी गठबंधन को विकसित भारत और भगवान श्रीराम के नाम से इतनी नफरत क्यों है? कांग्रेस चाहे कितनी साजिशें कर ले, भारत 2047 तक विकसित भारत बनकर रहेगा। इस संकल्प को कोई नहीं रोक सकता। वीबी-जी राम जी के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को हर वर्ष 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी जाएगी। वन क्षेत्रों में कार्य करने वाले कामगारों को अतिरिक्त 25 दिन का रोजगार मिलेगा। काम के दिन बढ़ेंगे और साथ ही मजदूरी का भुगतान भी पहले से कहीं अधिक तेज़ होगा। मनरेगा के विपरीत, इस नए कानून में हर सप्ताह भुगतान का प्रावधान किया गया है।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कार्यशाला में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे पार्टी संगठन की योजनानुसार गांव-गांव व जन-जन तक वीबी-जी राम जी से आमजन को मिलने वाले लाभ के बारे में बताकर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और झूठ का पर्दाफाश करें।

### इटौंजा पशु चिकित्सालय का अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र अंतर्गत इटौंजा चिकित्सालय का अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कान्हा गौशाला महोना में अपर निदेशक लखनऊ मंडल डॉ अजय कुमार कन्नौजिया ने गौ माता का माला फूल एवं चन्दन लगाकर पूजन किया और सभी गायों को गुड़ खिलाया। वही पशुचिकित्सालय इटौंजा का निरीक्षण भी किया। इस दौरान डॉ सुनील कुमार राय, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग के द्वारा उनके स्वर्गीय पिताजी की पुण्यतिथि के अवसर पर समस्त गोपालक जनों को कंबल वितरण कियें। इस मौके पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, अधीक्षक पालीक्लीनिक डॉक्टर रामसागर मिश्रा,पशुचिकित्सा अधिकारी इटौजा डॉ राहुल कुमार दुबे, वेटिरिनरी फार्मासिस्ट अजय कुमार द्विवेदी, पशुधन प्रसार अधिकारी अनामिका यादव एवं अन्य कर्मचारी मौके पर मौजूद रहें। इस दौरान डॉ सुनील कुमार राय के द्वारा कंबल वितरण का कार्यक्रम अकोहरी गोशाला में भी किया गया।

# भिठौली से बजेगा सत्ता का बिगुल

- शिवपाल की हुंकार, अखिलेश की वापसी का एलान - सीतापुर में 15 जनवरी को सपा का महाशक्ति प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




**बिसवां।** समाजवादी पार्टी अब आर-पार की लड़ाई के मूड में आ चुकी है। नेताजी मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि के बहाने 15 जनवरी 2026 को भिठौली गांव में होने जा रहा विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन और खिचड़ी भोज, दरअसल भाजपा सरकार के खिलाफ सपा का पहला बड़ा रणघोष माना जा रहा है। इस महासंग्राम के मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव होंगे। कार्यक्रम की पूरी कमान पूर्व जिला अध्यक्ष एवं विसवां से सपा के मजबूत नेता अशोक यादव के हाथ में है। दोपहर 12 बजे से शुरू होने वाले इस आयोजन में हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ने का अनुमान है।

### सीतापुर में शिवपाल की एंट्री- दिल्ली-लखनऊ तक संदेश

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि शिवपाल यादव का सीतापुर पहुंचना सिर्फ दौरा नहीं, बल्कि रणनीतिक सियासी हमला है। यह साफ संकेत है कि समाजवादी पार्टी अब अखिलेश यादव के नेतृत्व में सत्ता में वापसी को मिशन मोड में ले चुकी है।

### गांव से सरकार घेरने की रणनीति

भिठौली जैसे ग्रामीण इलाके को चुनकर सपा ने यह जता दिया है कि 2027 की लड़ाई शहरों से नहीं, गांव-गरीब-किसान से जीती जाएगी यही वह वोट बैंक है जिसने सपा को पहले सत्ता तक पहुंचाया था और अब उसे फिर से जगाने की कोशिश है।

### बिसवां बना सपा का गढ़

इलाके में पोस्टर-बैनर, झंडे और नारे माहौल गर्म कर चुके हैं 'नेताजी अमर रहें' 'समाजवादी पार्टी जिंदाबाद' 'अखिलेश यादव जिंदाबाद' हर गली-चौराहा सपा के रंग में रंग चुका है।

### क्या भिठौली से ढहेगा भाजपा का किला?

राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज है कि अगर यह सम्मेलन उम्मीद के मुताबिक सफल रहा, तो सीतापुर की राजनीति में बड़ा भूचाल आ सकता है। यह आयोजन भाजपा के खिलाफ सपा के जनाधार की पहली बड़ी परीक्षा भी माना जा रहा है।

### कौन हैं कार्यक्रम के सूत्रधार अशोक यादव?

विसवां विधानसभा से सपा नेता और पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव लंबे समय से क्षेत्र में संगठन को फिर से खड़ा करने में जुटे हैं। भिठौली का यह आयोजन उनकी अब तक की सबसे बड़ी सियासी परीक्षा माना जा रहा है।

# स्वच्छता से विकास तक कसा प्रशासन का शिकंजा

जन एक्सप्रेस । अमेठी




जिले में स्वच्छता और ग्रामीण विकास योजनाओं को गति देने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी संजय चौहान ने की। इस दौरान जनपद की ग्राम पंचायतों में संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए डीएम ने स्पष्ट संदेश दिया कि काम में लापरवाही नहीं, गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं। बैठक में डीएम ने ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों, ग्राम सभाओं की बैठकों के आयोजन वार्षिक कार्य योजनाओं, पंचायत भवनों एवं अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण राष्ट्रीय ग्रामस्वराज अभियान, डिजिटल पुस्तकालय परिवार रजिस्टर के डिजिटाइजेशन, पंचायत कल्याण कोष की स्थिति के साथ-साथ पंचायतों में सीसीटीवी कैमरा और पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए जाने की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की। निर्माण कार्यों को लेकर डीएम ने दो टूक कहा कि सभी कार्य तय मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप हों।उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि मानक विहीन या लापरवाहीपूर्ण कार्य किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समयबद्धता और पारदर्शिता को प्रशासन की प्राथमिकता बताते हुए डीएम ने कार्यों को निर्धारित अवधि में पूरा कराने पर जोर दिया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीएम ने बायोगैस प्लांट,एफएस टीपी प्लांट,प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट और गोवर्धन योजना की प्रगति की जानकारी ली।

उन्होंने इन योजनाओं को और अधिक प्रभावी, टिकाऊ और जनोपयोगी बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता और विकास से जुड़ी योजनाओं का सीधा लाभ आमजन तक पहुंचे, इसके लिए विभागीय समन्वय, कड़ी निगरानी और जन सहभागिता बेहद जरूरी है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी मनोज त्यागी, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, बीएससी संजय तिवारी सहित सभी खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**अम्बेडकर नगर।** जनपद में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर जिला अस्पताल परिसर में स्थित ब्लड बैंक में हरिनाथ सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में दो दर्जन से अधिक युवाओं ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का परिचय दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई और देश व समाज की सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को याद करते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष युवराजसिंह ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। रक्तदान जैसे पुण्य कार्य से न केवल जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक संदेश भी देता है। रक्तदान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही, जिन्होंने सभी रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच कर सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने और सेवा, त्याग व राष्ट्रहित को जीवन का लक्ष्य बनाने की अपील की।

# समय पर राशन न मिलने से भड़के ग्रामीण

जन एक्सप्रेस । अमेठी



बहादुरपुर अंतर्गत खरौली ग्राम सभा के कोटेदार के खिलाफ समय पर राशन न देने और लाभार्थियों को परेशान करने के आरोपों को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित पीड़ित राशन कार्ड धारकों ने तहसील तिलोई परिसर में पहुंचकर प्रदर्शन किया और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का आरोप है, कि ग्राम सभा के कोटेदार राजेश कुमार द्वारा नियमित रूप से समय पर राशन वितरण नहीं किया जाता। जब लाभार्थी राशन लेने जाते हैं तो उन्हें कभी सर्वर की समस्या तो कभी केवाईसी न होने का बहाना बनाकर लौटा दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है, कि कई पात्रलाभार्थियों का नाम केवाईसी के नाम पर काट दिया गया, जबकि उनका अंगूठा बैंक, खाद वितरण केंद्र और अन्य सरकारी योजनाओं में सही ढंग से सत्यापित हो रहा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कोटेदार द्वारा राशन कार्ड निरस्त कराने की धमकी दी जाती है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवार भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। पीड़ितों ने यह भी बताया कि मामले की शिकायत करने पर कोटेदार किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है, यहां तक कि जनप्रतिनिधियों की भी अनदेखी की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की, कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाएं तो संबंधित कोटेदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर राशन न मिलने से उनके परिवारों के सामने भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। तहसील प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पीड़ित राशन कार्ड धारक मौजूद रहे।

# यातायात माह में नुक्कड़ नाटक से जागरूकता

जन एक्सप्रेस । अमेठी



सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को जनपद मुख्यालय गौरीगंज में सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।यह कार्यक्रम सड़क सुरक्षा माह के 13वें दिन संपन्न हुआ,जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का आयोजन एआरटीओ एवं पीटीओ अमेठी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। नुक्कड़ नाटक के कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय के जरिए यह दर्शाया कि यातायात नियमों की अनदेखी किस प्रकार जानलेवा साबित हो सकती है।नाटक के माध्यम से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग,निर्धारित गतिसीमा का पालन नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए गए।कलाकारों ने आमजन को यह भी समझाया कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि यदि वाहन चालक यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें तो सड़क हादसों में काफी हद तक कमी लाई जा सकती है।सड़क सुरक्षा माह का मुख्य उद्देश्य लोगों में जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना को विकसित करना है। इस जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।लोगों ने नुक्कड़ नाटक को ध्यानपूर्वक देखा और यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।मौके पर एआरटीओ महेंद्र बाबू सहित परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और आमजन में सड़क सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश गया।

# डीएम ने विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी बनाए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी कार्यालय, उपायुक्त ग्राम्य विकास, एनआरएलएम, डीआरडीए, जिला प्रोबेशन अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित कार्यालयों में पहुंचकर कार्यों की समीक्षा की तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने संबंधित कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों की सेवा पुस्तिकाओं का अवलोकन किया और सभी विभागों को निर्देशित किया कि सेवा पुस्तिकाएं शीघ्र अद्यतन कराई जाएं, जिससे कार्मिकों से जुड़े अभिलेख पूर्णतः सही व अद्यतन रहें।

**सोशल ऑडिट पर विशेष जोर, रिपोर्ट के आधार पर सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश**

जिला विकास अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सोशल ऑडिट की प्रक्रिया को प्रभावी एवं गुणवत्तापरक बनाया जाए तथा प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही डीएम ने कार्यालय में रिक्त 02 एपीओ पदों की भर्ती प्रक्रिया पर जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि भर्ती का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और सभी प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी ब्लॉक रिक्त न रहे।



**आउटसोर्सिंग कर्मियों के वेतन भुगतान में अनियमितता पर डीएम सख्त**

जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मियों के भुगतान की स्थिति की जांच की। निरीक्षण में यह तथ्य सामने आया कि कंपनी द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मियों को पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा, तथा 18 प्रतिशत जीएसटी के नाम पर कर्मचारियों के वेतन से कटौती की जा रही है। जिलाधिकारी ने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए 04 सदस्यीय जांच टीम गठित कर प्रकरण की जांच के निर्देश दिए।

**कार्मिकों के लिए आईडी कार्ड अनिवार्य**

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभागों के कर्मचारियों के पास आईडी कार्ड होना अनिवार्य है। बिना पहचान पत्र के कार्यालय में कार्य करने की स्थिति न हो तथा सभी कार्यालयों में स्टाफ की पहचान एवं अनुशासन सुनिश्चित किया जाए।

**फर्नीचर मरम्मत और कार्यालय व्यवस्था सुधारने के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालयों में अभिलेख व्यवस्था एवं संसाधनों के उपयोग की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी कार्यालयों में पुरानी/अनुपयोगी पत्रावलियों को नियमानुसार बीड आउट कराते हुए अलमारियों का पुनः उपयोग सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पुराने फर्नीचर की मरम्मत कर उसे उपयोग में लाया जाए, जिससे सरकारी संसाधनों का समुचित व प्रभावी उपयोग हो सके।

**डिस्पैच रजिस्टर की नियमित जांच हो**

जिलाधिकारी ने कार्यालयीन पत्र-व्यवहार को व्यवस्थित रखने के उद्देश्य से सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि डिस्पैच रजिस्टर की नियमित जांच कराई जाए, जिससे पत्रावलियों की ट्रैकिंग एवं निस्तारण प्रक्रिया अधिक प्रभावी बन सके। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के अंत में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यालयों में साफ-सफाई, अभिलेखों का समुचित रख-रखाव, समयबद्ध कार्य निष्पादन तथा जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

# भारतीय संस्कृत ज्ञान परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में संस्कार, संस्कृति और राष्ट्र चेतना के पावन उद्देश्य को लेकर अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-2025 के प्रमाण पत्र एवं मेडल वितरण कार्यक्रम मंगलवार को सुंदर दास राम लाल इंटर कॉलेज, बलरामपुर के प्रांगण में श्रद्धा, अनुशासन और आध्यात्मिक वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ।

जानकारी के अनुसार 13 जनवरी को गायत्री शक्तिपीठ बलरामपुर से पधारे भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा समिति के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा कक्षा स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं सपना चौरसिया, दिव्यांशी उपाध्याय, मयंक यादव, अक्षत शुक्ला, मानसी वर्मा, दीपिका उपाध्याय, आस्था सिंह, सिद्धांत उपाध्याय, शिवम मौर्य, शास्वत सिंह, सौरभ शुक्ला, माही कसौंधन, प्रशांत चौरसिया, आदित्य राव, वैष्णवी मिश्रा तथा अदिति सिंह को सम्मानित किया गया। यह परीक्षा बच्चों और युवाओं में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, राष्ट्रभक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना के जागरण का सशक्त माध्यम है।

कार्यक्रम का शुभारंभ भक्तिमय स्वागत गीत ÷किस तरह से नमन करुं आपका, स्वागतं स्वागतं स्वागतं आपका÷ से हुआ, जिसने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। तत्पश्चात मंत्रोच्चारण के साथ टी. पी. तिवारी एवं प्रभास मणि पाण्डेय द्वारा तिलक-वंदन कर अतिथियों का सम्मान किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर अतिथियों का भावपूर्ण अभिनंदन किया।

अपने प्रेरक उद्बोधन में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री एन एन मिश्र ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा बच्चों के भीतर संस्कारों के बीज बोने का कार्य करती है, जिससे वे अनुशासित, चरित्रवान एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक बन सकें। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा समिति के सदस्य शिवकुमार कश्यप, दिलीप श्रीवास्तव एवं सुनील वर्मा की उपस्थिति रही। इस अवसर पर दिलीप श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि जनपद में सर्वाधिक छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म भरने में यह विद्यालय द्वितीय स्थान पर रहा है, जो विद्यालय परिवार के संस्कारमय प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने विद्यालय में बच्चों के आचरण, अनुशासन और सांस्कृतिक चेतना की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री एन एन मिश्र को अंगवस्त्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, वहीं विद्यालय के उप- प्रधानाचार्य लोकेश श्रीवास्तव को भी प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्पूर्ण आयोजन में यह संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर आया कि भारतीय संस्कृति ही जीवन को संस्कारित, समाज को सशक्त और राष्ट्र को महान बनाती है।

## विश्व हिंदू महा सम्मेलन 18 को

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के रमना पार्क में आगामी 18 जनवरी रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा । कार्यक्रम के संयोजक एमएलके पीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय, नीलमणि शुक्ला व मनीष कुमार ने 13 जनवरी को संयुक्त प्रेस वार्ता में बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के वर्ष 100 वर्ष पूर्ण होने पर विजयदशमी पर्व से लगातार कार्यक्रम किया जा रहे हैं। संघ के शताब्दी वर्ष पर पूरे देश में हिंदू सम्मेलन किया जा रहा है। उसी के क्रम में आगामी 18 जनवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बलरामपुर निकट सिटी पैलेस के प्रांगण में दिन में 12 बजे होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमद जगत गुरु स्वामी ओम प्रपन्नाचार्य मानस किंकर होंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम का आयोजन हिंदू जनमानस के द्वारा किया जा रहा है।

# एमडीके बालिका विद्यालय में छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर के एमडीके बालिका इंटर कॉलेज में सोमवार को पूर्व प्रवक्ता एवं शिक्षाविद् स्वर्गीय मिथलेश जायसवाल की स्मृति में प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति हेतु परीक्षा का आयोजन किया गया।

महारानी देवेंद्र कुंवरि बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या साधना पाण्डेय ने 13 जनवरी को बताया कि मिथलेश जायसवाल की स्मृति में विगत तीन वर्षों से उनकी पुत्रवधू समाजसेविका शुचि द्वारा छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के आधार पर कक्षा 10 की दो सर्वोत्तम छात्राओं का चयन किया जाता है, जिन्हें पूर्व प्रवक्ता के पुत्र आशीष कुमार वर्मा द्वारा 2500 एवं 2000 रूपये की धनराशि, मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं। आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर दो चयनित छात्राओं के साथ साथ उनके माता पिता को भी छात्रवृत्ति वितरण समारोह में सम्मानित किया जायेगा। समाज सेविका शुचि ने विद्यालय में बालिकाओं को विज्ञान विषय में मार्गदर्शन प्रदान करने का भी कार्य करती रहती हैं। कक्षा 10 की बालिकाओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया जिसमें शिवाक्षी, सादिया सहित कई अन्य छात्राएं शामिल हैं। परीक्षा में वंदना मिश्रा व अपर्णा सहित कई अन्य शिक्षिकाओं ने सहयोग प्रदान किया।

# जल जीवन मिशन ग्रामीण द्वारा यातायात रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक



जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद में जल जीवन मिशन ग्रामीण परियोजना के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रैली निकाली गई। सड़क दुर्घटना में बढ़ोत्तरी को देखते हुए सरकार ने अहम कदम उठाए है। हर साल जनवरी माह में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है। इसी कड़ी में मंगलवार को अकबरपुर नगर के गाँधी तिराहे से पुरानी तहसील तक एआरटीओ कि अध्यक्षता और सहायक अभियंता पवन कुमार, व यातायात प्रभारी जय बहादुर यादव के नेतृत्व में करीब दो किलोमीटर तक पैदल रैली निकालकर जागरूकता फैलाई गई, यातायात प्रभारी द्वारा लोगों को सड़क सुरक्षा का शपथ भी दिलाया गया और यातायात नियमों का पालन करने वालों को परियोजना के तरफ से चॉकलेट और पेन दे कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

आपको बता दे कि वर्तमान समय में सड़क सुरक्षा एक चिंता का विषय है। बीते कुछ सालों में सड़क दुर्घटना के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। इसको लेकर सरकार ने भी सक्रिय होते हुए कुछ अहम कदम उठाए हैं। हर साल 11 से 17 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। यह सप्ताह लोगों में जागरूकता बढ़ाने और जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाने को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के बीच सड़क सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने और सड़क दुर्घटना के मामलों को कम करने का है।

इस दौरान एआरटीओ सत्येंद्र कुमार सहायक अभियंता पवन कुमार यातायात प्रभारी जय बहादुर यादव परियोजना प्रबंधक सत्येंद्र तिवारी और सुरक्षा अधिकारी शमशाद अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बीसीएम ने 6 तक खरीदे गए गन्ना मूल्य का भुगतान किसानों के बैंक खातों में भेजा

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर की औद्योगिक इकाई बलरामपुर चीनी मिल ने मंगलवार को पेराई सत्र 2025-2026 का 31 दिसंबर 2025 से 06 जनवरी 2026 तक (7 दिन) खरीदे गये गन्ने का गन्ना मूल्य भुगतान 3690.29 लाख रूपये किसानों के बैंक खातों में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 13 जनवरी को बलरामपुर चीनी मिल्स लि0, बलरामपुर द्वारा नये पेराई सत्र 2025-2026 का 31 दिसंबर 2025 से 06 जनवरी 2026 तक (7 दिन) खरीदे गये गन्ने का गन्ना मूल्य भुगतान 3690.29 लाख रूपये किसानों के बैंक खातों में भेज दिया है । चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष के के बाजपेई जी ने बताया कि बलरामपुर चीनी मिल्स लि0, बलरामपुर किसानों की खुशहाली के लिये सदैव प्रतिबद्ध है। गन्ना मूल्य भुगतान में हमारी चीनी मिल गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रदेश में अग्रणी रहेगी। उन्होंने गन्ना किसानों को सुझाव दिया कि अच्छी पेड़ी के खेतों में को0-15023, को0-0118 एवं को0 लख0-14201 प्रजाति की द्वितीय पेड़ी अवश्य रखे, जिससे कम लागत में अच्छी फसल व पैदावार प्राप्त हो।

# डीएवी इंटर कॉलेज में अधिक फीस वसूली के विरोध में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित डीएवी इंटर कालेज के शिक्षक अशोक तिवारी ने पुलिस अधीक्षक तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र देकर प्रबंधक संजय तिवारी पर उनके साथ मारपीट करने तथा क्लास रूम में अभद्रता करने का गंभीर आरोप लगाया है। प्रबंधक ने पूरे आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है।

जानकारी के अनुसार 13 जनवरी को डीएवी इंटर कॉलेज में प्रबंधक पर एक शिक्षक अशोक तिवारी को कक्षा के भीतर थप्पड़ मारने का आरोप लगा है। इस घटना के बाद कॉलेज परिसर से लेकर सड़क तक छात्रों ने जमकर हंगामा किया। पीड़ित शिक्षक अशोक तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को दिए पत्र में कहा है कि वह कक्षा संख्या 16 में प्री-बोर्ड परीक्षा करा रहे थे। इसी दौरान प्रबंधक संजय तिवारी कक्षा में आए और डीआईओएस को छात्रों की फीस की रसीद देने को लेकर विवाद करने लगे। शिक्षक द्वारा डीआईओएस के आदेश का हवाला देने पर प्रबंधक आपा खो बैठे और उन्हें थप्पड़ मार दिया।

उन्होंने जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। घटना से आक्रोशित छात्र शिक्षक के समर्थन में कक्षाओं से बाहर आ गए। पीड़ित शिक्षक स्कूल से निकलकर कोतवाली की ओर भागे और रास्ते में सड़क पर लेटकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छात्रों व शिक्षक को समझा-बुझाकर स्कूल वापस भेजा।

इसी बीच कॉलेज परिसर में छात्रों का प्रदर्शन और तेज हो गया, जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ता भी शामिल हो गए। छात्रों ने प्रबंधक पर अवैध फीस वसूली का आरोप लगाया। उनका कहना था कि निर्धारित फीस लगभग 1200 रुपए है, लेकिन उनसे करीब 4500 रुपए वसूले जा रहे हैं। फीस बढ़ोतरी को लेकर छात्रों का गुस्सा और भड़क गया, जिसके बाद भारी पुलिस बल तैनात किया गया ।एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ छात्र सड़क पर उतर आए और कॉलेज गेट पर ताला लगा दिया । प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक चंदन कुमार पांडे मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्रों से ज्ञापन लिया और पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद स्थिति शांत हुई। पीड़ित शिक्षक अशोक तिवारी ने प्रबंधक पर फर्जी तरीके से सेवा पुस्तिका में सेवा समाप्ति दर्ज करने, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। उन्होंने एफआईआर दर्ज कराने, प्रबंधक की गिरफ्तारी और छात्रों से वसूली गई अतिरिक्त फीस वापस कराने की मांग की है। प्रबंधक संजय तिवारी ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि शिक्षक के साथ किसी प्रकार की मारपीट नहीं की गई। उन्हें पूर्व में नोटिस दिया गया था, जिसका जवाब नहीं मिला। फीस वसूली के आरोपों की जांच कराई जाएगी।

# गौकशी का सनसनीखेज खुलासा

## 40 से अधिक गौवंशों के अवशेष व 100 खालें बरामद

### मंदिर के पास संदिग्ध मांस मिलने से फैला तनाव, 11 नामजद समेत 20-25 अज्ञात पर मुकदमे

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



थाना बिल्हौर क्षेत्र में लगातार सामने आ रही गंभीर घटनाओं ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। सोमवार देर शाम जहां बिल्हौर बाईपास के समीप बड़े पैमाने पर गौकशी का खुलासा हुआ, वहीं मंगलवार शाम एक मंदिर के पास संदिग्ध मांस व हड्डियां मिलने से क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालात की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है।

बाईपास के पास उजागर हुई संगठित गौकशी , सोमवार रात करीब 8:20 बजे मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक सुधाकर पाण्डेय पुलिस बल के साथ ग्रीन पैलेस से लगभग 300 मीटर आगे, बिल्हौर बाईपास की ओर जाने वाली सड़क किनारे मेहंदी हसन के खेत के पास, कब्रिस्तान की दीवार से सटी खाली भूमि पर पहुंचे।मौके पर पुलिस को देखकर अधिकारी भी दंग रह गए। जांच के दौरान वहां से 40 से अधिक गौवंशों के कटे अवशेष व हड्डियां,दो गौवंशों के कटे हुए सिर, तथा लगभग 100 उतारी गई खालें बरामद की गईं।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गौवंशों को सुनियोजित और योजनाबद्ध तरीके से काटा गया, खाल अलग की गई और मांस निकालकर ठिकाने लगाया गया। पुलिस का मानना है कि यह घटना किसी एक दिन की नहीं, बल्कि लंबे समय से संचालित अवैध गतिविधि का परिणाम है। 11 नामजद, 20-25 अज्ञात आरोपी पुलिस द्वारा की गई पूछताछ और जांच में रहमान कुरैशी, नादिर, कादिर, इकलाख खान (चेयरमैन), सादाब (पूर्व चेयरमैन), लाल बाबू, राजबाबू, सलमान कुरैशी, अच्छू, रिजवान सहित 20-25 अज्ञात लोगों की संलिप्तता सामने आई है।पुलिस ने सभी नामजद एवं अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध गौकशी व अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और संभावित ठिकानों पर दबिश की तैयारी शुरू कर दी गई है।

#### पशु चिकित्सक ने किया परीक्षण, जेसीबी से अवशेषों का दफन

सूचना पर पशु चिकित्साधिकारी डॉ. नीरज कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने गौवंशों के अवशेषों का निरीक्षण कर नमूने परीक्षण हेतु सुरक्षित किए।इसके बाद अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवाकर सभी अवशेषों को विधिवत दफन कराया गया।पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई गई। तकनीकी समस्या के चलते वीडियो को ई-साक्ष्य ऐप की बजाय मोबाइल में सुरक्षित रखा गया है। मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को भी दे दी गई है। मंदिर के पास मांस मिलने से बिगड़े हालात इसी बीच मंगलवार शाम गढ़नपुर क्षेत्र में एक मंदिर के समीप संदिग्ध मांस और हड्डियों के टुकड़े मिलने की सूचना से हालात और तनावपूर्ण हो गए। खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आक्रोश व्यक्त करने लगे।

सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। बिल्हौर विधायक मोहित सोनकर तथा विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के जिला अध्यक्ष सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वीएचपी पदाधिकारियों ने धार्मिक स्थल के पास ऐसी घटना को गंभीर बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

विधायक मोहित सोनकर ने लोगों को आश्वस्त किया कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर पारदर्शी जांच की मांग की। कई थानों की फोर्स, पीएसी तैनात स्थिति की नाजुकता को देखते हुए कई थानों की पुलिस फोर्स, पीएसी और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर तैनात किए गए हैं। क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है और सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों पर निगरानी रखी जा रही है। बोरी में मांस मिलने की एक और सूचना इसी दौरान बिल्हौर देहात ग्राम सभा क्षेत्र में निर्माणाधीन पानी की टंकी के पास, कब्रिस्तान की बाउंड्री से सटे क्षेत्र में बोरी में मांस मिलने की सूचना भी सामने आई।मौके पर एसडीएम व पुलिस बल पहुंचे और ग्रामीणों से संवाद कर स्थिति को नियंत्रित किया। जांच जारी, अफवाहों से बचने की अपील अधिकारियों के अनुसार, बरामद मांस व हड्डियों के प्रकार, स्रोत और वैधता की गहन जांच कराई जा रही है। नमूने प्रयोगशाला भेजे जा चुके हैं।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने से पहले किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जाएगा और लोगों से अफवाहों से दूर रहने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। फिलहाल क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात है और स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

## लगातार मानसिक उत्पीड़न से टूटे युवक ने की आत्महत्या

### महिला पर झूठी शिकायतों व उगाही का गंभीर आरोप

- मां ने थाने में दी तहरीर, आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज करने की मांग



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

थाना शिवराजपुर क्षेत्र में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां कथित रूप से लंबे समय से मानसिक उत्पीड़न का शिकार रहे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की मां ने एक महिला पर झूठी शिकायतों, धन उगाही और लगातार मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

ग्राम अजीत राय निवादा, थाना शिवराजपुर निवासी सुमन शुक्ला पत्नी स्वर्गीय देवेंद्र स्वरूप शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पुत्र राघवेंद्र शुक्ला को दीपिका पाल पुत्री अमर चंद्र, निवासी ग्राम गुडसर, थाना शिवली (कानपुर देहात) पिछले कई वर्षों से लगातार परेशान कर रही थी। आरोप है कि दीपिका पाल द्वारा बार-बार पुलिस को फर्जी प्रार्थना पत्र देकर राघवेंद्र को भयभीत किया जाता था तथा इसी आड़ में धन की उगाही भी की जाती थी।

तहरीर के अनुसार आरोपी महिला द्वारा मृतक और उसके परिजनों को गालियां दी जाती थीं और झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेजने की धमकियां दी जाती थीं, जिससे राघवेंद्र गंभीर मानसिक दबाव में था। पीड़िता ने बताया कि दिनांक 9 जनवरी 2026 को दोपहर करीब दो बजे, वार्ड नंबर-02 शिवराजपुर स्थित घर के दरवाजे के रोशनदान में राघवेंद्र शुक्ला का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई।मृतक की मां ने थाना शिवराजपुर में दी गई तहरीर में आरोपी महिला दीपिका पाल के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने एवं मानसिक उत्पीड़न के तहत मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की है।पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त कर ली गई है, मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## श्री दोसर वैश्य बाल गोपाल मंडल द्वारा भंडारे का किया गया आयोजन



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

श्री दोसर वैश्य बाल गोपाल मंडल लोहाई द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह विशाल भंडारे का आयोजन हालसी रोड स्थित सीताराम धर्मशाले के बाहर किया गया कार्यक्रम के संयोजक क्षेत्रीय संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र भाजपा विनोद गुप्ता और संस्था के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक वर्ष संस्था द्वारा इस प्रकार के सामाजिक कार्य किए जाते हैं जिनसे आम जनमानस लाभान्वित हो सके, ठंड के मौसम में आज संस्था द्वारा तहरी का वितरण किया गया इस ईश्वरीय कार्य का मुख्य उद्देश्य है कि गरीब जनता का पेट भर सके मकर संक्रांति से पूर्व इस भंडारे का आयोजन संस्था द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम आयोजन में श्री बांके बिहारी जी के दिव्य मनमोहक चित्र में पुष्प अर्पित कर ठाकुर श्री बांके बिहारी जी का आश्वाहन किया गया तत्पश्चात भंडारा प्रारंभ हुआ इस भंडारे में हजारों की संख्या में आम जनमानस, राहगीरों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। प्रमुख रूप से उपस्थित- अमिताभ बाजपेई विधायक अध्यक्ष मनोज गुप्ता, कानपुर कपड़ा कमेटी अमित दोसर, महेंद्र गुप्ता, संतोष शर्मा, सीताराम गुप्ता, अजय गुप्ता, विद्यासागर गुप्ता जी, श्री राम गोपाल गुप्त,आदित्य नारायण गुप्ता जी, राजेंद्र प्रसाद, कपिल गुप्ता, अभिनव गुप्ता, महामंत्री सोनू गुप्ता, शंकर गुप्ता, मनीष गुप्ता, मदन गुप्ता, रामनाथ गुप्ता, गोपाल गुप्ता, गोपाल दोसर, स्वतंत्र कुमार गुप्ता आदर्श गुप्ता पार्षद, अमित गुप्ता पार्षद, अनुज गुप्ता पूर्व पार्षद, कपिल गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, सुबोध गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, हर्षित गुप्ता, समस्त मंडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अरौल में युवक से गाली-गलौज व मारपीट, जान से मारने की धमकी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

थाना अरौल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खासपुर में मारपीट और गाली-गलौज की एक गंभीर घटना सामने आई है। पीड़ित कुलदीप पुत्र सुखवासी ने थाना प्रभारी अरौल को प्रार्थना-पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीते 13 जनवरी की शाम करीब 7 बजे मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और मां-बहन की अश्लील गालियां देने लगे।पीड़ित के अनुसार जब उसने गाली-गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर जब मोहल्ले के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कुलदीप का कहना है कि आरोपी बिना किसी कारण के उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं, जिससे वह और उसका परिवार भयभीत है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में थाना प्रभारी अरौल ने बताया कि प्रार्थना-पत्र प्राप्त हो गया है, मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मकर संक्रांति को लेकर खेरेश्वर घाट का पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर। आगामी मकर संक्रांति पर्व के दृष्टिगत मंगलवार को पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस.एम. कासिम आबिदी द्वारा थाना शिवराजपुर क्षेत्र अंतर्गत स्थित खेरेश्वर घाट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य स्नान पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखना एवं आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना रहा।निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त ने घाट पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने गंगा नदी के किनारे संवेदनशील स्थानों पर लकड़ी की बाड़ लगाने एवं रस्सों के माध्यम से सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव किया जा सके।पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए जल पुलिस, पीएसी सहित पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा पूरे क्षेत्र में सतत निगरानी रखी जाएगी।इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थलों का पूर्व निर्धारण कर आवागमन को सुचारु बनाया जाए, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण को लेकर तकनीकी निगरानी पर विशेष जोर देते हुए पुलिस उपायुक्त ने ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से घाट और आसपास के क्षेत्रों की निगरानी के निर्देश दिए। साथ ही रात्रि के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए घाट एवं आसपास के इलाकों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।निरीक्षण के दौरान संबंधित थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें और शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने में सहयोग करें।

## कानपुर-अलीगढ़ हाईवे किनारे मिला अज्ञात युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर बकोठी गांव के पास मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब सड़क किनारे एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला।

शव नारायण फिल्म स्टेशन के समीप हाईवे के किनारे दिखाई देने पर राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही अरौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई।

पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। शव की स्थिति को देखते हुए वह तीन से चार दिन पुराना बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था, हालांकि इसकी कोई चिकित्सकीय पुष्टि नहीं हो सकी है। लोगों के अनुसार युवक पिछले कुछ दिनों से हाईवे और आसपास के इलाकों में भटकता हुआ देखा गया था।प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि कड़ाके की ठंड के चलते उसकी मौत हुई हो सकती है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अरौल थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है और आसपास के थानों को भी मृतक की पहचान के लिए सूचना भेज दी गई है। पहचान होने पर परिजनों को सूचित कर शव सौंपा जाएगा।

## बिठूर में चोरों ने पांच भैंसे चोरी पुलिस ने लोडर पकड़ा लेकिन चालक का पता नहीं पुलिस आयुक्त से मिले पीड़ित




### क्या बोले थाना प्रभारी

बिठूर थाना प्रभारी प्रेम नारायण विश्वकर्मा ने बताया कि बीते 18 दिसंबर को चोरों ने तीन लोगों कि पांच भैंसे चोरी कि थी एक पीड़ित सतीश चंद्र कि तहरीर पीआर मुकदमा दर्जकर लिया गया है। और अन्य दो पीड़ितों के ब्यान लेकर उसी मुकदमे में समायोजित किया जा चुका है। पुलिस ने लोडर को कब्जे में लेकर लोडर चालक कि तलाश कि जा रही है जल्द कि घटना का खुलासा किया जायेगा।

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिठूर में शातिर चोरों ने एक ही रात को एक साथ पांच भैंसे चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने वीडियों के आधार पर एक लोडर को चालक को वाहन सहित पकड़ा। लोडर चौकी पर खड़ा ना भैंस पता ना चालक मिला। पीड़ितो का आरोप सिर्फ तीन में एक का दर्ज किया मुकदमा दो थाने से टहला दिया।

बिठूर थाना क्षेत्र के परगही बांगर निवासी दिब्या किसान है। पिता महेश चंद्र की कुछ साल पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। तब से घर का सारा ख़र्चा वह चलाती है। दिब्या ने बताया कि बीते 18 दिसम्बर कि रात सभी खाना खाकर सो गए थे। देर रात चोरों ने घर के बाहर बंधी दो भैंसे खोलकर चोरी कर ले गए। सुबह जब वह सोकर उठी तो भैंसे गायब देख उनके होश उड़ गए। तभी पता चला कि शातिर चोर उसी रात को चक रतनपुर निवासी सतीश चंद्र तिवारी के घर से एक भैंस व होरा बांगर निवासी रणवीर सिंह यादव के घर का ताला तोड़कर आँगन में बंधी एक भैंस और उसका बच्चा चोरी कर ले गए। सभी एक साथ जब थाने पहुँचे तो पहले पुलिस ने मुकदमा लिखने में देरी कि उसके बाद वह पुलिस आयुक्त के आदेश के बाद सतीश चंद्र तिवारी का तो मुकदमा दर्ज कर लिया दो पीड़ितों अभी तक मुकदमा नहीं लिखा। आरोप है कि भैंस तलाश में पीड़ितों को चौबेपुर से के एक पेट्रोल पंप के पास से वीडियो मिला जिसमे एक लोडर में भैंस लदी है उसको बेचने कि बात कुछ लोग आपस में कर है। पीड़ित ने जब पुलिस को वीडियो दिखाया और लोडर में लदी भैंस को अपनी बताया तो पुलिस ने उनसे अपनी भैंस होने का फ्रूफ मांगते हुए वाहन को चौकी में खड़ा कर लिया और चालक को छोड़ दिया। पीड़ित दो दिनों से पुलिस आयुक्त कार्यालय के चक्कर काट रहे लेकिन दो लोगों का न मुकदमा लिखा न लोडर मालिक का पता चल सका।

### छोटे किसानों के मसीहा बने भंवरपाल, आलू की खेती से बदली किस्मत

# महुआ के भंवरपाल सिंह बने प्रगतिशील किसान, 100 एकड़ में करते हैं आलू का बीज उत्पादन

- आलू बीज उत्पादन में सफलता, कई पुरस्कारों से सम्मानित; पद्मश्री के लिए नाम प्रस्तावित

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर





कानपुर जिले के सरसौल ब्लॉक के महुआ गांव के रहने वाले भंवरपाल सिंह जाने-माने प्रगतिशील किसान हैं। उन्होंने यह साबित किया है कि अगर खेती को सही तरीके, नई तकनीक और धैर्य के साथ किया जाए तो किसान अच्छी आमदनी कर सकता है। योगी सरकार की कृषि नीति से खेती को वैज्ञानिक तरीके से जोड़ने, कृषि संस्थानों से संपर्क बढ़ाने और किसानों को नई जानकारी देने का असर ज़मीन पर साफ दिख रहा है।

भंवरपाल सिंह को गेहूं की खेती, धान की खेती और मिर्च की खेती में बेहतर उत्पादन और उन्नत कृषि कार्य के लिए कई बार जिला स्तर पर पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिए जा चुके हैं। इन्हीं सम्मानों के बाद उन्हें जिले के प्रगतिशील किसानों में गिना जाने लगा।

### मुख्य उपलब्धियां

- 1- गेहूं, धान और मिर्च की खेती में जिला स्तरीय पुरस्कार
- 2- 100 एकड़ में आलू की खेती
- 3 - 10 हजार कुंतल सालाना उत्पादन
- 4 - डेढ़ करोड़ से अधिक की कमाई
- 5 - कई राज्यों के किसानों के लिए मार्गदर्शक
- 6 - पद्मश्री के लिए नाम प्रस्तावित

### कानून की पढ़ाई के बाद खेती को चुना

भंवरपाल सिंह ने 1987 में इलाहाबाद से कानून की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने कुछ समय तक सिविल सर्विसेज की तैयारी की, लेकिन 1992 में गांव लौटकर खेती शुरू कर दी। तभी से वे लगातार खेती कर रहे हैं।शुरुआत में उन्होंने गेहूं, धान और मिर्च की खेती की। अच्छी पैदावार के लिए उन्हें कई बार जिला स्तर पर पुरस्कार और सम्मान मिल चुके हैं।

### साल 2000 से आलू की खेती शुरू की

साल 2000 में आलू की खेती शुरू करने के बाद भंवरपाल सिंह की पहचान और आमदनी दोनों बढ़ीं। आज वे 100 एकड़ जमीन में आलू उगा रहे हैं। 80 प्रतिशत क्षेत्र में बीज आलू और 20 प्रतिशत क्षेत्र में खाने वाला आलू पैदा कर रहे हैं। पैदावार करीब 10 हजार कुंतल है। आलू उत्तर प्रदेश और बंगाल तक भेजा जाता है। आलू की खेती से करीब डेढ़ करोड़ रुपये का मुनाफा कमाते हैं।

### बीज आलू के लिए अपनाते हैं नई तकनीक

भंवरपाल सिंह बताते हैं कि बीज वाला आलू पूरी तरह रोग रहित होना चाहिए। इसके लिए सही बीज, समय पर दवा और आधुनिक तकनीक जरूरी होती है। मेरठ और शिमला के आलू अनुसंधान केंद्रों से बीज लेकर वैज्ञानिक तरीके से उत्पादन करते हैं। बीज आलू में खर्च ज्यादा होता है, लेकिन दाम भी अच्छा मिलता है।

### दूसरे किसानों को देते हैं सलाह

आज भंवरपाल सिंह से उत्तर प्रदेश, बंगाल, पंजाब और गुजरात के किसान जुड़े हुए हैं। प्रयागराज, सीतापुर, हरदोई, आगरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, कन्नौज और फर्रुखाबाद के किसान उनसे आलू की खेती को लेकर सलाह लेते हैं।

### क्या भंवर पाल सिंह कहते हैं

कोई भी खेती करने से पहले कम से कम पांच से दस साल की योजना बनानी चाहिए। आज मोबाइल ऐप, यूट्यूब और नई तकनीक से घर बैठे जानकारी मिल जाती है। युवाओं को खेती से जुड़ना चाहिए।

### पद्मश्री के लिए नाम प्रस्तावित

भंवरपाल सिंह के कृषि क्षेत्र में योगदान को देखते हुए अक्टूबर 2025 में पद्मश्री सम्मान के लिए उनका नाम प्रस्तावित किया गया है। यह प्रस्ताव डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर और जॉइंट डायरेक्टर, आलू अनुसंधान केंद्र मेरठ की ओर से भेजा गया है।

## एच बी टी यू के श्रीधराचार्य हास्टल में पैरों से आलू साफ करने पर भड़के छात्र

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

मंगलवार को हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी में माहौल तब गर्म हो गया जब श्रीधराचार्य छात्रावास में एक मेस वर्कर का वीडियो आलू को चप्पल पहनकर पैरों से साफ करते हुए सामने आया ये देखते ही छात्र उग्र हो गए और डीएसडब्लू कार्यालय का घेराव करने पहुंच गए ये सूचना मिलते ही छात्र संघ बहाली मोर्चा के छात्र नेता अभिजीत राय तुरंत विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचे और अधिकारियों से बातचीत किया फिर छात्र नेता अभिजीत राय के साथ सैकड़ों छात्र आंदोलन करने लगे और छात्रावास तक पैदल मार्च निकाल दिया ईस दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन और हॉस्टल प्रशासन के मुर्दाबाद के नारे विश्वविद्यालय परिसर में गूंजने लगा, डी एस डब्लू प्रोफेसर जी एल गहलोत और छात्र नेता अभिजीत राय ने हॉस्टल का निरीक्षण किया और बहुत सारी खामियां पाई जैसे की छात्रावास में गंदगी दिखी बाथरूम की हालत खराब मिली पानी की समस्या दिखी और छात्रावास के छत की पपड़ी तक टूट के गिर रही है। हंगामा देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुछ मेस वर्कर को तुरंत नौकरी से निकाला, मेस कमेटी को आज बदला जाएगा और प्रशासन ने आश्वासन दिया की जल्द से जल्द छात्रावास की सारी समस्याओं का निवारण होगा वहीं छात्र संघ बहाली मोर्चा के अभिजीत राय, अनस शाहू, आर्यन सिंह ने कहा कि अगर जल्द से जल्द छात्रावास की समस्या का हल नहीं हुआ तो विश्वविद्यालय परिसर में वृहद आंदोलन होगा जिसका जिम्मेदार स्वयं विश्विद्यालय प्रशासन होगा।

## मुख्यालय में अभिभावकों का प्रदर्शन, प्रधान अध्यापक के स्थानांतरण निरस्त करने की मांग

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर। मंगलवार को दर्जन भर से अधिक अभिभावक कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट करगांव के प्रधान अध्यापक का स्थानांतरण निरस्त किए जाने की मांग की। अभिभावकों ने चेतावनी दी कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो पूरा गांव कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करेगा। मामला मुस्करा ब्लॉक क्षेत्र के करगांव गांव का है। यहां स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में 13 शिक्षक तैनात हैं तथा लगभग 400 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय के प्रधान अध्यापक अरविंद कुमार का हाल ही में स्थानांतरण कर दिया गया, जिससे अभिभावकों में नाराजगी व्याप्त है। अभिभावकों का कहना है कि अरविंद कुमार का स्वभाव सरल और सौम्य है तथा उनके कार्यकाल में विद्यालय से संबंधित कोई शिकायत सामने नहीं आई है। इसके अलावा वे प्रधान अध्यापक के दायित्वों के साथ-साथ बीएलओ का कार्य भी कुशलता से निभा रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में शीतल प्रसाद अनुरागी, रामलखन प्रजापति, शुभम, मोनू और शिवशंकर सहित अन्य अभिभावक शामिल रहे। अभिभावकों ने प्रशासन से बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए स्थानांतरण आदेश को निरस्त करने की मांग की है, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है।

पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# पवार परिवार की चाल से महाराष्ट्र की राजनीति में आया नया मोड़

**जिस अजित पवार को सत्ता संतुलन के लिए साथ लिया गया था वही यदि परिवारिक एकता के नाम पर अलग दिशा में चले जाते हैं तो यह गठबंधन की कमजोरी उजागर करेगा। यह संदेश जाएगा कि सत्ता के लिए बनाए गए गठबंधन टिकाऊ नहीं होते। बहरहाल, राकांपा का यह संयुक्त कदम महाराष्ट्र की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत है। यह अध्याय एकता, विश्वास और स्थायित्व की ओर जाएगा या फिर अवसरवाद और अस्थायी समझौतों की कहानी बनेगा, यह आने वाले चुनाव तय करेंगे। लेकिन इतना तय है कि पवार परिवार की हर चाल पूरे राजनीतिक शतरंज को हिला देने की ताकत रखती है।**

*महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से चली आ रही राकांपा की पारिवारिक और राजनीतिक फूट पर फिलहाल विराम के संकेत मिलते दिख रहे हैं। दरअसल, पुणे और पिंपरी चिंचवड नगर निगम चुनावों को ध्यान में रखते हुए राकांपा के दोनों गुटों ने संयुक्त घोषणापत्र जारी किया है। यह वही राकांपा है जो बीते डेढ़ वर्ष से दो हिस्सों में बंटी हुई थी और एक दूसरे के खिलाफ आक्रामक राजनीति कर रही थी। संयुक्त घोषणापत्र में गड्ढ़ा मुक्त सड़कें, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, नागरिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, जल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था और सार्वजनिक परिवहन जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी गई है। यह घोषणापत्र स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित है लेकिन इसका राजनीतिक संदेश दूर तक जाता है। घोषणापत्र जारी करने के मौके पर दोनों गुटों के नेताओं का एक साथ मंच साझा करना अपने आप में असाधारण दृश्य रहा। अजित पवार ने इस दौरान कहा कि परिवारिक तनाव समाप्त हो चुके हैं और दोनों पक्षों के कार्यकर्ता चाहते हैं कि पार्टी फिर से एकजुट हो। उन्होंने संकेत दिया कि फिलहाल नगर निगम चुनावों में साथ आने का निर्णय लिया गया है लेकिन भविष्य में राजनीतिक एकता की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। शरद पवार गुट की ओर से भी बयानबाजी का स्वर बदला हुआ नजर आया। तल्खी की जगह संयम और आक्रामकता की जगह राजनीतिक परिपक्वता दिखाई दी। इससे यह स्पष्ट हो गया कि यह केवल स्थानीय तालमेल नहीं बल्कि सोची समझी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। इस घटनाक्रम ने न केवल महाराष्ट्र बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। क्योंकि राकांपा का एक गुट सत्तारुढ़ गठबंधन एनडीए में है जबकि दूसरा गुट विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा माना जाता है। ऐसे में दोनों का साथ आना राजनीतिक समीकरणों को हिलाने वाला कदम है। देखा जाये तो महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर यह साबित कर रही है कि यहां विचारधारा नहीं बल्कि सत्ता ही अंतिम सत्य है। राकांपा का विभाजन किसी वैचारिक मतभेद का परिणाम नहीं था बल्कि सत्ता के समीकरणों की उपज था। अब दोनों गुटों का एक मंच पर आना भी किसी आत्ममंथन का नहीं बल्कि सत्ता की मजबूरी का नतीजा है। संयुक्त घोषणापत्र स्थानीय विकास के नाम पर जारी किया गया है लेकिन इसका असली मकसद कार्यकर्ताओं को यह संकेत देना है कि पवार परिवार की सियासी दरार भर रही है। यह संदेश जितना नीचे तक जाएगा, उतना ही तेजी से राजनीतिक गणित बदलेगा। यदि राकांपा के दोनों गुट पूरी तरह से एक हो जाते हैं तो इसका पहला और सीधा असर महाराष्ट्र की राजनीति पर पड़ेगा। अजित पवार का एनडीए के साथ रहना तब अर्थहीन हो जाएगा जब पार्टी की कमान फिर से एकजुट होकर शरद पवार के प्रभाव क्षेत्र में लौटेगी। विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए यह घटनाक्रम जीवनदान जैसा हो सकता है। महाराष्ट्र जैसे निर्णायक राज्य में यदि राकांपा एकजुट होकर विपक्षी खेमे में मजबूती से खड़ी होती है तो यह न केवल विधानसभा बल्कि लोकसभा स्तर पर भी भाजपा के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। विपक्ष की सबसे बड़ी कमजोरी बिखराव रही है और पवारों का साथ आना इस कमजोरी पर मरहम बन सकता है। हालांकि अजित पवार पार्टी की कमान चाचा शरद पवार को वापस सौंपेंगे इसकी संभावना नगण्य ही है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**वैसे इस कानून के दुरूपयोग की चिंता भी जताई जा रही है। चीनी संविधान और जातीय स्वायत्तता व्यवस्था के तहत, स्वायत्त क्षेत्रों मसलन, तिब्बत, शिनजियांग, इनर मंगोलिया, गुआंग्शी, निंगिशया आदि को क्षेत्रीय स्वायत्तता कानूनों के अनुसार, सरकारी कार्यों, शिक्षा और रोज़मर्रा की जिंदगी में राष्ट्रीय भाषा के साथ-साथ एक या अधिक स्थानीय भाषाओं के इस्तेमाल का प्रावधान है। लेकिन शी चिनफिंग के शासन में ये प्रावधान कमजोर होते गए हैं। इसका असर तिब्बत में दिखता है, जहां कई सालों से चल रहे मातृभाषा आंदोलन और सांस्कृतिक शिक्षा का दमन किया गया। इसकी वजह से वहां निजी स्कूल बंद कर दिए गए और उनके संस्थापक गिरफ्तार कर लिए गए।**

# चीन से क्या हम भाषायी बोध सीख सकते हैं



उमेश चतुर्वेदी

**साल 1994 में फ्रांस ने अपने यहां अंग्रेजी के बिलावजह प्रयोग को कानून के जरिए रोक लगाई थी। अब चीन का अपनी मानक भाषा को स्थापित करने का कानून आया है। यह सब देखते हुए भी भारत की मौजूदा राजनीतिक हालात के मद्देनजर ऐसे कानून का सुझाव देना भी संभव नहीं लगता। लेकिन चीन के इस भाषायी बोध के बहान अपेक्षा तो की ही जा सकती है कि एक दिन भारत में भी ऐसी सोच जरूर विकसित होगी।**

हिंदी के संदर्भ में देखें तो राजभाषा और राष्ट्रभाषा के बीच शाब्दिक ही नहीं, भावात्मक फर्क भी है। फिर भी एक बड़ा वर्ग हिंदी को राष्ट्रभाषा भी मानता है। यही वजह है कि हर साल ग्रेगोरियन कैलेंडर के नौंवे महीने की दस्तक के साथ ही, हर सरकारी दफ्तर राजभाषा पखवाड़े या महीने को लेकर उत्साह से भर उठता है। कुछ ऐसा ही पड़ोसी चीन में भी अब होता नजर आ रहा है। अब वहां सितंबर का तीसरा सप्ताह 'राष्ट्रीय सामान्य भाषा और लिपि' को समर्पित होगा। भारत और चीन के सितंबर महीने के भाषायी उत्साह में एक अंतर रहेगा, राष्ट्रभाषा बनाने की आस में हिंदी के राजभाषा ओहदे को याद किया जाएगा, जबकि चीन अपनी मंदारिन भाषा को बाकायदा राष्ट्रभाषा के तौर पर और आगे बढ़ाने की ओर अग्रसर होगा। भाषायी चिंतन और व्यवहार को लेकर भारत और चीन को लेकर तकरीबन एक ही सोच है। भारत में एक मानस ऐसा है, जिसे हिंदी की कीमत पर भी पर अंग्रेजी स्वीकार्य है। यह धारा मानती है कि वेगवान आर्थिक विकास की वजह से चीन का भाषायी व्यवहार भी इसी भारतीय मानस की तरह बदल चुका है। बेशक चीन ने अंग्रेजी सीखने-सिखाने की दिशा में भरपूर निवेश किया है। अपनी आर्थिक ताकत के चलते पश्चिम के नामी विश्वविद्यालयों में चीनी सत्ता प्रतिष्ठान अपने लिए अध्ययन पीठ स्थापित कर चुका है। गौर करने की बात है कि उसने यह सब अलग और अतिरिक्त अनुशासन और ज्ञान के साधन के तौर पर किया है, भारत की तरह अपनी भाषा, विशेषकर हिंदी की कीमत पर ऐसा नहीं किया है। अंग्रेजी का पहला वैश्विक विस्तार ब्रिटिश उपनिवेशीकरण के दौर में हुआ और दूसरी बार उसका प्रसार रीगन-थैचर की जोड़ी के आर्थिक उदारीकरण के बढ़ते कदमों के साथ हुआ। इस संदर्भ में चीन और भारत के भाषायी चिंतन और व्यवहार फर्क साफ नजर आता है। पिछली सदी के अस्सी के दशक में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख देंग झिआओपिंग ने आर्थिक खुलेपन की नींव रखी। यह 1978 का साल था। इसके ठीक दो साल बाद भारत में इंदिरा गांधी की सत्ता में वापसी हुई और उन्होंने भी धीरे-धीरे इंस्पेक्टर राज कम करने की शुरूआत की। उनकी उदारीकरण की सोच को राजीव गांधी ने परवान चढ़ाया। 1991 के आम चुनावों के घोषणा पत्र में कांग्रेस ने पहली बार समाजवादी आर्थिक नीतियों के बरक्स उदारीकरण का वादा किया। तब से अब तक की दोनों देशों की आर्थिक विकास यात्रा को देखें तो अंतर साफ नजर आता है। चीन आज अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति है। उसकी तेज आर्थिक यात्रा के समानांतर अंग्रेजी का विस्तार नहीं दिखता। जबकि भारत में इसके ठीक उलट नजारा दिखता है। उदारीकरण के बरक्स दोनों देशों के भाषायी चिंतन में भी फर्क नजर आता है। यह फर्क ही है कि चीन अब अपनी मंदारिन भाषा और उसकी लिपि को लेकर सितंबर महीने के तीसरे हफ्ते को समर्पित कर रहा है। चीन की सर्वोच्च विधि निर्माता संस्था 'राष्ट्रीय जन प्रतिनिधि सभा' की स्थाई समिति द्वारा बीते 27 दिसंबर को इससे जुड़ा कानून पारित करना इसी सोच का प्रतीक है। इस कानून में हर वर्ष सितंबर के तीसरे सप्ताह को 'राष्ट्रीय सामान्य भाषा और लिपि संवर्धन एवं प्रचार सप्ताह' के रूप में मनाना तय किया गया है। यह कानून पुराने राष्ट्रीय भाषा कानून में संशोधन के बाद आया है। चीन में दो तरह की मंदारिन का प्रयोग होता है, एक लिखित और दूसरी मौखिक। इस कानून में दोनों तरह की भाषाओं का ध्यान रखा गया है। चीन अपनी भाषा और लिपि को अपने राष्ट्र का प्रतीक मानता है। चीन में इन दिनों प्रौद्योगिकी और डिजिटल जगत में लगातार प्रगति हो रही है। यहां ऑडियो-विजुअल प्रोग्रामिंग और गेमिंग भी बढ़ी है। चीन का भाषायी कानून इन सबमें इस्तेमाल होने वाली भाषा के साथ कदमताल करने का प्रयास है। कहा जा सकता है कि चीनी राष्ट्रभाषा और लिपि कानून में यह संशोधन तेजी से विकसित हो रही संचार प्रौद्योगिकियों और ऑनलाइन सामग्री के विस्तार के बीच भाषा के मानकीकरण को मजबूत करने की कोशिश है। इस कानून में साइबरस्पेस प्रशासन को लेकर भी व्यवस्था की गई है। इसके तहत अब ऑनलाइन सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वेब सीरीज, ऑनलाइन फिल्मों, ऑनलाइन गेम और अन्य डिजिटल प्रकाशनों में मानक चीनी भाषा यानी मंदारिन और मानकीकृत चीनी अक्षरों को मूल भाषा के रूप में उपयोग करना जरूरी होगा। इसके साथ ही चीन में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों, कॉन्फ्रेंस, इवेंट्स आदि के साइनबोर्ड, लेबल या प्रमोशनल मैटीरियल में विदेशी भाषाओं के साथ ही मानक चीनी भाषा भी शामिल करने पर जोर दिया गया है। इसकी तुलना में भारतीय राष्ट्रभाषा और आधुनिक प्रौद्योगिकी संग उसके तालमेल पर नजर डालें साफ फर्क नजर आता है। भारत अब भी राष्ट्रभाषा से दूर है। हिंदी को राष्ट्रभाषा मानने वाली ताकतों के सुर भी अब धीमे पड़ते जा रहे हैं। लेकिन चीन अपने आर्थिक उदारीकरण के बावजूद अपनी भाषा की ओर लौटता नजर आ रहा है। इसके साथ ही चीन के भाषायी आंकड़ों पर भी नजर डालना जरूरी है। यहां की करीब 80 प्रतिशत से ज़्यादा आबादी मंदारिन बोल सकती है। चीन में करीब 97.33 प्रतिशत लोग साक्षर हैं। इनमें करीब 95 प्रतिशत से ज़्यादा लोग मानक चीनी अक्षरों का प्रयोग करते हैं। चाइना इंटरनेट नेटवर्क इन्फॉर्मेशन सेंटर की ताजा रिपोर्ट के अनुसार बीते जून तक चीन में एक अरब 12 करोड़ से ज़्यादा इंटरनेट यूज़र थे। इसी रिपोर्ट के अनुसार, चीन में इंटरनेट इस्तेमाल की दर 79.7 प्रतिशत तक पहुँच गई है। भाषायी कानून में इन आंकड़ों के मद्देनजर सरकारी और पब्लिक सर्विस वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन के लिए भी सरकारी नियमों और मानकों के अनुसार, राष्ट्रीय मानक भाषा का इस्तेमाल जरूरी हो गया है। इस कानून का लक्ष्य 'चीनी राष्ट्र के प्रति मजूबत सामुदायिक भावना का विकास 'और 'सांस्कृतिक आत्मविश्वास की मज़बूती' है। कानून इस बात पर भी ज़ोर देता है कि बोली और लिखी जाने वाली मानक चीनी भाषा के इस्तेमाल का मकसद राष्ट्रीय संप्रभुता, एकता और जातीय एकजुटता बनाना होना चाहिए। यह कानून शिक्षा में भी मानक चीनी भाषा की भूमिका पर ज़ोर देता है। कानून के अनुसार, शिक्षण और पाठ्य सामग्री में मानक मंदारिन ही बुनियादी भाषा होगी। यह भारत की नई शिक्षा नीति जैसा ही है, जिसमें प्राथमिक स्तर पर भारतीय भाषाओं के जरिए शिक्षण पर जोर दिया गया है।




**चीन अपनी भाषा और लिपि को अपने राष्ट्र का प्रतीक मानता है। चीन में इन दिनों प्रोद्योगिकी और डिजिटल जगत में लगातार प्रगति हो रही है। यहां ऑडियो-विजुअल प्रोग्रामिंग और गेमिंग भी बढ़ी है। चीन का भाषायी कानून इन सबमें इस्तेमाल होने वाली भाषा के साथ कदमताल करने का प्रयास है।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | एकादशी 05:53 तक |
| नक्षत्रः | अनुराधा 03:03 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | गण्ड, 07:55 |
| सूर्योदयः | 07:14 |
| सूर्यास्तः | 17:57 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 12:35-01:56 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### हुआ क्रमशः ह्रास !

*मौके की तलाश में ।*
*बन जाए सरकार ।।*
*कर लेते अभी गठबंधन ।*
*चुनाव बाद प्रहार ।।*
*मर्यादा जो लोकतांत्रिक ।*
*हुआ क्रमशः ह्रास ।।*
*हथकंडे है अपनाना ।*
*बनने खातिर खास ।।*
*मौकापरस्त हो गये ।*
*जैसे जो मन भाया ।।*
*इसलिए तो धीरे धीरे ।*
*होता भी सफाया ।।*
*जनता भी टटोलती है ।*
*भांपती भी चाल ।।*
*ना फिर भी बदलाव है ।*
*बड़ा है सवाल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# हाई बीपी और डायबिटीज दोनों हैं तो रहें सावधान, आपको है ग्लूकोमा का ज्यादा खतरा

**आज** के समय में अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण ज्यादातर लोग हाई ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर जैसी समस्याओं से परेशान रहते हैं। इन दोनों समस्याओं के कारण लोगों को थकान होने, कमजोरी होने, बेतैनी होने, धुंधला दिखने, सिर में दर्द होने, अधिक पेशाब आने, घाव का देरी से भरने और सीने में दर्द होने जैसी कई समस्याएं होती हैं, लेकिन क्या इसके कारण व्यक्ति में ग्लूकोमा की समस्या हो सकती है? डॉ. पवन गुप्ता के अनुसार, हाँ, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज दोनों से ग्लूकोमा होने का खतरा बढ़ सकता है, जो आंखों की एक गंभीर बीमारी है और अगर इसका जल्दी पता न चले तो इससे हमेशा के लिए व्यक्ति की आंखों की रोशनी जा सकती है। ग्लूकोमा ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचाता है, अक्सर आंख के अंदर बढ़ा हुआ प्रेशर इसका कारण होता है और शरीर की दूसरी स्वास्थ्य समस्याएं समय के साथ इस नुकसान को और बढ़ा सकती हैं। डॉ. पवन गुप्ता बताते हैं कि डायबिटीज पूरे शरीर की छोटी-



छोटी खून की नसों को प्रभावित करती है, जिसमें वे नसें भी शामिल हैं जो ऑप्टिक नर्व को खून पहुंचाती हैं। खून का बहाव कम होने और लंबे समय तक ब्लड शुगर का स्तर ज्यादा रहने से ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ जाता है और आंखों का प्रेशर भी बढ़ सकता है। डायबिटीज के मरीजों को आंखों की दूसरी समस्याएं भी ज्यादा होती हैं, जिससे ग्लूकोमा का खतरा और बढ़ सकता है। डॉ. पवन गुप्ता आगे बताते हैं कि हाई ब्लड प्रेशर भी आंखों की सेहत पर बुरा असर डाल सकता है। ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव या ठीक से कंट्रोल न होने से ऑप्टिक नर्व को खून की सप्लाई कम हो सकती है, जिससे ऑप्टिक नर्व को नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है। समय के साथ, यह तनाव ग्लूकोमा होने या उसे बढ़ाने में योगदान दे सकता है।

**सावधानियांः** डॉ. पवन गुप्ता के अनुसार, डायबिटीज या हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को अपनी आंखों की रोशनी बचाने और जल्दी पता लगाने के लिए और इलाज के लिए रेगुलर आंखों की जांच करवानी चाहिए, जिसमें ग्लूकोमा की स्क्रीनिंग भी शामिल है।

**निष्कर्षः** ब्लड शुगर और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या होने पर व्यक्ति को ग्लूकोमा की समस्या का खतरा बढ़ सकता है, जो आंखों की एक गंभीर बीमारी है। ऐसे में इससे बचने के लिए ब्लड शुगर और ब्लड परेशर के स्तर को नियंत्रित रखें, हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करें। ध्यान रहे, आंखों से जुड़ी कोई भी समस्या महसूस होने पर डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

## एक्सप्रेस विशेष

# अनंत काल तक प्रासंगिक रहेगें स्वामी विवेकानंद



डॉ. इन्द्र दमन तिवारी

**केन्द्र सरकार प्राण-पण से जुटी हुई है, यह आवश्यक प्रतीत होता है कि जब तक हम अपना कल नहीं जानेंगे, भविष्य का निर्माण नहीं कर सकते हैं, स्वामी विवेकानंद का विचार दर्शन युगोंयुग तक भारत को आलौकित करता रहेगा।**

**भारत वर्ष अपने इस महान ज्ञानी और संन्यासी विवेकानंद के जन्म दिवस को युवा दिवस के रूप में मनाकर भारतीय समाज के नौजवान पीढ़ी को संदेश देना चाहता है कि भारत विश्व गुरु था, है और युगोंयुग तक बना रहेगा, युवा दिवस मनाते हुए हम इस बात का संकल्प लेते हैं कि विवेकानंद जी के बताए मार्ग पर चलकर हम मां भारती के शीश को ऊंचा रखने का हरसंभव प्रयास करेंगे।**

**वर्तमान** भारत वर्ष युवा भारत है और इस युवा भारत को युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद ने संदेश दिया था कि 'व्यक्ति कितना ही बड़ा क्यों ना हो, उसका अंधानुसरण न करें।' आज़ के युवा भारत के लिए स्वामी विवेकानंद का यह संदेश एक मार्गदर्शक के रूप में स्थापित है, 1893 में इसी सन्यांसी ने अमेरिका जैसे महादेश में भारतवर्ष का तिरंगा फहराया था और उन्हें बताया था कि भारत की भूमि, भाव भूमि है। उन्होंने भारत के अनादिकाल से स्थापित धर्म, आध्यात्म और योग के साथ उन ग्रंथों का उल्लेख किया था जिसके बारे में जानकार अमेरिकी नागरिकों को हैरानी हुई थी। साल 1893 में स्वामी विवेकानंद शिकागो पहुंचे, वहां उन्होंने विश्व धर्म सम्मेलन में भाग लिया, यहां उन्होंने अमेरिकियों को जब 'मेरे अमरीकी बहनों और भाइयों' कहकर संबोधित किया तब खचाखच भरा हाल तालियों से गूंज उठा, वहां उपस्थित जनसमुदाय को लगा कि यह और कोई नहीं बल्कि अपना ही कोई है। शिकागो में उनकी कही बात ने पूरी दुनिया में भारत की एक अमिट छाप छोड़ी थी, इस घटना को दुनिया जानती है, जब कभी विवेकानंद का उल्लेख होता है, इस प्रसंग का उल्लेख जरूर किया जाता है। इस धर्म सम्मेलन में विवेकानंद ने श्रीमद्भागवत गीता के प्रसंग को लेकर भी भारत का शीश गर्व से ऊंचा कर दिया था। यह वह दौर था जब यूरोप-अमरीका के लोगों के लिए उस समय भारतीय मज़ाक के पात्र समझे जाते थे इसलिए विदेशी चाहते थे कि स्वामी विवेकानंद को सर्वधर्म परिषद् में बोलने का समय ही न मिले परंतु एक अमेरिकन प्रोफेसर के प्रयास से उन्हें थोड़ा समय मिला। इस दौरान एक जगह पर कई धर्मगुरुओं ने अपनी किताब रखी। वहीं, भारत के धर्म के वर्णन के लिए श्रीमद्भागवत गीता रखी गई थी जिसका खूब उपहास किया गया था लेकिन स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक ज्ञान से भरे भाषण को सुनकर पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा था, उन्हें अपने धर्म के बारे में बताने के लिए सिर्फ दो मिनट का समय दिया गया था लेकिन उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत इस तरह की जिससे वहां उपस्थित सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए थे। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत कुछ इस तरह की थी 'मेरे अमरीकी बहनों और भाइयों, आपने जिस सम्मान, सौहार्द्र और स्नेह-प्रेम के साथ हम लोगों का स्वागत किया है, उसके प्रति आभार प्रकट करने के निमित्त खड़े होते समय मेरा हृदय अवर्णनीय हर्षोउल्लास से पूर्ण हो रहा है, संसार में संन्यासियों की सबसे प्राचीन सभ्यता की ओर से मैं आपको धन्यवाद देता हूँ, सभी धर्मो की माता की ओर से धन्यवाद देता हूँ, सभी सम्प्रदायों एवं मतों के हिन्दुओं की ओर से भी धन्यवाद देता हूँ' फ़िर विवेकानंद ने धर्म की परिभाषा दी थी, जिसके बारे में उन्होंने एक श्लोक सुनाते हुए कहा था कि जिस तरह से विभिन्न नदियां अलग-अलग स्त्रोतों से निकलकर समुद्र में मिल जाती हैं, उसी प्रकार अलग-अलग धर्म अंत में एक ही धर्म में आकर मिलते हैं, जिसे हम भगवान कहते हैं। उन्होंने कहा कि 'अमेरिका के मेरे भाइयों और बहनों, मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे देश से हूं जिसने इस धरती के सभी देशों और धर्मों के सताए लोगों को शरण में रखा है' अपना उद्बोधन ज़ारी रखते हुए उन्होंने आगे कहा कि 'मैं आपको अपने देश की प्राचीन संत परंपरा की तरफ से धन्यवाद देता हूं, मैं आपको सभी धर्मों की जननी की तरफ से भी धन्यवाद देता हूं और सभी जाति, संप्रदाय के लाखों, करोड़ों हिंदुओं की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं. मेरा धन्यवाद कुछ उन वक्ताओं को भी जिन्होंने इस मंच से यह कहा कि दुनिया में सहनशीलता का विचार सुदूर पूरब के देशों से फैला है' स्वामी विवेकानंद के विचारों का एक भरी-पूरी दुनिया है जिसे केवल पढ़ कर हम अपना आज और कल संवार सकते हैं। आज यह कल्पना करना मुश्किल है कि भारत का कोई युवा अपने दो शब्दों के संबोधन से महाशक्ति के रूप में स्थापित राष्ट्र अमेरिका के नागरिकों का दिल जीत लेता है, लोगों का दिल जीत लेने की कला भारतीय ज्ञान परम्परा की उस अक्षुण्ण निधि है जिसे स्वामी विवेकानंद ने पूरी दुनिया को बताया।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# पीलीभीत में गन्ना किस्मों की वैज्ञानिक पहचान प्रशिक्षण का शुभारंभ

- सही किस्म, सही अंकन- किसानों को मिलेगा पारदर्शी और मजबूत भुगतान लाभ- खुशीराम भार्गव
- उच्च उत्पादक और रोग-प्रतिरोधी गन्ना बढ़ावा देने की पहल- जिला गन्ना अधिकारी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

पीलीभीत जिले में गन्ना किसानों के भविष्य को सुरक्षित और समृद्ध बनाने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक पहल की गई। जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव के कुशल नेतृत्व में गन्ना किस्मों की वैज्ञानिक पहचान को लेकर विशेष प्रशिक्षण अभियान शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य गन्ना सर्वे, आपूर्ति और भुगतान प्रणाली को पूरी तरह वैज्ञानिक, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाना है। मंगलवार को यह प्रशिक्षण बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, बरखेड़ा के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें चीनी मिल के फील्ड स्टाफ और गन्ना विकास परिषद बरखेड़ा, बीसलपुर, पूरनपुर एवं नवाबगंज के सभी गन्ना पर्यवेक्षक शामिल हुए। यह पहल मिनिस्ती यस, गन्ना आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार आयोजित की गई है।

### वैज्ञानिक पहचान पर विशेष प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस गन्ना किस्मों की शारीरिक संरचना, पत्ती, गांठ, आंख, तना एवं वृद्धि अवस्था के आधार पर पहचान पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में राहुल लोहान, ए.जी.एम. (गन्ना विकास) ने फील्ड स्टाफ और पर्यवेक्षकों को विस्तार से बताया कि किस प्रकार खेत में खड़े गन्ने की किस्मों को सही ढंग से पहचाना जाए। उन्होंने कहा कि गलत अंकन और किस्म पहचान की त्रुटियां किसानों और मिलों दोनों के लिए नुकसानदायक हैं। इसलिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण से किस्म की पहचान करना और सही रिकॉर्ड बनाना अनिवार्य है। इस अवसर पर प्रदीप राठी, महाप्रबंधक (गन्ना), चीनी मिल बरखेड़ा और मनोज साहू, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने प्रचलित और नवीन गन्ना किस्मों की पहचान के तकनीकी पहलुओं को साझा किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को उपज बढ़ाने और रोग प्रतिरोधी किस्मों के चयन में सहायता करने वाले आधुनिक तकनीकी तरीकों से अवगत कराया।

### इस प्रशिक्षण अभियान से पीलीभीत के गन्ना किसानों को कई तरह का लाभ मिलेगा-

- क्षेत्र के अनुकूल उच्च उत्पादक और रोग-प्रतिरोधी किस्मों का चयन और बढ़ावा मिलेगा।
- गन्ना सर्वे और आपूर्ति प्रक्रिया अधिक वैज्ञानिक और पारदर्शी होगी।
- किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य सुनिश्चित होगा।
- चीनी मिलों को गुणवत्तापूर्ण गन्ना मिलेगा, जिससे भुगतान प्रणाली मजबूत होगी।
- फील्ड स्टाफ और पर्यवेक्षक वैज्ञानिक तरीकों से काम करेंगे, जिससे गन्ना उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार होगा।




### प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित प्रमुख अधिकारी और स्टाफ

जितेंद्र सिंह जादौन, इकाई प्रमुख, चीनी मिल बरखेड़ा प्रदीप राठी, महाप्रबंधक (गन्ना) मनोज साहू, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, राजेश कुमार, सचिव, सहकारी गन्ना समिति बीसलपुर, राहुल लोहान, ए.जी.एम.गौरव तोमर, डी.आर. सिंह, अतिरिक्त प्रबंधक साथ ही चीनी मिल के समस्त फील्ड स्टाफ और गन्ना विकास परिषद बरखेड़ा, बीसलपुर, पूरनपुर एवं नवाबगंज के सभी गन्ना पर्यवेक्षक मौजूद रहे।




### जिला अधिकारी ने किसान हित में दिए स्पष्ट निर्देश

जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने कहा कि गन्ना विकास और आपूर्ति व्यवस्था में सही किस्म की पहचान और सही अंकन बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब पीलीभीत जिले में गन्ना सर्वे में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सही किस्मों के चयन से उच्च उत्पादन और बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। शुद्ध आंकड़ों का संधारण न केवल किसानों के लिए लाभकारी है बल्कि चीनी उद्योग की गुणवत्ता को भी बढ़ाता है। विभाग की प्राथमिकता हमेशा किसान है, और किसान की मेहनत का पूरा मूल्य दिलाने के लिए हर स्तर पर ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाएगा। जिला अधिकारी ने यह भी कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त तकनीकी ज्ञान से गन्ना अंकन में होने वाली त्रुटियां समाप्त होंगी और किसानों का विश्वास प्रणाली में और अधिक मजबूत होगा। किसानों को मिलेगा वैज्ञानिक और आर्थिक लाभ

### पीलीभीत को प्रदेश का मॉडल गन्ना जिला बनाने की तैयारी

जिला गन्ना अधिकारी ने संकेत दिए कि आने वाले समय में गन्ना सर्वे, सप्लाई और भुगतान प्रणाली पूरी तरह डिजिटल और वैज्ञानिक आधार पर संचालित की जाएगी। इससे किसानों को किसी भी स्तर पर भटकना नहीं पड़ेगा। उनका लक्ष्य है कि पीलीभीत उत्तर प्रदेश में गन्ना गुणवत्ता और पारदर्शिता का मॉडल जिला बने, और यह जिले के किसानों को सही मूल्य, उन्नत किस्म और मजबूत आपूर्ति प्रणाली के माध्यम से सीधे लाभ प्रदान करेगा।

# पीलीभीत की बेटी वैशाली शर्मा ने राष्ट्रीय मंच पर लहराया परचम

**प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया विकसित भारत का विज़न, जनपद में गौरव और उत्साह**

### विद्यालय और जनपद में खुशी की लहर

वैशाली की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी, संरक्षिका सोनिया गोस्वामी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि वैशाली ने यह सिद्ध कर दिया है कि छोटे शहरों के विद्यार्थी भी प्रतिभा, मेहनत और नवाचार के बल पर राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकते हैं। वैशाली शर्मा की यह सफलता न केवल विद्यालय बल्कि पूरे पीलीभीत जनपद के लिए गौरव की बात है और निश्चित रूप से यह उपलब्धि जिले की बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद पीलीभीत के लिए यह क्षण गर्व और गौरव से भर देने वाला है, जब गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल सीआईएससीई बोर्ड की कक्षा 11 की मेधावी छात्रा वैशाली शर्मा ने विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग-2026 के फाइनल चरण में उत्तर प्रदेश और पीलीभीत का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने अभिनव विचारों की प्रस्तुति दी। वैशाली की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे जनपद के शैक्षणिक जगत में हर्ष और उत्साह की लहर दौड़ गई है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में नवाचार, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करना रहा। देशभर से आए हजारों प्रतिभागियों के बीच वैशाली ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और मौलिक सोच के बल पर सभी चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल में स्थान प्राप्त किया।





### प्रधानमंत्री के समक्ष रखा महिला उद्यमिता का सशक्त मॉडल

12 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित फाइनल कार्यक्रम में वैशाली ने दो अन्य प्रतिभागियों के साथ मिलकर महिला उद्यमियों के विकास पर आधारित विकसित भारत मॉडल प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया।

उन्होंने अपने अभिनव ऐप विरासत शक्ति की अवधारणा साझा करते हुए बताया कि यह ऐप भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ने का माध्यम बनेगा।अपनी प्रस्तुति में वैशाली ने कहा, वह शक्ति, जिसके बिना शिव ने भी सृष्टि की रचना नहीं की, इस विचार ने मंच पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों को गहराई से प्रभावित किया।

### युवाओं की शक्ति से बनेगा विकसित भारत- प्रधानमंत्री

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश की वास्तविक ताकत और भविष्य की दिशा युवाओं की क्षमता, संकल्प और नवाचार पर निर्भर करती है। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए युवाओं से डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप संस्कृति और नवाचार को आत्मसात करने का आह्वान किया।

### रक्षा और अंतरिक्ष जगत से मिला प्रेरक अनुभव

कार्यक्रम के दौरान वैशाली को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह सहित कई रक्षा विशेषज्ञों से संवाद का अवसर मिला।

इसके साथ ही उन्हें स्पेस यूनिट के भ्रमण और इसरो के वैज्ञानिक शुभम शुक्ला से मिलने का भी अवसर प्राप्त हुआ।

यह अनुभव वैशाली के लिए न केवल प्रेरणादायक रहा, बल्कि उनके भविष्य के सपनों को भी नई दिशा देने वाला साबित हुआ।

# गन्ना राज्यमंत्री की मेहनत रंग लाई, गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस वे वाया पीलीभीत मंजूर


शामली-गोरखपुर एक्सप्रेस वे वाया पीलीभीत निर्माण कराये जाने की मांग
राज्य मंत्री ने लिखा पत्र





> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पीलीभीत जनपद वासियों के लिए नए वर्ष में नई सौगात दी है। इस एक्सप्रेस वे के निर्माण से जनपद के विकास के नए रास्ते खुलेंगे, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र का समग्र विकास तेजी से होगा।
>
> **संजय सिंह गंगवार, गन्ना राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार**

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बहुप्रतिक्षित गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस वे के वाया पीलीभीत निर्माण के लिए केन्द्रीय परिवहन एवं सड़क निर्माण मंत्रालय ने मंजूरी दे दी। इस खबर ने पीलीभीत जनपद में हर्ष और उत्साह की लहर दौड़ा दी।

मंगलवार को सूचना मिलते ही गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जनसहयोग कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय पदाधिकारी एकत्र हुए। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया। पहले इस एक्सप्रेस वे को वाया बरेली-पीलीभीत करने की मंजूरी दी गई थी, लेकिन बाद में पीलीभीत को छूट देते हुए इसे बरेली-शाहजहापुर-लखीमपुर मार्ग से निर्माण की संशोधित मंजूरी दी गई थी। इसके बाद गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने 25 अगस्त 2025 को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा और दिल्ली में उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर पीलीभीत मार्ग से निर्माण की पुनः मांग की। राज्यमंत्री गंगवार की लगातार पैरवी और प्रयास के फलस्वरूप केंद्रीय मंत्री ने एक्सप्रेस वे को पुनः वाया पीलीभीत करने की संशोधित अधिसूचना जारी की। अब यह एक्सप्रेस वे बरेली-नवाबगंज से होकर पीलीभीत जनपद की बीसलपुर तहसील के 39 गांवों और सदर तहसील के लगभग आधा दर्जन गांवों से गुजरेगा। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि पीलीभीत जनपद नेपाल सीमा से सटे तराइ क्षेत्र का महत्वपूर्ण जनपद है, जहाँ चीनी उद्योग, गेहूं आदि का उत्पादन अधिक होता है। पीलीभीत टाईगर रिजर्व और पर्यटक स्थलों से सुसज्जित है, जिससे क्षेत्रीय पर्यटन भी विकसित हो रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है और एशिया की सबसे बड़ी खमीर फैक्ट्री (ईस्ट) की स्थापना की जा रही है। कई अन्य औद्योगिक इकाइयों के प्लांट भी लगाने की कार्यवाही चल रही है। शामली-गोरखपुर एक्सप्रेस वे के वाया पीलीभीत निर्माण से व्यापारियों और आम जनता की आवागमन सुविधा बेहतर होगी और क्षेत्र का विकास व रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

### जनसहयोग कार्यालय में खुशी का माहौल

सूचना मिलने पर जनसहयोग कार्यालय पर पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग भाजपा विजय सिंह गंगवार, कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, नगर मंत्री ओमकार मौर्य, सोनू, अनिल, नरेन्द्र, मुकेश त्रिवेदी, मनोज मिश्रा, शिवनारायण शर्मा, अनूप गंगवार, वृहमस्वरूप सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने राज्यमंत्री के अथक प्रयास की सराहना की और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार जताया।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की दोनों शाखाओं–सुरभि कॉलोनी और टनकपुर रोड–में 13 जनवरी 2026 को लोहड़ी का पर्व बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उल्लास और उत्साह के साथ पारंपरिक पंजाबी संस्कृति की मनोहारी छटा देखने को मिली।

छात्र-छात्राएं पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में सजे-धजे विद्यालय पहुंचे, जिससे पूरा परिसर रंग-बिरंगा और जीवंत नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा और प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा द्वारा विधिवत लोहड़ी पूजन एवं अग्नि प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान लोहड़ी की अग्नि में मूंगफली, गुड़, तिल, रेवड़ी और गजक अर्पित की गई तथा सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

### पारंपरिक नृत्य और लोकगीतों से सजा कार्यक्रम

छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने लोहड़ी की अग्नि के चारों ओर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए और लोकगीतों का आनंद लिया। कार्यक्रम को और भी रंगारंग बनाने के लिए विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक पंजाबी नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कक्षा सात के छात्र रंजोत सिंह ने लोहड़ी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व नई फसल की शुरुआत, सामाजिक सौहार्द और समाज में भाई-बहन एवं बेटियों के सम्मान का प्रतीक है।

### प्रधानाचार्या और प्रबंधक का संदेश

प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि लोहड़ी पर्व हमें बुराइयों को त्याग कर सत्य, धर्म और अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने इसे बहनों और बेटियों की सुरक्षा व सम्मान से जुड़ा पर्व बताया। विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने कहा कि लोहड़ी अग्नि देव और सूर्य देव को समर्पित पर्व है, जिसका विशेष महत्व किसानों के लिए है। इस दिन सूर्य देव को नई फसल के लिए धन्यवाद अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक लोहड़ी नृत्य और प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिससे विद्यालय परिसर उत्साह और उल्लास से गूंज उठा।

# कड़ाके की ठंड में भी सेवा की लौ न बुझी नि :शक्त जनसेवा संस्थान का स्वास्थ्य शिविर

### समाजसेवी अमृतलाल की निष्ठा और दूरदर्शिता



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

सच्ची सेवा वही है जो कड़ाके की ठंड, मुश्किल परिस्थितियों और समय की बाधाओं को चुनौती मानकर भी जारी रहे। यह भाव आज निःशक्त जनसेवा संस्थान द्वारा आयोजित विशाल स्वास्थ्य शिविर में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। हर माह की 12 तारीख को आयोजित इस परंपरागत सेवा शिविर में सोमवार को पूरनपुर रोड स्थित अंकुर राइस मिल परिसर में करीब 500 जरूरतमंदों ने लाभ लिया। इस शिविर की विशेषता केवल स्वास्थ्य सेवाओं का वितरण ही नहीं, बल्कि इसमें मानवता, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश भी समाहित है। वृद्धजनों, दिव्यांगों और असहाय लोगों के प्रति संवेदनशीलता, उनके साथ संवाद और उनकी आवश्यकताओं को समझना ही इस शिविर की असली भावना है।

### समाजसेवी अमृतलाल की निष्ठा और दूरदर्शिता

निःशक्त जनसेवा संस्थान के अध्यक्ष अमृतलाल का नाम आते ही सेवा और समर्पण की छवि सामने आती है। शुरू से ही उन्होंने इस संस्थान के माध्यम से गरीब, वृद्ध और दिव्यांगों के कल्याण के लिए अडिग प्रयास किए हैं। उनका यह विश्वास है कि समाज की प्रगति केवल शिक्षा या आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि समान अवसर और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच से संभव है। इस शिविर में अमृतलाल जी ने स्वयं अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की गरिमा बनाए रखी। उनका नेतृत्व और दूरदर्शिता यह सुनिश्चित करती है कि स्वास्थ्य, चिकित्सा और जीवनोपयोगी उपकरण जरूरतमंदों तक निःशुल्क और समय पर पहुँचें।

### शिविर में प्रदान की गई सेवाएं और उनका महत्व

शिविर में 385 नए पंजीकरण हुए और कुल मिलाकर करीब 500 लोगों ने चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। मोतियाबिंद से पीड़ित 39 मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली भेजा गया। दंत और नेत्र चिकित्सा शिविर में 47 मरीजों का दंत उपचार किया गया और 219 से अधिक लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। विशेष रूप से 85 दिव्यांगजनों को कान की मशीनें प्रदान की गईं, जिनमें मशीनों के साथ अतिरिक्त सेल भी दिए गए, ताकि मशीन अधिक समय तक काम कर सके। यह पहल न केवल दिव्यांगों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाती है, बल्कि उनके आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। डॉ. महेश चंद्रा की टीम ने 39 हृदय रोगियों की जांच की, जिनमें से 7 गंभीर मरीजों को निःशुल्क ईसीजी कराया गया। इसके साथ ही केंद्र सरकार की योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के 12 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड मौके पर बनाए गए। वही महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक और महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद ने शिविर में वृद्धजनों व दिव्यांगों के बीच समय बिताते हुए उन्हें कंबल और श्रवण सहायता उपकरण प्रदान किए। सामाजिक संदेश और प्रेरणा इस प्रकार के शिविर यह संदेश देते हैं कि सच्ची सेवा किसी अवसर या प्रसिद्धि की मोहताज नहीं होती। यह ठंड, कठिनाइयों और व्यस्त जीवन के बावजूद भी आवश्यक है कि हम समाज के कमजोर वर्ग के प्रति संवेदनशील और सक्रिय रहें। अमृतलाल जी और उनके सहयोगियों ने यह साबित किया कि समर्पण, नियत और निष्ठा से किसी भी सामाजिक कार्य को प्रभावशाली और स्थायी बनाया जा सकता है। उनके प्रयास समाज के अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और यह उदाहरण है कि व्यक्तिगत संकल्प और सामूहिक सहयोग से जीवन में बड़ा बदलाव संभव है। निःशक्त जनसेवा संस्थान का यह स्वास्थ्य शिविर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सहानुभूति, सेवा और सामाजिक दायित्व का जीवंत उदाहरण है। ऐसे आयोजनों से न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है, बल्कि सामाजिक चेतना और मानवता की भावना को भी मजबूत किया जाता है। शिविर का यह प्रयास हमें याद दिलाता है कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए केवल योजनाओं या संसाधनों की आवश्यकता नहीं, बल्कि निष्ठावान और संवेदनशील नेतृत्व की आवश्यकता है– और अमृतलाल जी का समर्पण इस दिशा में आदर्श प्रस्तुत करता है।

# पीलीभीत टिकरी टोल प्लाजा मारपीट

**NHAI ने टोल एजेंसी पर 3 लाख का जुर्माना लगाया, तीन कर्मचारी बर्खास्त**

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

टिकरी टोल प्लाजा पर वाहन चालकों के साथ टोल कर्मियों द्वारा की गई मारपीट और अभद्रता का मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ह्राद्व) ने कड़ा एक्शन लिया है। ह्राद्व ने संबंधित टोल एजेंसी पर 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया और हिंसा में शामिल तीन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया। अब ये कर्मचारी किसी भी टोल प्लाजा पर भविष्य में नौकरी नहीं कर सकेंगे। सूत्रों के अनुसार, मामला तब उजागर हुआ जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में देखा गया कि टिकरी टोल प्लाजा के कर्मचारी यात्रियों के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर रहे थे। मामूली विवाद इतना बढ़ गया कि टोल कर्मियों ने सीधे यात्रियों पर हमला कर दिया। वीडियो वायरल होते ही ह्राद्व के उच्चाधिकारियों ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि टोल कर्मचारियों का व्यवहार पूरी तरह गैर-पेशेवर था और उन्होंने कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश की। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहने और नियमों के उल्लंघन के आधार पर प्राधिकरण ने टोल एजेंसी पर 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। मारपीट में सीधे शामिल तीन कर्मचारियों को तुरंत सेवा से निष्कासित कर दिया गया। स्थानीय यात्रियों ने ह्राद्व की कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि अब उम्मीद है कि टोल प्लाजा पर अनुशासन और सुरक्षा सुनिश्चित होगी। ह्राद्व ने सभी टोल कर्मचारियों को स्पष्ट संदेश दिया है कि गैर-पेशेवर व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यात्रियों की सुरक्षा और सम्मान अब सर्वोपरि हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

आगामी गणतंत्र दिवस समारोह-2026 (26 जनवरी) को भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर मंगलवार को गांधी सभागार में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणतंत्र दिवस से जुड़े सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रातः 8:30 बजे जनपद के समस्त सरकारी व अर्द्धसरकारी कार्यालयों एवं भवनों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय गान एवं राष्ट्रीय संकल्प का पाठ होगा। साथ ही सभी कार्यालयों में विचार गोष्ठी, काव्य पाठ तथा राष्ट्रीय एकता, शांति एवं सद्भावना से ओतप्रोत विचार सभाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रातः 9:00 बजे ध्वजारोहण के उपरान्त जनपद के शहीदों के परिजनों को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सभी उप जिलाधिकारी अपनी-अपनी तहसीलों में शहीदों के परिजनों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम के क्रम में प्रातः 10:00 बजे लोकतंत्र व गणतंत्र की मूल अवधारणाओं, राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्षता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द विषय पर विचार गोष्ठी, निबंध लेखन, वाद-विवाद तथा कला पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10:30 बजे जिला क्रीड़ा अधिकारी के नेतृत्व में बालक-बालिकाओं की 800 मीटर दौड़ के साथ फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं 10-10 क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके पश्चात प्रातः 11:00 बजे जिला अस्पताल, वृद्धाश्रम तथा जिला कारागार में महिला एवं पुरुष बंदियों को फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं प्रातः 11:30 बजे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में चित्रकला (पेंटिंग) प्रतियोगिता कराई जाएगी, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को नगर की साफ-सफाई व्यवस्था, प्रमुख चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था एवं सजावट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर में उत्सव का वातावरण दिखाई दे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त/ राजस्व), मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, समाजसेवी, पत्रकार बंधु सहित अन्य नागरिक एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


# ओबीसी महासभा ने 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार दोपहर एक बजे राष्ट्रपति को संबोधित 21 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता को सौंपते हुए केंद्र व राज्य सरकार से ओबीसी वर्ग के हितों की रक्षा और संवैधानिक प्रावधानों के पूर्ण अनुपालन की मांग की। इस दौरान महासभा ने जातिगत जनगणना से लेकर आरक्षण, रोजगार, शिक्षा और न्यायिक सुधार जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में सबसे पहले भारत के संविधान के अनुच्छेद 258 के तहत ओबीसी की जातिगत जनगणना शीघ्र कराने की मांग की गई। महासभा ने मंडल आयोग की सिफारिशों को पूर्ण रूप से लागू करते हुए लोकसभा और विधानसभाओं में ओबीसी को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने की बात कही। इसके साथ ही ओबीसी आरक्षण में लागू क्रीमीलेयर व्यवस्था को असंवैधानिक बताते हुए इसे समाप्त करने की मांग की गई। महासभा ने निजीकरण का विरोध करते हुए सरकारी विभागों में निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल रोकने, ईडब्ल्यूएस आरक्षण को समाप्त करने और ओबीसी को 54 प्रतिशत आरक्षण लागू कराने की मांग रखी। किसानों के मुद्दे पर गन्ना सहित सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को तीन गुना करने और स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने की मांग की गई। इसके अलावा बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार गारंटी बिल, मासिक बेरोजगारी भत्ता, ओबीसी के रिक्त पदों को भरने, अग्निवीर योजना समाप्त कर स्थायी भर्ती लागू करने और न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए न्यायिक सेवा आयोग गठित करने की मांग की गई। महिलाओं के आरक्षण में ओबीसी महिलाओं को भी संख्यात्मक सहभागिता के अनुरूप आरक्षण देने पर जोर दिया गया।

# रामपुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत टीहर में मिला मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा, जिम्मेदार अंजान

जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह



उरई। रामपुरा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत टीहर में मनरेगा योजना के अंतर्गत चकबंध निर्माण कार्य कराया जा रहा। जिसके तहत ग्राम पंचायत टीहर में गुलाब सिंह कुशवाहा के खेत से जयराम पाल के खेत तक चकबंद निर्माण कराया जा रहा। जिसकी बर्क आईडी 3138001032/एमआर 13/01/2026, नंबर 6344 से 6348 तक 50 लेबर की फर्जी एनएमएमएस करके पुरानी फोटो लगाई जा रही है। जिसकी एनएमएमएस फोटो में साफ तौर पर दिखाई दे रही है कि मौके पर दोनों तरफ फसल खड़ी, इसके बाद भी फर्जी कार्य दिखाकर फर्जी एनएमएमएस की जा रही है। फर्जी एनएमएमएस की फोटो लगाई जा रही। ग्राम पंचायत टीहर में फर्जी एनएमएमएस की जा रही है। फर्जी फावड़ा तसला लेकर के चकबंद निर्माण किया जा रहा, जबकि धरातल पर किसी भी तरह का कोई कार्य नहीं कराया जा रहा। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्राम प्रधान, मेट सचिव एवं ब्लाक के अधिकारियो की मिली भगत से चल रहा फर्जीवाडा और भ्रष्टाचार का खेल, जिसकी ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली की क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत की मिली भगत से फर्जीवाडा किया जा रहा है। जिसकी सुबह 10, 12 मजदूरों को खड़ा करके फोटो खींच लेते हैं। इसके बाद फोटो से जमीन पर रखकर हाजिरी लगाते हैं। जब की साइड पर कोई भी मजदूर नहीं जाता और आईडी पर मनरेगा मजदूरों की फोटो डाल दी जाती है, जब की वह फर्जी फोटो डाली जा रही। हकीकत तो यह बया कर रही की धरातल पर न तो लेवर, मजदूर जाते और न ही कोई कार्य किया जा रहा। अब देखना यह है कि मनरेगा योजना में हो रहे फर्जी बाड़ा को उच्य अधिकारी संज्ञान में लेकर कार्यवाही करते हैं या फिर हवा हवाई कर ठंडे बस्ते में मामले को डाल दिया जाएगा।जिसकी ग्रामीणों ने शिकायत कर उच्च अधिकारियों से जांच कर कार्यवाही की मांग की। जब इस मामले में डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले को संज्ञान में लेकर जांच कराई जाएगी, जांच में जो भी सामने तथ्य आएंगे। उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### टहलते समय छत से गिरकर अधेड़ महिला की मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कुठौंद क्षेत्र के ग्राम मड़ोरा में चिलचिलाती धूप में छत पर टहल रही महिला की छत से गिरकर मौत हो गई। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम मड़ोरा निवासी सर्वेश सिंह की पत्नी आरती देवी 45 वर्ष मंगलवार की सुबह सर्दी के मौसम में धूप सेंकने के लिए छत पर गई थी। बताया गया कि छत पर टहलते हुए धूप संकते समय वह अचानक से छत की बाउंड्री पर आ गई और छत से फिसलकर नीचे जा गिरीं और छत से गिरने के चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गई। गिरने की आवाज सुनकर परिजन तत्काल उनके पास पहुंचे और आनन फानन में उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।फिलहाल घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे गड्ढे में मिला युवक का शव

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई।अरवल थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव गंभीरी नदी के किनारे गड्ढे में पड़ा मिला।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी।उधर युवक के भाई की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अक्षयवार सिंह पुत्र रणधीर सिंह कल सोमवार शाम लगभग 5~30 घर से गर्रा नदी पार कबीरनपुरवा स्थित अपने खेत देखने के लिए गया हुआ था। रात लगभग 8~30 बजे चाचा राजा सिंह द्वारा फोन कर उससे पूछा गया तो उसने बताया कि वह कुछ ही देर में आ रहा है परंतु वह सारी रात घर नहीं लौटा। सुबह लगभग 9~30 बजे गंभीरी की तरफ से गांव की ओर आने वाले रास्ते पर उसका शब्द गांव के लोगों ने पड़ा देखा जिसकी सूचना परिवार वालों को मिलने पर परिवार वाले बदहवास घटनास्थल की ओर भागे। मौके पर जाकर देखा तो पाया कि अक्षयवर का शव पानी में पड़ा है और कुछ ही दूर पर पानी में उसकी मोटरसाइकिल संख्या क्र 30 र्क्र 3909 भी पड़ी हुई है। मोबाइल ऊपर पत्थरों पर पड़ा होने से लोगों द्वारा घटना के संबंध में तरह-तरह की अटकलें भी लगाई जाने लगी। घटना के संबंध में मौके पर मौजूद लोगों द्वारा तत्काल नव आगंतुक थानाध्यक्ष अरवल अनिल सिंह को सूचना दी गई, जिस पर कुछ ही देर में थानाध्यक्ष अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पानी से निकलवाया। परिवार वालों द्वारा पुलिस के समक्ष घटना के संबंध में कुछ लोगों पर आप भी लगाया गया, जिस पर थानाध्यक्ष द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। खबर लिखे जाने तक फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच चुकी थी और उसके द्वारा घटना से संबंधित साक्ष्य जुटाए जा रहे थे।

# व्यापारी नेताओं ने किया बार एसोसिएशन अध्यक्ष का स्वागत

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद



हरदोई बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेपी त्रिवेदी का शाहाबाद आगमन पर व्यापारी नेताओं ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने व्यापारियों को अपना सहयोग देने का पूर्ण आश्वासन दिया। मंगलवार को शाम 4 बजे नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन के हरदोई के अध्यक्ष जेपी त्रिवेदी, महामंत्री पंकज सिंह के साथ शाहबाद पहुंचे। बस स्टैंड पर व्यापारी नेता सुनील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। व्यापारी नेताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। इस मौके पर उन्होंने व्यापारी नेताओं को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा किसी भी व्यापारी नेता के सुख-दुख में वह हर समय खड़े रहेंगे। व्यापारियों को कोई भी परेशानी होगी तो वह उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे। इस मौके पर महेंद्र राना, राजेंद्र मिश्रा, संदीप गुप्ता, विमलेश लोधी आदि मौजूद रहे।

# सहकारी आंदोलन को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ बनाने की दिशा में ठोस पहल

जन एक्सप्रेस । उरई



सहकारी आंदोलन को जमीनी स्तर पर सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गठित डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सहकारिता से जुड़ी विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता द्वारा अवगत कराया गया कि विगत बैठक दिनांक 30 जून 2025 में लिए गए निर्णयों के क्रम में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।समीक्षा में बताया गया कि मत्स्य विभाग के अंतर्गत 12 नवीन समितियों के गठन के साथ अब कुल 51 समितियां गठित हो चुकी हैं, जिससे मछुआ समुदाय को संगठित कर स्वरोजगार एवं आयवर्धन के अवसर सृजित हुए हैं। इसी प्रकार दुग्ध विभाग में जिला योजना के अंतर्गत 02 नई दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया गया है, जबकि 03 समितियों का पुनर्गठन कर उन्हें पुनः सक्रिय बनाया गया है। नंद बाबा मिशन के अंतर्गत 10 नई सहकारी समितियों का गठन पूर्ण कर लिया गया है, जिससे दुग्ध उत्पादन एवं विपणन को नई गति मिली है। बैठक में यह भी बताया गया कि सहकारिता विभाग द्वारा जनपद में कुल 09 बी-पैक्स समितियों का गठन किया जा चुका है, जिनका डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी द्वारा अनुमोदन किया गया। डीएम ने इन सभी बी-पैक्स समितियों को शीघ्र क्रियाशील किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इसके अतिरिक्त जनपद की बी-पैक्स लिमिटेड कैलिया, बी-पैक्स लिमिटेड नदीगांव तथा क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड उरई में उपलब्ध उस भूमि का भी अनुमोदन किया गया, जो समिति के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। इन स्थलों को सहकारिता विभाग की विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के अंतर्गत 500 मीट्रिक टन अथवा उससे अधिक क्षमता के गोदामों के निर्माण हेतु चयनित किया गया है। कहा कि इन गोदामों के निर्माण से जनपद में दलहन एवं तिलहन फसलों की आच्छादित भंडारण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे किसानों को उपज सुरक्षित रखने, उचित मूल्य प्राप्त करने तथा विपणन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ केके सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, एआर कोऑपरेटिव विजय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत पजौनिया नदीगांव में मनरेगा योजना के गूल खुदाई के कार्य में फर्जीवाड़ा

जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह



उरई/नदीगांव। विकास खंड के ग्राम पंचायत पजौनिया नदीगांव में गूल खुदाई एवं सफाई का कार्य मनरेगा योजना द्वारा कराया जा रहा जिसमे फर्जी बाड़ा देखने को मिला। ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि हमारे गांव में मनरेगा योजना द्वारा किया जा रहा गूल खुदाई का कार्य पूर्णता फर्जी वाडाकर कागजों पर दर्शाया जा रहा और धरातल पर किसी भी तरह का मजदूरों से कोई भी कार्य नहीं कराया जा रहा और वहीं विकास खंड से लेकर ग्राम पंचायत तक रोजगार सेवक व प्रधान तक कार्य करने वाले अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त जो भ्रष्टाचार को जमकर बढ़ावा दे रहे है। वही ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना द्वारा गूल खुदाई का कार्य फर्जी चल रहा है जो विकास खंड स्तर पर कागजों में प्रतिदिन एनएमएमएस करके 70 मजदूरों की मजदूरी दिखा कर खाना पूर्ति की जा रही लेकिन मौके पर किसी भी तरह का कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा, हकीकत देखी जाए तो कहीं भी कोई गूल खुदाई एवं सफाई कार्य नहीं हो रहा है। मजदूरों को नहीं मिल रही है मजदूरी/ग्राउंड जीरो की रिपोर्ट के तहत फर्जी एमएमएस के द्वारा निकाला जा रहा है रुपया मजदूरों को नहीं मिल रही है मजदूरी, रमाकांत के खेत से संतराम के खेत तक व चौहान के खेत से राजा भैया के खेत तक मास्टर रोल नंबर 11231 से 11238 तक 8 मास्टर रोल में 70 लेबर कार्यरत है जिसका आईडी नंबर 3138005050/आइ सी/725134 व 725134 गूंल खुदाई और सफाई रमाकांत के खेत से संतराम के खेत तक व चौहान के खेत से राजा भैया के खेत तक मेट एवं प्रधान रोजगार सेवक सचिव की मिली भगत से चल रहा फर्जी बाड़ा जिसमे 13/01/2026 की रिपोर्ट में मौके पर जाकर देखा गया तो कहीं भी गूल खुदाई नहीं हो रही है और ना ही कोई वहां लेबर थी, गांव वालों ने बताया की फर्जी पैसा निकाला जा रहा है। वही सूत्रों का कहना कि पहले भी प्रधान द्वारा करे गए विकास कार्यों का में जमकर फर्जी बाड़ाकर फर्जी पैसा निकाला गया है। अगर उच्य अधिकारियो द्वारा ग्राम पंचायत की सही तरीके से जांच की जाए, तो खुलेगी लाखों की पोल, ग्राम पंचायत में प्रधान द्वारा विकास कार्यों के नाम पर जमकर किया गया भ्रष्टाचार, ऑर सरकार की जीरो टोलरेंस नीति की जमकर उड़ाई गई धज्जिया, ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की कि ग्राम पंचायत में किए गए भ्रष्टाचार की उच्य अधिकारियो द्वारा निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। वही डीसी मनरेगा से जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि मामले को संज्ञान मे लेकर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### कैंपस ने 1,750 युवाओं को फ्यूचर-टेक स्किल्स में सर्टिफ़िकेट दिया

आगरा। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर, अपने प्रमुख सैमसंग इनोवेशन कैंपस (एसआईसी) प्रोग्राम के तहत उत्तर प्रदेश में 1,750 छात्रों को सर्टिफ़िकेट देने की घोषणा की, जो राज्य में कंपनी के युवा-कौशल प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सर्टिफ़िकेशन समारोह लखनऊ के सिटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित किया गया था, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार की माननीय उच्च शिक्षा मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी, साथ ही शैक्षणिक नेताओं और कार्यक्रम भागीदारों की उपस्थिति थी। इस बैच के साथ, उत्तर प्रदेश में सैमसंग इनोवेशन कैंपस के तहत प्रशिक्षित छात्रों की कुल संख्या 3,900 हो गई है, जिससे यह कार्यक्रम के तहत सबसे तेज़ी से बढ़ने वाले राज्यों में से एक बन गया है। सैमसंग ने उत्तर प्रदेश में 5,000 युवाओं को कुशल बनाने के अपने इरादे की घोषणा की, जो 20,000 छात्रों को अपस्किल करने के अपने व्यापक राष्ट्रीय लक्ष्य का हिस्सा है, जो पिछले साल की तुलना में छह गुना ज्यादा है। यह कार्यक्रम वर्तमान में 10 राज्यों में चल रहा है।

# नायब तहसीलदार से किसान नाराज एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद



रेत की जमीन पर फसल बोने वाले किसान तहसील प्रशासन की नाप कार्रवाई से नाराज होकर एसडीएम से मिले और नायब तहसीलदार की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर करते हुए फसल काटने का समय देने और नायब तहसीलदार को स्थानांतरित करने की मांग की। शाहाबाद ब्लॉक के ग्राम पंचायत झोथूपुर तथा सुहागपुर के ग्रामीण बड़ी संख्या में आशुतोष सिंह के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पहुंचे।

ग्रामीणों का कहना था नदी के रेत पर तहसील प्रशासन की अनुमति से ही उन्होंने फसल बोई थी। अब गांव का एक रविंद्र नामक व्यक्ति शिकायत करके उस फसल को तहस-नहस करवा रहा है। नाप की आड़ में नायब तहसीलदार पर फसल चौपट करने का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि नायब तहसीलदार विपक्षी से मिलकर ग्रामीणों को परेशान करना चाहते हैं इसीलिए बेवजह नाप की जा रही है। ग्रामीणों की मांग है कि नाप का कार्य फसल कट जाने के बाद किया जाए। क्योंकि किसानों ने पैसा लगाकर अपनी फसल तैयार की है अब उस फसल को चौपट करने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर रमेश चंद्र, रामवीर, सत्यवीर, अमित कुमार, राजेंद्र प्रसाद, लालाराम सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक संपन्न स्वीकृत के लिए दी गयी कार्य योजनाएं



जन एक्सप्रेस । शाहाबाद

शाहाबाद ब्लॉक मुख्यालय पर मंगलवार को क्षेत्र पंचायत समिति की एक बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र ने की। इस मौके पर वर्ष 2024- 25 की स्वीकृति कार्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी और 2026 - 27 की कार्य योजनाओं को समिति के सामने रखा गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया आगामी वर्ष के लिए कार्य योजनाएं तैयार की गई है। प्रत्येक ग्राम सभा में सड़क, पानी, बिजली, साफ सफाई का पूरा ध्यान रखा गया है। जिन क्षेत्र पंचायतों में कार्य अधूरे पड़े हैं उन सभी अधूरे कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा तथा 2026 - 27 के लिए कार्य योजनाओं को अमली जामा पहनाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत प्रमुख ने सभी का आभार व्यक्त किया। जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, एडीओ पंचायत जितेंद्र तोमर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# चिन्हित अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी पर अवश्य भर्ती करायें: डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई




विवेकानन्द सभागार में आहूत जिला स्तरीय पोषण समिति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी पर भर्ती कराने में शिथिलता बरतने एवं निर्धारित लक्ष्य न पूरा करने पर नारजगी व्यक्त की तथा समस्त सीडीपीओ को निर्देश दिये कि चिन्हित अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी पर अवश्य भर्ती करायें, ब्लाक सुरसा एवं कछौना की सीडीपीओ द्वारा चार-चार अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी पर भर्ती कराये जाने की डीएम ने प्रशंसा की तथा सभी को निर्देश दिये कि प्रतिमाह गांव में पैदा होने वाले नवजात शिशुओं का आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के माध्यम से करायें।निर्माणाधीन एवं बन्द आंगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिये जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण में निर्माण सामग्री का प्रयोग मानक एवं गुणवत्ता अनुसार किया जाये तथा बन्द निर्माण कार्यो के सम्बन्ध में बीडीओ से सम्पर्क कर कार्य प्रारम्भ कराये।

पोषाहार वितरण की धीमी प्रगति पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि पोषाहार निर्धारित समय पर आंगनबाड़ी केन्द्रों पंजीकृत बच्चों एवं महिलाओं को वितरित करायें और पोषाहार वितरण में अनियमिता पाये जाने पर सीडीपीओ, सुपरवाईजर, मुख्य सहायिका औरा आंगबाड़ी कार्यकर्ती पर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मैत्री शौचालय, पोषण वाटिका बनवाने एवं बाल पेंटिंग कराने के संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ग्राम प्रधानों के माध्यम से उक्त कार्य तत्काल कराना सुनिश्चित करें तथा नवजात बालिकाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना के तहत लाभान्वित करायें। बैठक में सीडीओ सान्या छाबड़ा, डीडीओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डीपीआरओ विनय कुमार सिह, अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम प्रकाश वर्मा, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, एनआरसी के प्रभारी एवं चिकित्सक, सभी सीडीपीओ व सुपर वाइजर आदि उपस्थित रहे।

# अपहरण व पाक्सो एक्ट के मामले में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई। थाना कोतवाली शहर पुलिस ने अपहरण एवं पाक्सो एक्ट से संबंधित एक मामले में नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना कोतवाली शहर में पंजीकृत मु0अ0सं0 934/25 धारा 87/137(2), 70/351(3) बीएनएस एवं 3/4 पाक्सो एक्ट के तहत की गई। प्राप्त विवरण के अनुसार बीती 31 दिसंबर को वादी द्वारा थाना कोतवाली शहर पर तहरीर दी गई थी कि अभियुक्त निशांत पुत्र राजेश सिंह, निवासी ग्राम सजराबाद, थाना मिश्रिख, जनपद सीतापुर सहित दो अन्य अभियुक्तों ने वादी की बहन को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। इस संबंध में थाना कोतवाली शहर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचनात्मक कार्रवाई की गई। विवेचना के दौरान पीड़िता की सकुशल बरामदगी की गई तथा साक्ष्यों के आधार पर बीएनएस की धारा 70/351(3) एवं 3/4 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई।कार्रवाई के तहत थाना कोतवाली शहर पुलिस ने नामजद अभियुक्त निशांत पुत्र राजेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, दो साथियों समेत तीन बदमाश गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



जिले की लालगंज थाने की पुलिस और बाइक सवार तीन शातिर बदमाशों के बीच सोमवार रात थाना इलाके के कैथोला गांव के समीप हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी जिससे वो घायल हो गया। जबकि उसके साथ रहे दो अन्य बदमाशों को पुलिस ने दौड़ाकर दबोच लिया। तीनों के खिलाफ जिले के थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं।

एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार रात एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा के नेतृत्व में लालगंज पुलिस थाना इलाके के कैथौला गांव के समीप चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बिना नम्बर प्लेट की बाइक पर सवार तीन संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया तो वो बाइक मोड़कर भागने के प्रयास में आपाधापी में बाइक समेत गिर पड़े और पैदल ही भागने लगे। पुलिस द्वारा घेराबंदी करने पर पुलिस पर फायरिंग करने लगे। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश राजकुमार के पैर में गोली लगी और वो घायल हो गया। उसके साथ रहे दोनों साथियों को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। घायल अभियुक्त राजकुमार वर्मा को पुलिस ईलाज हेतु सीएचसी लालगंज़ ले गई।

पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा व दो जिन्दा कारतूस के साथ ही बिना नम्बर प्लेट की एक मोटरसाइकिल बरामद किया। साथ ही तीन चोरियों से सम्बंधित चोरी के लगभग छः हजार रुपये भी पुलिस ने बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त राजकुमार वर्मा लीलापुर थाना इलाके के तिना चितरी गांव का रहने वाला है और उसके विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में दो दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। जबकि अनुज सरोज लालगंज थाना इलाके के खण्डवा गांव एवं अजय पटेल चौखड़ देवापुर गांव का रहने वाला है। इन दोनों के खिलाफ भी जिले के अलग अलग थानों में लगभग डेढ़ दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

> एएसपी बृजनंदन राय ने बताया कि लालगंज थाने की पुलिस सोमवार देर रात चेकिंग कर रही थी, इस दौरान जब बाइक सवार तीन संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया तो तीनों बाइक मोड़कर भागने के प्रयास में गिर पड़े। जब पुलिस ने पकड़ना चाहा तो बदमाशों ने फायरिंग कर दिया पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के बांये पैर में गोली लगी और वो घायल हो गया जबकि उसके दोनों साथियों को पुलिस ने दौड़ाकर गिरफ्तार कर लिया। वहीं घायल को इलाज हेतु सीएचसी लालगंज ले जाया गया।

## यातायात जागरूकता कार्यक्रम: विद्यालय में पढ़ाया गया नियमों का पाठ

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले में मंगलवार को एसपी के निर्देश पर यातायात जागरूकता अभियान के तहत अंतू थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा करपात्री इंटर कॉलेज रानीगंज में विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, सड़क पार करते समय ज़ेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग करने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान ट्रैफिक सिग्नल व रोड साइन की महत्ता के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पुलिस टीम द्वारा बच्चों को बताया गया कि यातायात नियमों का पालन न केवल उनकी स्वयं की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि समाज में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में भी सहायक है। छात्र-छात्राओं से अपील की गई कि वे स्वयं नियमों का पालन करें तथा अपने परिजनों एवं आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें।

# संदिग्ध कार से चरस बरामद, एक गिरफ्तार

- सीएनजी सिलेंडर के नीचे छुपाकर रखी गई थी चरस की बड़ी खेप बरामद
- नौतनवा पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम के कार्रवाई से सीमावर्ती इलाके में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। सोनौली/महराजगंज




जनपद के नौतनवा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध कार से 19 किलोग्राम अवैध चरस बरामद की है। इस दौरान गाजीपुर निवासी कार चालक हेमंत सिंह को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, सोनौली से गोरखपुर की ओर जा रही एक संदिग्ध कार को गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित संपतिहा पुलिस चौकी के सामने रोका गया। कार की तलाशी के दौरान भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हुआं और मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। गिरफ्तारी और बरामदगी के दौरान नौतनवा क्षेत्राधिकारी अंकुर गौतम, थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव और एसएसबी अधिकारी मौजूद रहे।

### सीएनजी सिलेंडर के नीचे छुपा था जखीरा

संपतिहा चौकी प्रभारी जयप्रकाश सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कार के जरिए चरस की बड़ी खेप तस्करी के लिए ले जाई जा रही है। इसी आधार पर संयुक्त टीम ने घेराबंदी की। तलाशी में कार की डिग्गी में लगे सीएनजी सिलेंडर के नीचे विशेष रूप से छुपाकर रखे गए 500-500 ग्राम के कुल 38 पैकेट बरामद हुए, जिनका कुल वजन 19 किलोग्राम पाया गया।

### एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा

थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि चरस की खेप कहां से लाई गई थी और इसकी सप्लाई कहां की जानी थी।

# गोलीकांड में नामजद आठ फरार आरोपियों पर इनाम घोषित

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़

जिले के थाना कोतवाली नगर से कुल आठ वांछित फरार अपराधियों पर आईजी प्रयागराज अजय मिश्र द्वारा पचास पचास हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया है। आईजी ने जिले में अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने के दृष्टिगत कठोर कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली नगर से संबंधित आठ फरार अभियुक्तों पर पुरस्कार राशि घोषित की गई है। पुलिस द्वारा इन अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु कई टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। साथ ही पुलिस ने आम-जनमानस से अपील की है कि यदि वांछित अपराधियों के संबंध में कोई सूचना मिले तो तत्काल नजदीकी थाने में सूचित करें। मालूम हो कि इनाम घोषित सभी अभियुक्त हत्या का प्रयास, गैंगस्टर, मारपीट, धमकी व आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त हैं तथा फरार चल रहे हैं। पुलिस द्वारा इनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सभी आरोपी अंतू थाना इलाके के रहने वाले हैं। सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) सीओ सिटी प्रशांत राज ने बताया कि नगर कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुदकमे से सम्बंधित आठ आरोपियों के विरुद्ध आईजी प्रयागराज द्वारा पचास-पचास हजार का ईनाम घोषित किया गया है। टीमें गठित कर दी गई हैं जल्द ही सभी इनामिया अभियुक्त पुलिस गिरफ्त में होंगे। पुलिस का कहना है कि अपराध व अराजकता के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की नीति के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही की जा रही है। कानून-व्यवस्था में विघ्न डालने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। सभी अपराधियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जायेगी। पुलिस ने जनपदवासियों से अपील की है कि किसी भी आपराधिक गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## एएसपी ने किया साप्ताहिक परेड का निरीक्षण अनुशासन एवं कार्यकुशलता पर जोर



**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले में मंगलवार को एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनन्दन राय द्वारा साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों के अनुशासन, एकरूपता, फिटनेस एवं कार्यकुशलता पर विशेष बल देते हुए विभिन्न इकाइयों का समग्र निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान टोलीवार ड्रिल एवं शस्त्र अभ्यास कराया गया, जिसमें पुलिस कर्मियों की शारीरिक दक्षता, वर्दी की शुद्धता एवं परेड मानक के अनुरूपता का परीक्षण किया गया। इस दौरान अतिरिक्त सुरक्षा एवं प्रशिक्षण की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए ड्रोन कैमरे के माध्यम से सम्पूर्ण मैदान की वास्तविक समय निगरानी भी की गई, जिससे आयोजन और प्रशिक्षण प्रक्रिया का संचालन सुरक्षित, व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जा सका। एएसपी ने पुलिस कर्मियों को अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखते हुए उच्च स्तर की तत्परता से कर्तव्यों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया। रिक्रूट आरक्षियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अवधि आत्मविकास का सर्वोत्तम अवसर है। उन्होंने आरक्षियों को समय की पाबंदी, शारीरिक दक्षता, सत्यनिष्ठा, वर्दी की शुद्धता तथा जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके द्वारा विभागीय अभिलेखों का अवलोकन भी किया गया तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक राजीव कुमार साय सहित पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एसपी ने गुरु गोरखनाथ मंदिर का लिया जायजा

- मकर सक्रांति के मद्देनजर चौक मंदिर में पुलिस का अभेद्य घेरा, हर गतिविधि पर पैनी नजर
- खिचड़ी मेले पर हाईटेक पहरा, ड्रोन और 100 ष्टष्टञ्क से हर कदम पर नजर

जन एक्सप्रेस। महराजगंज




मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर चौक स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर में आयोजित होने वाले खिचड़ी मेले को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र को अभेद्य सुरक्षा घेरे में रखा गया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया है।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने प्रवेश-निकास मार्गों की व्यवस्था, कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और आपातकालीन सेवाओं की तत्परता की समीक्षा की। इस दौरान आवश्यक सुधार के भी निर्देश दिए गए।

खिचड़ी मेले की सुरक्षा को तकनीकी रूप से मजबूत किया गया है। मंदिर परिसर के भीतर 35 तथा बाहर 65 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी 24 घंटे पुलिस कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही दो ड्रोन कैमरों के माध्यम से मेला क्षेत्र, पार्किंग स्थल और आवागमन मार्गों पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिसकर्मियों की पर्याप्त तैनाती की गई है। वहीं, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए सादे कपड़ों में भी पुलिस बल तैनात रहेगा।

श्रद्धालुओ की भीड़ और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए मंदिर से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर आठ स्थानों पर पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं। नगर क्षेत्र में जाम की स्थिति से बचने के लिए रूट डायवर्जन लागू किया गया है। बड़ी गाड़ियों को झांझनपुर चौराहे से थाना सिंदुरिया होते हुए निचलौल की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। हालांकि पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से शांति, सहयोग और अनुशासन बनाए रखने की अपील की है। साथ ही निर्देश दिया गया है कि निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें और पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन कर खिचड़ी मेले को सुरक्षित, व्यवस्थित और सफल बनाने में सहयोग करें।

# खिचड़ी मेले को लेकर डीएम-एसपी ने चौक मंदिर का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी मेले के सफल एवं सुरक्षित आयोजन को लेकर सोमवार को महराजगंज जिलाधिकारी संतोष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने चौक स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया है।

इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही, निगरानी व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं की तत्परता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

**सुरक्षा और व्यवस्था पर विशेष निर्देश**

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने निरीक्षण के दौरान मेले से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मेला परिसर में वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती होगी तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर एक गतिविधियों पर निगरानी की जाएगी। साथ ही स्वच्छता एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

**अग्निशमन विभाग को दिशा-निर्देश**

अग्निशमन विभाग को मेला परिसर में आवश्यक अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था, अग्निशमन कर्मियों की तैनाती तथा आपात स्थिति में दमकल वाहनों के सुचारू आवागमन हेतु मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। वही श्रद्धालुओं के लिए हेल्थ कैंप, खोया-पाया केंद्र एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, बैरिकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था तथा कंट्रोल रूम से निरंतर संपर्क बनाए रखने के लिए संबंधित को निर्देशित किए।

**सतर्कता और अनुशासन पर जोर**

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने ड्यूटी में तैनात फोर्स को पूरी तरह सतर्क रहने, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने, गश्त बढ़ाने एवं प्वाइंट ड्यूटी पर अनुशासन के साथ तैनात रहने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला सुरक्षा, भगदड़ की रोकथाम, लाउडस्पीकर के माध्यम से जागरूकता, हेल्प डेस्क संचालन एवं खोया-पाया केंद्र को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि खिचड़ी मेला शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

## बार्डर पर नेपाली शराब बरामद, नाबालिग गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** निचलौल थाना क्षेत्र के इंडो नेपाल सरहद से सटे शीतलापुर में आबकारी विभाग व स्थानीय चौकी पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर नेपाली शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आबकारी इंस्पेक्टर वैभव कुमार यादव ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान एक खेत से 240 शीशी नेपाली शराब बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि मौके से एक बाल अपचारी अलीराज अंसारी पुत्र हुसैन अंसारी, निवासी मटरा धमऊर, उम्र लगभग 16 वर्ष, को पकड़ा गया, जो शराब की तस्करी में संलिप्त था। शराब तस्करी में संलिप्त युवक नाबालिग होने के कारण बाल संरक्षण/कल्याण अधिकारी अमित कुमार राय को मौके पर बुलाया गया और विधिक प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई की गई। जबकि बरामद शराब को आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 60/63 के अंतर्गत जब्त कर लिया गया है। बाल अपचारी अलीराज अंसारी के विरुद्ध किशोर न्याय बोर्ड में मुकदमा प्रारंभ किया जाएगा।

# बेसहारा बुजुर्गो को वृद्धाश्रम में मिलेगी नि:शुल्क सुविधा

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़




जिले में मंगलवार को समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली-2014 के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित स्वयंसेवी संस्था शिवा ग्रामोद्योग के माध्यम से महुली चिलबिला में एक वृद्धाश्रम का सफल संचालन किया जा रहा है।

इस वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों को निःशुल्क आवास, भोजन, वस्त्र, मनोरंजन तथा औषधीय उपचार जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे वे सुरक्षित, सम्मानजनक और सुखद जीवन व्यतीत कर सकें। शासन के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिक, जो मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ हों, चलने-फिरने में सक्षम हों तथा जिनके पास अपने भरण-पोषण के पर्याप्त संसाधन न हों, निर्धन या निराश्रित हों और वृद्धाश्रम में रहने के इच्छुक हों, उन्हें प्रवेश की सुविधा दी जा रही है। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक स्वयं अथवा किसी परिचित के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी से भी संपर्क किया जा सकता है।

# एक मकान में 233 वोटर...'सरस्वती और अरमान' रहते हैं एक साथ, आने लगी सूची की खामियां

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की अनन्तिम मतदाता सूची में ढेर सारी खामियां सामने आने लगी हैं। मतदाता सूची में दर्ज कई ऐसे मकान हैं जिनमें 150 से 200 मतदाता हैं। कहीं हिंदू और मुस्लिम परिवार एक साथ रह रहे हैं तो कहीं एक ही घर में कई जाति वर्ग के लोगों का नाम दर्ज है। कुछ ऐसे भी घर हैं जहां एक ही परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग बूथ पर दर्ज हैं। वार्ड नंबर-15 दिग्विजयनगर में बूथ संख्या 260 पर मकान नंबर 617 में 378 से 610 सीरियल नंबर तक 233 मतदाताओं के नाम हैं। क्रम संख्या 378 पर शकुंतला देवी का नाम दर्ज है तो इसी मकान में 607 नंबर पर मो रज्जाक, जबकि 606 नंबर पर गरिमा सिंह का नाम है। शकुंतला देवी का कहना है कि उनके मकान में मुस्लिम परिवार का नाम कहां से आ गया, समझ से परे है। वार्ड के पार्षद ऋषि मोहन वर्मा ने बताया कि 2003 की मतदाता सूची में जो गलतियां थीं वही इसमें भी हैं। एसआईआर फॉर्म में सब कुछ सही से भरने के बाद भी कोई संशोधन नहीं हुआ। एक-एक घर में 200 से ज्यादा नाम दर्ज होना भी हैरान करने वाला है। इसी तरह बेतियाहाता वार्ड में भाग संख्या 326 में मकान नंबर 12 में 133 मतदाताओं के नाम हैं। इसमें 101 नंबर सरस्वती देवी हैं तो 139 नंबर पर अरमान आलम हैं। भाग संख्या में 328 में भी एक ही मकान में हिंदू और मुस्लिम परिवार एक साथ रहते हैं। 247 नंबर क्रमांक पर सूर्यनाथ हैं तो 250 नंबर पर अब्दुल राइन का नाम है। वार्ड के पार्षद विश्वजीत त्रिपाठी कहते हैं, मतदाता सूची मिलने के बाद मिलान किया जा रहा है। बहुत सारी खामियां हैं, सबको सूचीबद्ध किया जा रहा है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम दीपक मीणा का कहना है कि छह फरवरी तक आपत्तियां और दावा मांगा गया है। इसका निस्तारण कर खामियां को दुरुस्त कराया जाएगा। गोरखपुर। वार्ड नंबर 16 में जनप्रिय विहार कॉलोनी में रहने वाली रिखित वर्मा का नाम मतदाता सूची के भाग संख्या 256 में है जबकि उनकी बेटी अदिति का नाम 262 में दर्ज कर दिया गया है।

323 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची की खामियों को सही करने के लिए ईआरओ (निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) प्रशांत वर्मा ने सदर तहसील सभागार में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता सूची के पुनरीक्षण, नए नाम जोड़ने, गलत प्रविष्टियों को हटाने और संशोधन से संबंधित दिशा-निर्देश विस्तार से दिए गए। बीएलओ को निर्देश दिया गया कि वे मतदाताओं को सही फार्म के बारे में जागरूक करें और स्वयं भी फार्म भरवाते समय पूरी सतर्कता बरतें। ईआरओ प्रशांत वर्मा ने बीएलओ को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि फार्म 6 केवल उन्हीं मामलों में भरवाया जाए, जहां आवेदक के परिवार के किसी एक सदस्य का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज हो। उन्होंने कहा कि बिना आधार और नियमों की अनदेखी कर फार्म भरवाने से मतदाता सूची में गड़बड़ियां होती हैं, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया प्रभावित होती है।

# प्रतापगढ़: एडीजी ने माघ मेला के मद्देनजर जिले की व्यवस्थाओं को परखा, दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



माघ मेला- प्रयागराज के दृष्टिगत मंगलवार को एडीजी प्रयागराज ज्योति नारायण ने जिले में पहुंचकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा, यातायात व्यवस्था व रूट डायवर्जन समेत की गई तैयारियों का व्यापक निरीक्षण किया। एडीजी प्रयागराज जोन ज्योति नारायण ने एसपी दीपक भूकर के साथ कोहड़ौर थाना क्षेत्र में बनाए गये वाहनों के लिए पार्किंग स्थल व रुट डायवर्जन की व्यवस्था को बारीकी से परखा।

बता दें कि प्रयागराज में चल रहे माघ मेला में देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का पहुंचना होता है। और इस दौरान प्रयागराज-अयोध्या के बीच भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहता है। जिसके चलते भीड़ के दबाव को नियंत्रित करने के लिए जिले में रुट डायवर्जन व पार्किंग की व्यवस्था काफी सुदृढ़ रखी जाती है। एडीजी ज्योति नरायन सिंह ने पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि माघ मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और यातायात व्यवस्था पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की उपस्थिति के दौरान कानून व्यवस्था एवं मानवीय व्यवहार सर्वोपरि होना चाहिए। इस दौरान एडीजी ने वहां मौजूद लोगों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। साथ ही माघ मेला के मद्देनजर की गई तैयारियों को लेकर लोगों से उनकी राय भी ली।

और अंत में उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को यातायात व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही कहा कि सड़क के किनारे कोई भी वाहन न खड़े हों, सभी निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े किए जाएं। इस दौरान जिले में एसपी दीपक भूकर की तैयारियों से एडीजी पूरी तरह संतुष्ट नजर आए। इस दौरान एसपी दीपक भूकर, एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल, सहायक पुलिस अधीक्षक ( सीओ सिटी ) प्रशांत राज समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# जौनपुर में प्रभारी मंत्री की बैठक में बवाल विरोध के बाद भाजपा नेता को दिखाया गया बाहर का रास्ता!

## राज्यसभा सांसद के तीखे तेवर से सहमे अफसर, संगठन और प्रशासन आमने-सामने

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



बीते दो दिन पहले पुलिस लाइन जौनपुर में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री तथा जनपद प्रभारी मंत्री एके शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय प्रशासनिक एवं भाजपा समन्वय समिति की बैठक उस समय हंगामेदार हो गई, जब संगठन और प्रशासन के बीच तीखी नोकझोंक खुलकर सामने आ गई। बैठक के दौरान एक भाजपा नेता एवं पूर्व प्रत्याशी को बाहर का रास्ता दिखाए जाने से माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया।

### शुरुआत से ही दिखने लगे तल्खी के संकेत

बैठक की शुरुआत सामान्य रही, लेकिन कुछ ही देर में माहौल बदल गया। सूत्रों के अनुसार, भाजपा की राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने बैठक में शामिल लोगों की वैधता पर सवाल खड़े करते हुए प्रभारी मंत्री से पूछा कि समिति की बैठक में किन-किन लोगों को शामिल होने का अधिकार है। उन्होंने इस संबंध में अधिकृत सूची प्रस्तुत करने की मांग की।

### सूची पढ़ते ही नेता को बाहर जाने का निर्देश

प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने जिलाधिकारी से सूची मंगवाई और उसे बैठक में सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाया। सूची पढ़े जाने के बाद एक भाजपा नेता एवं पूर्व प्रत्याशी का नाम सामने आने पर उन्हें बैठक से बाहर जाने का निर्देश दिया गया। इस कार्रवाई से कई पार्टी पदाधिकारी असहज नजर आए और बैठक में खुसुर-फुसुर शुरू हो गई।

### ग्राम पंचायत सचिव का मामला बना विवाद की जड़

इसके बाद बैठक में ग्राम पंचायत सचिव के स्थानांतरण का मुद्दा छा गया। सांसद सीमा द्विवेदी ने आरोप लगाया कि जिस ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ उन्होंने भ्रष्टाचार की शिकायत दस से अधिक बार जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से की थी, उस पर कार्रवाई करने के बजाय उसका कार्यक्षेत्र बढ़ा दिया गया। उन्होंने इसे प्रशासन की लापरवाही बताते हुए जिलाधिकारी से सीधे जवाब मांगा।

### प्रमुख सचिव का नाम पूछते ही बढ़ा तनाव

जिलाधिकारी ने जवाब में एक प्रमुख सचिव और एक भाजपा नेता की संस्तुति का हवाला दिया, हालांकि नाम बताने से बचते रहे। यह सुनते ही सांसद सीमा द्विवेदी नाराज हो गईं। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि प्रमुख सचिव का नाम बताया जाए, ताकि वह स्वयं उनसे बात कर सकें। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि जब तक इस मामले का समाधान नहीं होगा, बैठक आगे नहीं बढ़ेगी।

### प्रभारी मंत्री ने स्थिति संभालने की कोशिश, लेकिन नहीं मानी सांसद

प्रभारी मंत्री ने माहौल शांत करने और विषय बदलने का प्रयास किया, लेकिन सांसद अपने रुख पर अड़ी रहीं। उनके सख्त तेवर देखकर बैठक में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया और पूरा वातावरण तनावपूर्ण हो गया।

### समन्वय की बैठक में उभरे कई सवाल

हालांकि बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा,
कानून-व्यवस्था और विकास कार्यों पर चर्चा करना था, लेकिन इस घटनाक्रम ने बैठक की दिशा ही बदल दी। पूरे प्रकरण ने भाजपा के अंदरूनी समीकरणों और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# जौनपुर में टेंडर प्रक्रिया पर फिर उठा सवाल?

## सुईथाकला क्षेत्र पंचायत में कथित फर्जी टेंडर का आरोप, सदस्यों ने बीडीओ को सौंपा शिकायती पत्र



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले के विकास खंड सुईथाकला क्षेत्र पंचायत में टेंडर प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए कथित भ्रष्टाचार की परतें खोल दी हैं। सदस्यों का आरोप है कि लंबे समय से क्षेत्र पंचायत की बैठक ही नहीं बुलाई गई, जिससे विकास कार्यों की पारदर्शी योजना बनाने की प्रक्रिया पूरी तरह ठप पड़ी है। आरोप है कि बार-बार लिखित प्रार्थनापत्र देने के बावजूद 30 दिसंबर 2025 को बिना क्षेत्र पंचायत की बैठक बुलाए नियमों को दरकिनार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इसे केवल औपचारिकता निभाने के लिए क्षेत्र पंचायत कार्यालय की सूचना पट पर चस्पा किया गया। मामला तब और संदिग्ध हो गया जब सोशल मीडिया पर खबर सामने आने के बाद सदस्यों ने टेंडर की शर्तों और कार्यों की सूची का अवलोकन किया। क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दावा है कि टेंडर में करीब दस ऐसे कार्य शामिल हैं, जिन्हें पहले ही समय से पूर्व पूरा कराया जा चुका है।

इतना ही नहीं, कुछ कार्य ऐसे भी पाए गए जिनके लिए पूर्व में टेंडर निकाला गया था, लेकिन जांच में अनियमितता मिलने पर उसी विभाग ने पूरी टेंडर प्रक्रिया को निरस्त कर दिया था। हैरानी की बात यह है कि उन्हीं विवादित कार्यों को दोबारा नए टेंडर में शामिल कर दिया गया। इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों में जबरदस्त आक्रोश है। उनका कहना है कि इस तरह की मनमानी प्रक्रिया से न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, बल्कि क्षेत्र पंचायत जैसी लोकतांत्रिक संस्था की गरिमा भी तार-तार हो रही है। सदस्यों ने मांग की है कि कथित फर्जी टेंडर को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए, पहले क्षेत्र पंचायत की बैठक बुलाकर नई कार्ययोजना तैयार की जाए और उसके बाद ही नियमों के अनुसार टेंडर प्रकाशित किया जाए। सदस्यों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच नहीं हुई तो वे उच्च अधिकारियों और शासन स्तर तक शिकायत करने को मजबूर होंगे।

अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इन गंभीर आरोपों पर क्या कार्रवाई करता है या मामला फाइलों में ही दबकर रह जाएगा।

# पत्नी ने बच्चों के साथ जिलाधिकारी को पत्र देकर लगाया जमीन बचाने की गुहार

जन एक्सप्रेस। बस्ती



सोनहा थाना क्षेत्र की कनेथू बुर्जुग निवासिनी सपना त्रिपाठी पत्नी स्वर्गीय दीपक कुमार ने जिलाधिकारी को पत्र देकर अपनी जमीन बचाने की गुहार लगाया है। उसने चेतावनी दिया है कि शीघ्र न्याय न मिला तो वह डीएम कार्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन धरना देने को बाध्य होगी।

डीएम को दिये पत्र में सपना त्रिपाठी ने कहा है कि उसके पति दीपक कुमार शराबी थे, उनके नशे का लाभ उठाकर गांव के ही संजय कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ने बैनामा करवा लिया था जिसकी जानकारी मरते दम तक न तो उनके पति को हुई, और न ही मेरे परिवार के किसी अन्य व्यक्ति को। जब संजय कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उनकी जमीन पर कब्जा करने लगे और अपने नाम लिखे हुए दस्तावेज का हवाला देते हुए दाखिल खारिज बंधन मुक्त खतौनी दिखाये, तब उनके परिवार वालों को जानकारी हुई, साथ ही संजय कुमार ने यह भी धमकी दिया कि दीपक कुमार ने हमसे और भी पैसा लिया है, चलो शेष जमीन का भी बैनामा कर दो नहीं तो हम तुम्हारे हिस्से की सारी जमीन कब्जा कर लेंगें और जो फसल लगी है, उसे काट लेंगे, अगर बीच मे कोई रोड़ा बनेगा तो पूरे परिवार को खत्म कर देंगे । इस बात से डरकर उनकी सास ने सभी सक्षम अधिकारियों, डीएम, एस, डी, एम, भानपुर , मण्डलायुक्त, मुख्यमंत्री के पोर्टल पर भी प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया और न्याय की गुहार लगाई लेकिन कहीं से भी कोई कार्यवाही नही हुई, जिससे विपक्षी संजय कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद का मनोबल और भी बढ़ गया, जिससे उन्होने धान की फसल को भी काट लिया, और पूरे खेत को कब्जे में लेकर जबरदस्ती जोत बो लिये। इस पर. उनकी सास की तरफ से भी तहसील दिवस व उन्ही सक्षम अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। सपना त्रिपाठी ने कहा है कि यदि प्रसाशन द्वारा कोई कार्यवाही नही हुई तो वह पूरे परिवार सहित जिलाधिकारी कार्यालय अनिश्चित कालीन धरना देने को बाध्य होगी।

# बाल विवाह मुक्त भारत लोगों ने खाई कसम



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खुटहन थाना प्रांगण में मंगलवार को खुटहन पुलिस व बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लोगों ने भारत को बाल विवाह मुक्त रखने की कसमें खाई। इस दौरान थाना खुटहन पुलिस समेत क्षेत्र के पंडित, मौलाना, वीडियोग्राफर, मैरिज लॉन संचालक, सजावट वाले, डीजे संचालक और टेंट मलिक सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

जिला प्रोबेशनल अधिकारी के निर्देशन में थाना परिसर में आयोजित उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय के नेतृत्व में हुआ चंदन राय ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत को रखने की कसमे खिलाते हुए कानूनी विधिक बातों से अवगत कराया। बाल संरक्षण अधिकारी के उद्बोधन में बताया गया कि बाल विवाह अधिनियम 2006 के अनुसार विवाह के लिए वधू की उम्र 18 वर्ष और वर्ग की उम्र 21 वर्ष होना चाहिए इससे काम की शादी बाल विवाह के अंतर्गत आता है जो कि अवैध है इसकी शिकायत करने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा शिकायत प्रशासन के नागरिक से बाल विवाह की सूचना देने की अपील की उपर्युक्त शिकायत देने वाले पड़ोसी रिश्तेदार या अन्य लोगों का नाम गोपनीय रखा जाएगा इसके तहत शिकायत चाइल्ड नंबर 1098 पर कर सकते हैं। शिकायत करने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। इस मौके पर खुटहन थाना स्टाफ, पत्रकार साथी व सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा, डीएम ने बैंकों को दिए सख्त निर्देश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंकों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वीकृत आवेदनों पर शीघ्र ऋण वितरण की प्रक्रिया पूरी की जाए।

जिलाधिकारी ने बैंकों में लंबित पड़े आवेदनों की जानकारी लेते हुए कहा कि जिन मामलों में दस्तावेज अपूर्ण हैं, उनके बारे में आवेदकों को तत्काल अवगत कराते हुए आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कराई जाएं, ताकि किसी भी पात्र युवा को अनावश्यक रूप से इंतजार न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। ऐसे में सभी बैंक एवं उनकी शाखाएं सक्रिय सहभागिता निभाते हुए योजना को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया सहित विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी, प्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनएचएआई परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

## लंबित मुआवज़ा भुगतान तत्काल कराने के निर्देश



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिलाधिकारी डॉ0दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग एवं बाईपास परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। डीएम ने हौज से लाइन बाजार, नईगंज होते हुए कुल्हनामऊ बाईपास तक प्रस्तावित चौड़ीकरण कार्य की स्थिति पर उपस्थित तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित लेखपालों से जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन भू-अधिग्रहण मामलों में मुआवज़ा भुगतान अब तक अवशेष है, उसका भुगतान शीघ्र सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही जो प्रकरण लिटिगेशन के दायरे में हैं, उनका स्पष्ट उल्लेख अभिलेखों में किया जाए।

जिलाधिकारी ने लेखपालों को निर्देशित किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें। इसके साथ ही अंश निर्धारण एवं फॉर्मर रजिस्ट्री से संबंधित कार्यों को भी समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) परमानंद झा, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 85 लाख से त्रिलोचन महादेव मंदिर का होगा कायाकल्प

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रेहटी स्थित प्राचीन एवं श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र त्रिलोचन महादेव मंदिर के सौंदर्यीकरण और समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जफराबाद से विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश नारायण राय के सतत प्रयासों से पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर के विकास के लिए लगभग 85 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधारभूत संरचनाओं का विकास होगा। परियोजना के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और शीघ्र ही कार्यदायी संस्था आवास एवं विकास परिषद, वाराणसी द्वारा निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। मंदिर परिसर के विकास से न केवल धार्मिक आस्था को नया आयाम मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक जगदीश नारायण राय ने कहा कि त्रिलोचन महादेव मंदिर क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर है।

# वर्तमान में सहभोज को सहज भोज बनाने की जरूरत : रमेश



जन एक्सप्रेस। बस्ती

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हरैया कस्बे के एक धर्मशाला में मंगलवार को सामाजिक समरसता सह भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक रमेश ने कहा कि जाति, वर्ग और भौतिक भेदों को समाप्त कर सामाजिक सौहार्द को मजबूत करना वर्तमान समय की आवश्यकता है। कहा कि समरसता वास्तव में तभी सार्थक साबित होगी जब शत प्रतिशत भेदभाव समाज से खत्म हो सके। जब समाज से भेदभाव खत्म होगा हम एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे तभी एक गौरवशाली राष्ट्र का निर्माण होगा। कहा कि बिना सामाजिक समरसता के एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र की कल्पना संभव नही है। कहा कि यह आवश्यक है कि भेदभाव मिटाकर हम एक दूसरे के घर जाएं और साथ में भोजन करें। सह भोज को सहज भोज बनाने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर संघ चालक रामतीरथ चौरसिया ने किया।

इस अवसर पर जिला प्रचारक राघवेन्द्र, जिला कार्यवाह संतोष, सह जिला कार्यवाह प्रमोद, दीपांशु सिंह, शक्तिदीप पाठक, विमलेन्द्र सिंह, अतुल तिवारी, विवेक सिंह, राकेश सिंह नगर कार्यवाह, विकास कान्त पाण्डेय, विशाल कान्त पाण्डेय, प्रवीन सिंह, विनय सिंह, राजेश द्विवेदी, संतोष केसरवानी, गिरजेश सिंह, कुंवर आनंद सिंह, ध्रुव नारायण सिंह, चिन्मय राय, शिवचरन जयसवाल, योगेश सिंह, विपुल, प्रमोद सिंह आदि उपस्थित रहे।

# फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी, कप्तान से लगाया न्याय की गुहार



जन एक्सप्रेस। बस्ती

वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के गनेशपुर टोला रामपुर निवासी मनीष कुमार चौधरी पुत्र राजमणि चौधरी ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कहा है कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के खुटहना निवासी कृष्ण नन्दन उपाध्याय पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उपाध्याय मुकदमें में सुलह करने के लिये उनके परिवार वालों पर दबाव बना रहे हैं।

एसपी को दिये पत्र में मनीष कुमार चौधरी ने कहा है कि कृष्ण नन्दन उपाध्याय द्वारा गवाहों को गाली और धमकी दिया जा रहा है। वे अपने घर पर काम करने वाले लोगों से मनगढन्त प्रार्थना पत्र दिलाकर दलित उत्पीड़न के फर्जी मामलों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में कृष्ण नन्दन उपाध्याय के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत करने के साथ ही उनके परिवार के जान माल की सुरक्षा किये जाने की गुहार लगाया है।

# डिजिटल लाइब्रेरी में युवक ने लगाई फांसी, इलाके में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



रामपुर थाना क्षेत्र के बनीडीह गांव निवासी 22 वर्षीय शैलेश यादव ने साधिरनगंज बाजार स्थित अपनी डिजिटल लाइब्रेरी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार देर रात करीब 12 बजे की इस घटना से बाजार और गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही रामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है, वहीं गांव और बाजार क्षेत्र में शोक व सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा होगा।

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार, सरायख्वाजा पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय, थाना सरायख्वाजा हेड कांस्टेबल छद्दू यादव कांस्टेबल विनोद सिंह कांस्टेबल कृष्णानन्द यादव



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

थाना सरायख्वाजा पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। प्रभारी निरीक्षक अमरेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को धर दबोचा।

पुलिस के अनुसार, थाना सरायख्वाजा में पंजीकृत मु0अ0सं0 14/2026, धारा 70(2), 351(3) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से संबंधित मामले में आरोपी फरार चल रहे थे। मंगलवार को पुलिस टीम मामले के संबंध में चर्चा कर रही थी, तभी मुखबिर खास से सूचना मिली कि दोनों वांछित अभियुक्त कुतूपुर तिराहे पर कहीं भागने की फिराक में खड़े हैं।

सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर मौके से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गिरफ्तार युवकों ने अपना नाम शशिकांत पुत्र त्रिवेणी प्रसाद तथा गुलशन पुत्र सेवक राम, निवासीगण बगथरी, थाना गौराबादशाहपुर, जनपद जौनपुर बताया। पुष्टि होने पर दोनों को गंभीर अपराध में गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है। वहीं पीड़िता को हर संभव सुरक्षा और सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

# कांग्रेसियों ने पूर्व सांसद कमला सिंह को दी श्रद्धांजलि



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

मुंगराबादशाहपुर कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद स्व.कमला प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी जौनपुर के अध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद कमला प्रसाद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि स्व.कमला सिंह जनपद के विकास पुरुष के नाम से जाने जाते हैं, वे विधायक, जिलापंचायत चेयरमैन और सांसद के रूप में जौनपुर जनपद के विकास के लिए आजीवन काम करते रहे। डा.प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि वे जाति, मजहब से ऊपर थे, उन्होंने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया उनका राजनैतिक जीवन उच्च आदर्शों से परिपूर्ण रहा। इस मौके पर मुंगराबादशाहपुर की कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष राजकुमारी मिश्रा, देवराज पांडेय, शेर बहादुर सिंह, राकेश मिश्रा, ललित चौरसिया, संतोष पाण्डेय, अशोक सिंह, जयप्रकाश मिश्रा, लोकेश दूबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एनएच 135ए विस्तार में आ रही बाधा दूर, एसडीएम ने किया स्थल निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के निर्देश के क्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 135ए के विस्तारीकरण को लेकर ग्राम खरगीपुर, महरौरा व गोधना में भूमि अधिग्रहण से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उप जिलाधिकारी शाहगंज ने नायब तहसीलदार लपरी एवं क्षेत्रीय लेखपाल के साथ किया।

स्थल निरीक्षण के दौरान उपस्थित खातेदारों ने मुआवज़ा भुगतान से जुड़ी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। उप जिलाधिकारी शाहगंज ने मौके पर किसानों से संवाद स्थापित कर उनकी शंकाओं का समाधान किया, जिसके बाद लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र में आ रही बाधा का निवारण कराया गया।

प्रशासन द्वारा समस्याओं के त्वरित समाधान से राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तारीकरण कार्य को गति मिलने की उम्मीद है।

# सिर पर झूलते बिजली के तार दे रहे हादसों को दावत

## बांस बल्ली के सहारे लटक रहें तार बिजली विभाग अपनी जिम्मेदारियों से रही पल्ला झाड़

जन एक्सप्रेस। सुनहरा





**लखीमपुर खीरी।** महेवागंज चौकी के पीछे हाजीपुरवा गांव भर में जगह-जगह झूलते बिजली के तार ग्राम वासियों के लिए आफत बने हुए हैं।कम ऊंचाई पर लटकने के कारण इस तारों से हर समय हादसे का डर लगा रहता है। बिजली विभाग अभी तक इन तारों को बदलने के साथ इनकी व्यवस्था ठीक से नहीं कर सका है। गांव के मुख्य मार्गों तथा भीतरी भागों में झूलते बिजली तार आमजन के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। इन तारों की ऊंचाई सडक़ मार्ग से कम होने के कारण आमजन को हर समय हादसे का भय सताता जा रहा है। वहीं झूलते बिजली के तार हल्की हवा के कारण आपस में टकरा जाते हैं जिसके कारण आए दिन बिजली सप्लाई बाधित हो जाती है। बताते चलें द्वितीय (मितौली) कालाआम के अंतर्गत बनवारीपुर पावर हाउस के क्षेत्र ग्राम पंचायत ओदरहना के गांव हाजीपुरवा मार्ग पर बिजली विभाग की लापरवाही सामने आएगी जहां ग्यारह हजार वोल्ट की लाइन के ऊपर और नीचे 440 वोल्ट की लाइन की आपसी दूरी नाम मात्र है जिसको देखकर दिल डर जाता है इस इंटरलॉकिंग मार्ग पर 200 मीटर से ज्यादा दूरी के तार सिर्फ लकड़ी व बास बल्ली व घर के छज्जे के सहारे लटक रहे जबकि बिजली विभाग के मानकों की बात की जाए तो 40 मीटर के ऊपर तार जाने पर आप कनेक्शन नहीं ले सकते तो फिर यह तारों का जाल और यह तारों का झुंड कहा से आया आखिर किसके इशारे पर कनेक्शन दिए गए क्या स्थलीय निरीक्षण नहीं किया गया बास की बल्ली के सहारे इतने दूर तक तार लटक रहे हैं मजे की बात यह है कि उन तारों में बीच-बीच में ज्वाइंट भी है अगर कोई वाहन या वाहन पर बैठा व्यक्ति निकलता है तो उसके सर पर करंट दस्तक दे सकता है।तारों की इतनी भयावह स्थिति देखकर आदमी खुद ही अंदाजा लगा सकता है की किस तरह से लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है गांव वासी उक्त तारों को लेकर काफी दुखी दिखाई दिए उन्होंने कहा की कार्रवाई क्या करने से फायदा किससे कहे जाकर कहीं कोई सुनवाई नहीं होती शिकायती पत्र दो तो रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाएगा इसलिए जैसा हो रहा है झेल रहे हैं गांव वासियों की बेबसी से यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि बिजली विभाग किस तरह से लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहा है इसका नजारा देखना हो तो दुबग्गा रोड पर ओदरहना की हाजीपुरवा रोड पर देख सकते आए दिन इस तारों के झूड पर स्पार्किंग की समस्या उत्पन्न रहती है छोटे छोटे बच्चे खेल रहे होते हैं। जानवर बंधे होते हैं छुट्टा जानवर घूम रहे होते हैं कोई भी घटना घटित हो सकती है और घटनाएं घटित भी होती है लेकिन इसका बिजली विभाग पर कोई असर नहीं दिखाई देता लोगों की जान जाए तो जाए बिजली विभाग का इससे कोई भी लेना-देना नहीं होता यह है की करंट से कोई हादसा हो जाए तो विभागीय अधिकारी जांच बिठाल देते हैं,

और वह जांच सदैव बैठी रहती है, कभी खड़ी नहीं होती इसलिए अंधेर नगरी चौपट राजा वाला मामला चल रहा है चलता रहेगा बिजली विभाग का।

## सनातन धर्म सरस्वती शिशु मे योग का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



विद्याभारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना में मंगलवार को भारतीय योग संस्थान की लखीमपुर इकाई के केंद्र प्रभारी नरेश चन्द्र वर्मा एवं केंद्र सहायक राम बहादुर जी का वंदना सभा में शुभागमन हुआ।अतिथि द्वय एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य मुनेन्द्र दत्त शुक्ल जी द्वारा मां शारदा के समक्ष पुष्पार्चन, दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य जी ने रोली व बैज के द्वारा अतिथि परिचय एवं स्वागत कराया। केंद्र सहायक राम बहादुर जी ने सर्दियों में शरीर को स्वस्थ एवं निरोग रखने हेतु अनेक सूक्ष्म व्यायाम,सन्धियों के व्यायाम, आसन एवं अन्य योग क्रियाएं करवाईं, वहीं पर केंद्र प्रभारी नरेश चन्द्र वर्मा ने शरीर को निरोग रखने हेतु वायु मुद्रा, संजीवनी मुद्रा, अग्नि मुद्रा, जल मुद्रा, मूलबंध, उज्जायी प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम आदि को करवाते हुए उनके लाभों से सभी को अवगत कराया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य विजय शंकर तिवारी जी द्वारा आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।इस अवसर पर शिशु मंदिर का समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

# पिता की याद में सेवा, डॉ.रचना ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल, बन गई मिसाल

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



दिन में हल्की धूप और रात में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।लगातार चल रही शीतलहर से जनमानस का बुरा हाल है।ऐसे में उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा, कंपोजिट की शिक्षिका तथा जनपद की एस आर जी डॉ रचना सिंह ( राज्य शिक्षक पुरस्कार सम्मानित) ने अपने पिता अरिमर्दन सिंह चौहान की पुण्यतिथि को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए दिव्यांगों,बुजुर्गों, जरूरतमंदों को कंबल वितरण कर मानवता का संदेश दिया।

विकास खण्ड पुरवा के ग्राम नाथीखेड़ा में पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा के साथ पहुंच कर डॉ. रचना सिंह ने दिव्यांग व्यक्तियों, बुजुर्गों और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये। रचना सिंह द्वारा किये गए कंबल वितरण का प्रयास ठंड से जूझते चेहरों पर मुस्कान लेकर आया। दिव्यांग प्रदीप कुमार अवस्थी उर्फ़ बाबू अवस्थी, दिव्यांग महेश रावत, दिव्यांग संतू रावत, महिलाओं में जग्गा गौतम, गंगाजली गौतम, विद्या गौतम सहित कई जरूरतमंद महिलाओं - पुरुषों ने कम्बल प्राप्त करके अपनी खुशी जाहिर की।

डॉ रचना सिंह ने बताया कि कंबल वितरण का यह सेवा कार्य अलग-अलग जगहों पर आगे भी चलाया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस भीषण ठंड में निराश्रितों की सहायता हेतु समर्थ वर्ग को आगे आना चाहिए। हमारा प्रयास होना चाहिए कि कोई भी असहाय का जीवन ठंड की वजह से न जाए। पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा ने ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किये जाने को मानवीय सेवा कार्य बताते हुए डा रचना सिंह की सराहना करते हुए हुए कहा कि उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के साथ -साथ सामाजिक सरोकार से समाज में बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है।ग्राम नाथीखेड़ा निवासी गिल्लन प्रसाद, रामेश्वर, रघुवीर, रामचंद्र, रघुवीर, राजाराम, आदि लोग उपस्थित रहें।

विशिष्ट अतिथि हिमांशु शुक्ला मंडल संवाददाता लखनऊ प्रिंशु शुक्ला जिला संवाददाता उन्नाव, मोनू शुक्ला भावी प्रधानपद प्रत्याशी कुलदीप सिंह वरिष्ठ समाजसेवी भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

# कटान क्षेत्र के घाटों का निरिक्षण कर साफ सफाई कराई गई



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

### प्रतिबंधित होगा मकर संक्रांति पर कटान श्रेत्र के घाटो पर गंगा स्नान

नगर शुक्लागंज गंगाघाट श्रेत्र के मिश्रा कालोनी के गंगाघाटों पर हो रही खतरनाक कटान को देखते हुए और 4 जनवरी 2026 की पौष लिखी गई खबर को दृष्टीगत रखते हुए जिला प्रशासन ने मकर संक्रांति पर स्नान प्रतिबंधित कर दिया है जिसके आदेश नगर पालिका और कोतवाली गंगाघाट को जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा अवगत कराया जा चुका है इसी क्रम नगर पालिका परिषद गंगाघाट अधिशाषी अधिकारी मुकेश मिश्रा एंव एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला द्वारा कटान श्रेत्र के घाटों का निरिक्षण कर साफ सफाई कराई गई और प्रतिबंधित घाटों पर बैरिकेटिंग कर मकर संक्रांति पर गंगा स्नान के लिए आने श्रद्धालुओं को स्नान से रोका जाएगा गंगा स्नान के लिये आनन्द घाट को ब्यवस्थित किया गया गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए नगर पालिका परिषद गंगाघाट द्वारा नाव नाविक एंव कुशल गोताखोरो की ब्यवस्था की गई है खतरनाक कटान के बीच पौष पूर्णिमा को हुए गंगा स्नान और उसके खतरे को प्रमुखता से लिखा गया था इससे सजग जिला प्रशासन ने शुद्ध और सुरक्षित मकर संक्रांति गंगा स्नान की मंशा से उक्त निर्णय लिया गया है मिश्रा कालोनी के घाटो पर हो रही खतरनाक कटान अब आबादी की तरफ बढ़ रही है जिला प्रशासन जियो बैग लगा कर कटान रोकने के लिए बल्लियाँ भी लगवाई है लेकिन जियो बैग लगाने में देरी से अब बल्लियाँ भी डूबने लगी है अगर जियो बैग समय से लगाए जाते तों कटान से निजात पाई जा सकती थी और घाटो पर गंगा स्नान भी प्रतिबंधित नहीं करना पड़ता अब देखना ये है की जनहित को दृष्टीगत रखते हुए जियो बैग कब तक लगाए जायेंगे या स्नान प्रतिबंधित कर जिला प्रशासन इतिश्री कर लेगा।

## कैंची धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार दुर्घटनाग्रस्तएक युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



बलरामपुर से उत्तराखंड स्थित कैंची धाम में नीम करोली बाबा के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार लखीमपुर गोकर्णनाथ के बीच सोमवार देर रात दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में सवार चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान 25 वर्षीय अंकित जायसवाल निवासी महराजगंज तराई के रूप में हुई है। दुर्घटना में घायल हुए युवकों में सतीश कौशल, अरविंद सोनी, विनय जायसवाल और सुनील सोनी शामिल हैं। सभी घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। मृतक के भाई मुन्ना जायसवाल ने बताया कि अंकित अपने चार दोस्तों के साथ 11 जनवरी को बाबा नीम करोली के दर्शन के लिए कैंची धाम गए थे। सोमवार को दर्शन कर सभी लोग कार से वापस घर लौट रहे थे।उन्होंने बताया कि सोमवार रात करीब 11:30 बजे लखीमपुर-गोला गोकर्णनाथ मार्ग पर उनकी कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि अंकित जायसवाल की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही परिजन लखीमपुर खीरी के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# आखिर समिति की जमीन पर कौन कर रहा है खेती?

## सहकारिता विभाग क्या शिकायतकर्ता की दौड़ बंद होने के इंतजार में है

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही भूमाफियाओं पर शिकंजा कसने का दावा कर रहे हो परंतु जिले का सहकारिता विभाग उनके इस दावे को पूर्णतया झुठलाने पर तुला हुआ है। मामला सदर तहसील के ब्लॉक फूलबेहड़ स्थित चभाल कृषि सहकारी समिति बसैगापुर की 258 एकड़ जमीन पर काबिज भूमाफिआयों को लेकर चर्चा में काफी समय से बना हुआ है। इस समिति के पूर्व सचिव सरदूल सिंह के कई वर्षों के प्रयासों के बाद गत वर्ष 4 अप्रैल 2025 को गेहूं की फसल को भूमाफियों द्वारा काटने व उस जमीन पर जाने से रोक लगाई थी किसी आदेश को निरस्त करने के लिए भू माफिया चंद्रप्रकाश व अन्य मा0 उच्च न्यायालय तक गए लेकिन उच्च न्यायालय ने ओ माफियाओं की रिट को खारिज कर दिया अर्थात प्रशासन द्वारा लगाई गई रोक को वैध माना। मामले में फैली जन चर्चाओं के अनुसार लोगों का मानना है कि इसके बाद भू माफियाओं ने सहकारिता विभाग के अफसरों से सांठ गांठ करके गेहू काट लिया और कुछ दिन तक सहकारी समिति की यह जमीन खाली पड़ी रही फिर भू माफियाओं ने सहकारिता विभाग के अफसर से सांठ गांठ करके धान लगाकर उसकी फसल भी काट ली और पुनः उसमें गेहू की फसल बोकर सिद्ध कर दिया कि भू माफिया बाहुबली होते हैं जिनके सामने किसी प्रकार का सारा बल बौना होता है। भूमाफियाओं का कहना है कि वह रोक के बाद जमीन के पास नहीं गए हैं।ऐसे में यह प्रश्न उठता है की जमीन आखिर कौन जोत बो रहा है? मामले में सहकारिता विभाग के जिला सहायक निबंधक रजनीश प्रताप सिंह से जानकारी लेने पर अपने सुर बदलते हुए कहने लगे हैं कि एसडीएम सदर भी इस प्रकरण की जांच कर रहे हैं जांच रिपोर्ट आने के बाद अपनी विभागीय रिपोर्ट व एसडीएम की रिपोर्ट टैली करने के बाद निर्णय लेंगे। जैसा कि उनके कथन से ही स्पष्ट है की वह माफियाओं की एक तरह से मदद ही कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि मामले के शिकायतकर्ता सरदूल सिंह जो 80 साल के हो रहे हैं आखिर कब तक जिएंगे और चक्कर लगा पाएंगे। दूसरी तरफ मामले में उभर रहे अन्य माफियाओं जिनके द्वारा एक अन्य समिति फर्जी तरीके से बनाकर बैंक खाता चालू कराने में भी अभी तक विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिससे उनके भी हौसलों में भी कोई कमी नहीं आई।

बताया जाता है की समिति की इस विवादित जमीन पर एक विद्यालय भी भूमाफियाओं द्वारा चलाए जा रहा है जिसकी मान्यता बेसिक शिक्षा विभाग ने लगभग 8 साल पूर्व दी थी।

# नवाबगंज सीएचसी का शासन की ओर से गहन निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

### कई कमियों पर जताई नाराजगी

नवाबगंज। उत्तर प्रदेश शासन के स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के रिसर्च ऑफिसर हरिओम शुक्ला ने मंगलवार को कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने प्रसूति, नवजात शिशुओं के इलाज, ओपीडी, इमरजेंसी, एमएनसीयू, महिला वार्ड, लेबर रूम, पैथोलॉजी लैब, ऑपरेशन थिएटर और दवा भंडारण आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान लेबर रूम में स्टाफ नर्स इलाज एवं उपकरणों के रखरखाव संबंधी सामान्य सवालों का जवाब नहीं दे सकी। ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में साफ-सफाई व रख-रखाव की खराब स्थिति पर ओटी असिस्टेंट को फटकार लगाई, वहीं एक्सपायर इंजेक्शन मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई। टीबी विभाग में आईसीटीसी कार्यक्रम की पुरानी यूनिट के रखे फ्रिज में एक्सपायर दवाएं पाई गईं। पैथोलॉजी लैब में एलटी माइक्रोस्कोप चलाने में असमर्थ और लैब से जुड़े सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। लेबर वार्ड में प्रसूताओं ने दोपहर का भोजन न मिलने की जानकारी दी।

उन्होंने साफ-सफाई, स्वास्थ्य कर्मियों की भेषभूषा, दवाओं- औजारों के रख- रखाव, लेखा- जोखा, डाक्यूमेंटेशन और एक्सपायर दवाओं के प्रबंधन में सुधार के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने सीएचसी में वाटर कूलर के साथ आरओ मशीन लगवाने का भी आदेश दिया। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. पंकज वर्मा, डॉ. शैलेंद्र अस्थाना, डॉ. अनुज सिंह, डॉ सिद्धार्थ आनंद, फार्मासिस्ट महेश साहू और विजय कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## पुलिस को फोन करने के बाद युवक ने जहर खाकर दी जान

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। भीरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने दबंग और उसकी गर्लफ्रेंड से परेशान होकर मंगलवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक ने इससे पहले डायल 112 पर फोन कर आत्महत्या की धमकी दी थी। उसकी हालत बिगड़ने पर उसे पहले बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में लखनऊ ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, युवक ने डायल 112 पर कॉल कर आत्महत्या करने की बात कही थी। सूचना मिलने पर भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे ने युवक से फोन पर बात कर उसे समझाने का प्रयास किया और थाने आने को कहा। हालांकि, युवक थाने आने को तैयार नहीं हुआ। इसी दौरान, डायल 112 की टीम युवक को खोजते हुए थाने ला रही थी। थाने के गेट पर पहुंचते ही युवक ने बताया कि उसने जहर खा लिया है। युवक को तुरंत बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इलाज के दौरान भीरा पुलिस और युवक के परिजनों के बीच बहस होने की भी खबर है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बने एक वीडियो में युवक यह कहते हुए सुना जा रहा है कि उसने थाने में जहर खाया था। थानाध्यक्ष रोहित दुबे ने बताया कि यह मामला प्रेम प्रसंग से संबंधित है। युवक को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया था, लेकिन वह लगातार फोन पर आत्महत्या की धमकी दे रहा था। मंगलवार को जब वह थाने पहुंचा, तो उसकी हालत अचानक खराब हो गई, जिसके बाद उसे तुरंत उपचार के लिए एक निजी वाहन से अस्पताल भेजा गया था ।इस घटना से जुड़ा थानाध्यक्ष और युवक के बीच बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें युवक पुलिस को फंसाने की धमकी देता हुआ सुना जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और युवक के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पंजीकृत पात्र आवेदकों के शीघ्र बनेंगे राशनकार्ड: विजय शुक्ला रिंकू




जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

### 337 लोगों ने कराया पंजीकरण

मंगलवार 13 जनवरी खुटार रोड स्थित फूलबाबा आश्रम के पास नगर पालिका परिषद गोला के तत्वावधान में कैम्प के छठवें दिवस कुल 337 रजिस्ट्रेशन हुए। खुटार रोड लाम्बा स्थित फूलबाबा आश्रम के पास विभिन्न समस्याओं को लेकर लोगों नें रजिस्ट्रेशन कराए जिसमें वृद्धावस्था के43 रजिस्ट्रेशन हुए जिसमें 37 लोगों की पेंशन रुकी हुई थी 06 नये रजिस्ट्रेशन किए गए, राशनकार्ड के 200 लोगों ने कैम्प में पंजीकरण कराया जिसमें 168 कार्डधारक थें जिनको यूनिट बढवानी थी शेष 32 नये कार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन हुए, विद्युत विभाग के 08 पंजीकरण हुए 03 स्मार्ट मीटर की रीडिंग के रजिस्ट्रेशन थे तथा 05 बिल बढोत्तरी के लिए पंजीकरण हुए, दिव्यांग पेंशन के 04, विधवा पेंशन के 14 पंजीकरण हुए। नगर पालिका परिषद से सम्बंधित 32 पंजीकरण हुए जो जन्मप्रमाण के थे ।साथ ही नये मतदाता बनने के भी 30 फार्म वितरित किए गए। नगर पालिका आपके द्वार अभियान में उपस्थित आमजन को सम्बोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि, पंजीकृत पात्र आवेदकों के शीघ्र राशनकार्ड बनेंगे तथा यूनिट बढाने का काम भी होगा।बसपा नेता सभासद इजरान ने कहा, चेयरमैन साहब का यह कार्य बहुत ही सराहनीय है। 15जनवरी को त्रिलोक गिरि में होने वाला कैम्प 16 जनवरी को नगर पालिका परिषद में प्रातः 10 बजे से 04 बजे तक कैम्प रहेगा। इस अवसर पर सभासद इजरान, राजेश वर्मा, नगर पालिका से लेखाकार मोहित अवस्थी, जेई अनिल कुमार यादव, जेई आदर्श मिश्रा, श्रवण कुमार मिश्रा, अंकित गुप्ता, अशोक मिश्रा, विजय कुमार, प्रदीप कुमार, अनुज अवस्थी, विमलेश वर्मा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से विकास वर्मा, जिला समाज कल्याण विभाग अंकित सिंह, खाद्य एवं रसद विभाग से अजय कुमार, आनंद कुमार, प्रोवेशन कार्यालय लखीमपुर से रामकुमार वर्मा, भाजपा से कैलाश गुप्ता, शत्रोहन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट नेकिया विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री मोदी ने उड़ाई हनुमान जी की तस्वीर वाली पतंग

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नगर शुक्लागंज गंगाघाट श्रेत्र के मिश्रा कालोनी मोहल्ले में गाँधी चौक पर आज नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट ने प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी द्वारा जर्मन चांसलर के साथ हनुमान जी की तस्वीर लगी पतंग उडाने को हिन्दू आस्था का अपमान बताया और विरोध प्रदर्शन किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने सोमवार 12 जनवरी को साबरमती रिवरफ्रंट पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव 2026 में हिस्सा लिया. इस दौरान दोनों नेता भगवान हनुमान की तस्वीर वाली एक विशेष पतंग उड़ाते हुए नजर आए. इससे पहले, दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से इस महोत्सव का उद्घाटन किया. चांसलर मर्ज की यह पहली आधिकारिक भारत यात्रा है यह अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव तीन दिनों तक चलेगा 14 जनवरी को इसका समापन होगा इस आयोजन में 50 देशों के 135 अंतर्राष्ट्रीय पतंग प्रेमी हिस्सा ले रहे हैं उनके साथ ही भारत भर के 65 पतंगबाज और गुजरात के 871 स्थानीय प्रतिभागी भी इस उत्सव में शामिल होंगे प्रधानमंत्री द्वारा हनुमान जी का अपमान करने पर विरोध नगर काँग्रेस कमेटी गंगाघाट द्वारा आज मिश्रा कालोनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवान हनुमान जी की तस्वीर को पतंग बनाकर उड़ाने का विरोध किया गया विरोध के दौरान नगर अध्यक्ष मयंक बाजपेयी ने कहा की अहमदाबाद में प्रधानमंत्री मोदी ने पतंग महोत्सव के दौरान जर्मनी के चांसलर के साथ हनुमान जी की तस्वीर की पतंग उड़ाई जो भगवान हनुमान और सनातन धर्म का घोर अपमान है उन्होंने ये भी कहा की हिन्दू धर्म के कथित ठेकेदार बनने वाले लोग प्रधानमंत्री के द्वारा हनुमान जी के इस अपमान पर चुप्पी क्यों साधे हैं क्या प्रधानमंत्री का कद इतना बड़ा हो गया है की वो हनुमान जी को पतंग की तरह उड़ाये आस्था का ऐसा उपहास दुर्भाग्यपूर्ण और खेदजनक है काँग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री के इस कृत्य का घोर विरोध करती है और प्रधानमंत्री को अपनी इस हरकत के लिए माफी मांगनी चाहिए विरोध प्रदर्शन पर प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष मयंक बाजपेयी, बाबूलाल गुप्ता, संजय सिंह, निर्मल बाजपेयी, विश्वनाथ दास, रामचेतन भास्कर, पिंटू तिवारी, विचित्रवीर सिंह, अकबाल अवस्थी, राजाराम खन्ना, रंगीलाल शर्मा, मो हनीफ आदि शामिल रहे।

## सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में गिरावट, डीएम हुए नाराज, लगायी फटकार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन के साथ मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत जनपद की विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं रैंकिंग की गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले कुल 37 बिंदुओं पर विभागवार स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विभागों की रैंकिंग अपेक्षित स्तर से नीचे है, उनके विभागाध्यक्ष व्यक्तिगत रुचि लेते हुए योजनाओं की प्रगति में शीघ्र सुधार सुनिश्चित करें। उन्होंने सी, डी एवं ई श्रेणी में शामिल विभागों के खराब प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक के दौरान पंचायतीराज विभाग एवं समाज कल्याण विभाग में अपेक्षित सुधार न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारीएवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# एक्सप्रेस खबरें...

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। मंगलवार को गांव जड़ौरा में आयुष आपके द्वार के तहत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वहां तैनात आयुर्वेद डाक्टर हरि शंकर वर्मा व फार्मासिस्ट अनंग पाल सिह ने बताया कि कुछ दिन पहले आग से दुखी रोहन लाल वर्मा को परिवार को औषधीय भी दी गई। वही कैप के दौरान कुल 56 मरीज देखें गये व उनका संपूर्ण स्वस्थ परिक्षण भी किया गया। शिविर में सभी गांव वासियों का पूर्ण सहयोग रहा। इसके साथ ही बुखार, खांसी, दमा, अस्थमा, व जोड़ रोग आदि मरीजो को बदलते मौसम से अपने को बचाये रहने की जानकारी भी दी गई।

### विद्युत विभाग की डीएम ने की समीक्षा, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, बिलिंग प्रणाली, सुरक्षा मानकों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित विद्युत कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मीटर रीडिंग अनिवार्य रूप से घर-घर जाकर की जाए, जिससे त्रुटिपूर्ण बिलिंग की स्थिति उत्पन्न न हो तथा बिलिंग प्रतिशत निर्धारित मानक के अनुरूप बना रहे। साथ ही उन्होंने ढीले एवं जर्जर विद्युत तारों पर सतत निगरानी रखते हुए किसी भी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में विद्यालयों के ऊपर से गुजरने वाली विद्युत लाइनों को प्राथमिकता के आधार पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊदृअयोध्या के संबंध में बैठक में अवगत कराया गया कि मार्ग पर स्थित पुलों पर लगी स्ट्रीट लाइट के पोलों का विद्युत कनेक्शन कर उनका ऊर्जीकरण पूर्ण कर दिया गया है, जिसके फलस्वरूप सभी स्ट्रीट लाइटें वर्तमान में प्रकाशमान हो चुकी हैं। जिलाधिकारी ने इस कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि भविष्य में भी राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य प्रमुख मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था सुचारू बनाए रखी जाए। बैठक में अधीक्षण अभियन्ता विद्युत राजबाला, अधिशासी अभियन्ता विद्युत घनश्याम त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ता मतदाताओं के भरवायें फार्म- गोप

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की जारी ड्रॉप लिस्ट में जिन मतदाताओं के नाम छूट गए हैं इसी के साथ जिनकी 1 जनवरी 2026 को आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गई है ऐसे सभी मतदाताओं के फॉर्म भरवा कर इन सभी का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की जिम्मेदारी हम सबको पूरी तन्मयता से निभानी होगी तभी बूथों पर कम हुई समाजवादी समर्थक मतदाताओं की संख्या की भरपाई हो सकेगी। उक्त बात विधानसभा सदर की ग्राम पंचायत पीड़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने कही। सपा विधायक सुरेश यादव ने प्रधान और बीडीसी से अपील करते हुए कहा कि आप सभी के ग्राम में जिन-जिन मतदाताओं के नाम ड्रॉप लिस्ट में आने से छूट गए हैं या किन्हीं कर्म से कट गए हैं।

# थल सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने कहा, हमने पाकिस्तान की परमाणु हमले की गीदड़भभकी की हवा निकाली




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई को लेकर भारत के थल सेना प्रमुख ने अहम बयान दिया। उन्होंने सैन्य कार्रवाई- ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भारत की तत्परता और रणनीतिक स्पष्टता को दिखाया है। देश की उत्तरी सीमा पर मौजूदा स्थिति के बारे में सेना प्रमुख ने कहा, फिलहाल हालात स्थिर बने हुए हैं लेकिन सुरक्षाबलों का निरंतर सतर्क रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सेना और आम नागरिकों के बीच विश्वास बढ़ाने के उपायों से स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

### चीनी सीमा पर भारत कितना सतर्क?

सेना प्रमुख ने चीन के साथ लगती सीमा पर बरते जाने वाले एहतियात को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने चीनी सीमा पर मौजूदा स्थिति को लेकर कहा, हमारी सैन्य तैनाती संतुलित और मजबूत बनी हुई है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तानी दहशतगर्दों के ठिकानों को नेस्तनाबूद करने वाली कार्रवाई के बारे में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को सटीकता से अंजाम दिया गया। बता दें कि भारतीय सेना ने बीते वर्ष 6-7 मई की दरम्यानी रात ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था। करीब 22 मिनट की इस कार्रवाई के दौरान नौ आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की गई थी।

### पाकिस्तान की गीदड़भभकी पर क्या बोले आर्मी चीफ?

उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद निर्णायक जवाबी कार्रवाई का स्पष्ट निर्णय सर्वोच्च स्तर पर लिया गया। सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सटीक रणनीति को अंजाम दिया। 7 मई को 22 मिनट के भीतर आतंकी ढांचों को ध्वस्त किया गया। बकौल सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी, 'आतंकवाद के खिलाफ 7-10 मई के बीच 88 घंटों का ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया। इस सुनियोजित अभियान के तहत सेना ने नौ में से सात आतंकी ठिकानों को सफलतापूर्वक नष्ट किया।'

### 140 आतंकी सक्रिय 130 पाकिस्तानी...

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा, पाकिस्तान ने साल 2025 में 139 बार संघर्षविराम समझौते का उल्लंघन किया। सीजफायर का उल्लंघन 124 मौकों पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुआ। इसके अलावा पिछले साल संघर्षविराम उल्लंघन की कोई भी बड़ी घटना सामने नहीं आई। जहां तक सवाल सैनिकों की तैनाती का है, आज की तारीख में हम बिल्कुल भी पीछे नहीं हट रहे। मोर्चे पर तैनात सैनिक वापस नहीं आ रहे हैं। सेना के पास जो इनपुट है, इसके मुताबिक लगभग 140 आतंकवादी अंदरूनी इलाकों में (Hinterland) सक्रिय हैं। 10 आतंकवादी स्थानीय भी हो सकते हैं। बाकी सभी पाकिस्तानी दहशतगर्द हो सकते हैं। बता दें कि हिंटरलैंड ऐसे सुदूर और सीमावर्ती इलाकों को कहते हैं जहां प्राकृतिक संसाधन प्रचूर मात्रा में होते हैं। ऐसे इलाके आम तौर पर बड़े शहरों और बंदरगाहों से दूर होते हैं। अक्सर ऐसे इलाके ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्र होते हैं, लेकिन संसाधनों, संस्कृति और आर्थिक विकास की संभावनाओं से समृद्ध भी होते हैं।

### अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा कितनी चिंताजनक?

पड़ोसी देश बांग्लादेश में अशांति, उन्माद और हिंसा से उपजी चिंता को लेकर भी बयान दिए। सेना प्रमुख ने कहा, सबसे पहले हमें समझना होगा कि बांग्लादेश में कैसी सरकार है। अगर अंतरिम सरकार है तो हमें समझना पड़ेगा कि क्या वे अगले चार-पांच साल के लिए फैसले ले रहे हैं या निर्णयों का असर महज चार-पांच महीने तक ही रहेगा। उन्होंने कहा, भारत का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी प्रकार की गलतफहमी को बढ़ावा न मिले।

### बांग्लादेश के साथ लगातार संपर्क में है भारतीय सेना


सेना प्रमुख ने साफ किया, 'हमें तय करना होगा कि तुरंत प्रतिक्रिया देना जरूरी है या नहीं। तीनों सेनाओं ने अपने संचार चैनल पूरी तरह से खुले रखे हैं। मैं खुद भी वहां के सेना प्रमुख के साथ नियमित संपर्क में हूं। इसी तरह, दोनों देश अपने अन्य चैनलों के माध्यम से भी संपर्क में हैं। हमने वहां एक प्रतिनिधिमंडल भेजा था, जिसने सभी पक्षों के अलावा नौसेना प्रमुख और वायुसेना प्रमुख ने भी बात की है।

### तीनों सेनाओं की तरफ से उठाए जा रहे कदम

चुनौतियों से निपटने की तैयारियों को लेकर सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा, 'मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि बांग्लादेश की तीनों सेनाओं की तरफ से उठाए जा रहे कदम किसी भी तरह से भारत के खिलाफ नहीं हैं। जहां तक क्षमताओं को विकसित करने का सवाल है, यह सतत प्रक्रिया है। भारत के साथ अन्य देश भी ऐसा कर रहे हैं। सैन्य तैयारियों की बात करें तो, सेना बांग्लादेश की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है।

## सनातन धर्म को मिटाना आसान नहीं, ये सूरज और चांद की तरह अमर: शाह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गांधीनगर



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति, लोगों की आस्था को खत्म करना आसान नहीं है। अमित शाह ने सोमनाथ मंदिर के बीती सदियों में बार-बार तोड़े जाने और 16 बार पुनर्निर्माण का हवाला दिया। शाह ने कहा कि जिन लोगों ने सोमनाथ मंदिर पर हमले किए, वो मिट गए, लेकिन मंदिर आज भी उसी जगह पर पूरे गर्व के साथ खड़ा है।

### सनातन धर्म, सूरज और चांद की तरह शाश्वत और अमर

अमित शाह गुजरात दौरे पर हैं। मंगलवार को अमित शाह ने गांधीनगर में 267 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। शाह ने कहा, '16 बार तबाह किए जाने के बावजूद सोमनाथ मंदिर 1000 साल बाद भी पूरे गर्व और सम्मान के साथ खड़ा है और इसके शीर्ष पर धर्मध्वजा लहरा रही है।' गृह मंत्री ने कहा, 'ये पूरी दुनिया के लिए संदेश है कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति और लोगों की आस्था को मिटाना आसान नहीं है। यह चांद और सूरज की तरह शाश्वत और अमर है। सोमनाथ मंदिर भारत की आस्था, विश्वास और गर्व का प्रतीक है।'

### पीएम मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ किया

बीती 11 जनवरी को पीएम मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ किया था। यह पर्व सोमनाथ मंदिर पर महमूद गजनी के हमले और मंदिर के पुनर्निर्माण के 1000 हजार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। महमूद गजनी ने साल 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हमला किया था। केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सोमनाथ मंदिर के भव्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पूरे सालभर देश में मनाया जाएगा। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### 'मंदिर पर हमला हमारी आस्था पर हमला था'

शाह ने कहा, 'एक हजार साल पहले महमूद गजनी ने सोमनाथ मंदिर पर हमला किया और इसे तोड़ा। उसके बाद अन्य हमलावरों जैसे अलाउद्दीन खिलजी, अहमद शाह, महमूद बेगड़ा और औरंगजेब ने भी हमले किए, लेकिन हर हमले के बाद मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया। हमलावर तबाही में विश्वास रखते थे और मंदिर बनाने वालों का विश्वास रचना में। आज 1000 साल बाद हमलावर मिट गए हैं, लेकिन सोमनाथ मंदिर अभी भी पूरे गर्व के साथ खड़ा है।' गृह मंत्री ने कहा, 'सोमनाथ मंदिर पर हमला सिर्फ एक मंदिर पर हमला नहीं था बल्कि ये हमारी आस्था, विश्वास और आत्म सम्मान पर हमला था। हमले का जवाब दूसरा हमला नहीं हो सकता। इसका उत्तर आत्म-सम्मान में छिपा है।'

## हिमालय में मिला कैंसर रोधी दुर्लभ चागा मशरूम 100 साल पुराने भोजपत्र पर आता है नजर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गढ़वाल



उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में प्रकृति का एक अनमोल औषधीय खजाना मिला है। जड़ी-बूटी शोध संस्थान (मंडल) से सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विजय भट्ट ने धारचूला के बालिंग और सीपू जैसे दुर्गम इलाकों में चागा मशरूम की पहचान की है। यह मशरूम न केवल दुर्लभ है, बल्कि कैंसर जैसी घातक बीमारी से लड़ने में भी सक्षम पाया गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह मशरूम केवल उन्हीं भोजपत्र के पेड़ों के तनों पर उगता है जिनकी आयु 100 वर्ष से अधिक हो चुकी है। डॉ. भट्ट ने बताया कि अब तक यह माना जाता था कि चागा मशरू( मइनोनोटस ओब्लिक्वस) मुख्य रूप से साइबेरिया और रूस के ठंडे जंगलों में ही पाया जाता है। लेकिन धारचूला और नीति घाटी में 3000 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर इसकी मौजूदगी ने शोधकर्ताओं को उत्साहित कर दिया है। दिखने में यह जले हुए कोयले या मधुमक्खी के छत्ते जैसा भूरा-काला नजर आता है।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊंची कीमत

चागा मशरूम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी मांग है। दिल्ली सहित बड़े महानगरों में साइबेरिया व रूस से आयातित चागा मशरूम 25 से 30 हजार रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इसके संरक्षण और वैज्ञानिक दोहन की दिशा में कदम उठाए जाएं तो सीमांत क्षेत्रों के ग्रामीणों को इससे आर्थिक लाभ मिल सकता है।

### औषधीय चाय के रूप में होता है उपयोग

डॉ. भट्ट के अनुसार, इस मशरूम को वैज्ञानिक विधि से सुखाकर इसका पाउडर तैयार किया जाता है, जिसका उपयोग शहद के साथ हर्बल चाय के रूप में होता है। इसमें विटामिन-डी2, पॉलीसैकेराइड्स और मिनरल्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। उन्होंने यह चाय बेंगलुरु, दिल्ली और चंडीगढ़ के कई मरीजों को भेजी है, जिनसे बहुत ही सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। खासकर कैंसर पीड़ित लोग और लीवर की बीमारी से जूझ रहे लोग इसे काफी असरदार बता रहे हैं

### चागा मशरूम क्यों है खास

**दुर्लभ विकास-** यह केवल 100 साल पुराने भोजपत्र के पेड़ के तनो पर 'परजीवी' के रूप में उगता है।
**शक्तिशाली इम्यून बूस्टर-** यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और संक्रमण को खत्म करता है।
**कैंसर से लड़ाई-** इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स फेफड़ों, ब्रेस्ट और लीवर के कैंसर की रोकथाम में सहायक हैं।
**डायबिटीज में राहत-** यह शुगर लेवल को नियंत्रित करने और शरीर को डिटॉक्स करने में कारगर है।

### विशेष सलाह

डॉ. विजय भट्ट ने आगाह किया है कि जंगली मशरूमों की पहचान करना कठिन होता है, इसलिए बिना विशेषज्ञ की सलाह के किसी भी मशरूम का सीधा सेवन जानलेवा हो सकता है।

## मोदी जी आप तमिल जनता की आवाज को नहीं दबा सकते: राहुल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

थलापति विजय की आखिरी फिल्म मानी जा रही है 'जन नायकन' रिलीज से पहले ही विवादों में फंसी है। अपने सेंसर सर्टिफिकेट को लेकर फिल्म के मेकर्स अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुके हैं। हालांकि, इस बीच विजय की फिल्म को तमिल सिनेमा के तमाम कलाकारों का समर्थन मिल रहा है। अब इस मामले में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी ने भी प्रतिक्रिया दी है।

### यह तमिल संस्कृति पर हमला

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विजय की 'जन नायकन' की रिलीज अटकने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राहुल गांधी ने इसको लेकर अपने एक्स पर एक पोस्ट की है। इस पोस्ट में राहुल ने पीएम मोदी का जिक्र किया है। पोस्ट में राहुल ने लिखा, 'सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा 'जन नायकन' को रोकने का प्रयास तमिल संस्कृति पर हमला है। पीएम मोदी आप तमिल जनता की आवाज को दबाने में कभी सफल नहीं होंगे।'हालांकि, अब मद्रास हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देते हुए मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। उच्चतम न्यायालय में इस चुनौती के पीछे मुख्य दलील ये है कि फिल्म को रिलीज करने से पहले सभी प्रॉसेस का पालन करना जरूरी है।

### पिछले हफ्ते मद्रास हाईकोर्ट ने दिया था यह आदेश

'जन नायकन' की रिलीज का मामला अब सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर पहुंच चुका है। इससे पहले पिछले सप्ताह मद्रास हाईकोर्ट ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिए थे। अदालत ने साफ किया था कि सीबीएफसी के चेयरपर्सन का फिल्म को रिवाइजिंग कमेटी के पास भेजने का अधिकार अवैध था। कोर्ट के मुताबिक, जब चेयरपर्सन ने सिफारिश की थी कि सर्टिफिकेट कट के बाद जारी किया जाएगा, तब उनका ये अधिकार खत्म हो गया था। इसके बाद निर्माताओं ने सर्टिफिकेट तुरंत जारी करने की मांग के साथ अदालत का रुख किया था।

## नामों में विसंगति दूर करने के लिए ईसी ने किया भाजपा का एआई टूल इस्तेमाल: ममता बनर्जी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को एक बार फिर चुनाव आयोग (ईसीआई) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के आंकड़ों मं नामों की विसंगति को दूर करने के लिए भाजपा के एआई टूल का इस्तेमाल किया।

### 'चुनाव आयोग ने कैसे हटाए आधे मतदाताओं के नाम?'

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एसआईआर के दौरान जिन शादीशुदा महिलाओं ने अपना उपनाम बदला, चुनाव आयोग ने उनके नाम हटा दिए। कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ममता बनर्जी ने कहा, मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) को जवाब देना चाहिए कि वह आधे मतदाताओं के नाम कैसे हटा सकते हैं और यह कैसे तय कर सकते हैं कि सरकार कौन बनाएगा।

### 'व्हाट्सएप के भरोसे चल रहा चुनाव आयोग'


मुख्यमंत्री ने कहा, चुनाव आयोग भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहा है और बिना कारण बताए एकतरफा तरीके से नाम हटा रहा है। उन्होंने आगे कहा, चुनाव आयोग व्हाट्सएप के भरोसे चल रहा है और हर दिन कई बार एसआईआर के नियम बदल रहा है।

### 'निवास प्रमाण पत्र की बंगाल में अनुमति क्यों नहीं?'

उन्होंने आगे सवाल किया, एसआईआर के नियमों के अनुसार सूक्ष्म-पर्यवेक्षक (माइक्रो-ऑब्जर्वर) की अनुमति नहीं है, फिर भी इन्हें केवल बंगाल में तैनात किया गया। बिहार के एसआईआर में निवास प्रमाण पत्र की अनुमति है, तो बंगाल में क्यों नहीं। उन्होंने कहा, तथ्यात्मक असंगति मूल एसआईआर सत्यापन प्रक्रिया का हिस्सा नहीं थी, इसे बाद में जोड़ा गया।

## भारत ने संभाली ब्रिक्स 2026 की अध्यक्षता, विदेश मंत्री जयशंकर ने थीम और लोगो का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारत ने मंगलवार को आधिकारिक रूप से ब्रिक्स आर्थिक समूह की अध्यक्षता संभाल ली। वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक अस्थिरता और बदलती चुनौतियों के बीच भारत ने 10 सदस्यीय इस समूह की अपनी अध्यक्षता को नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाने का संकेत दिया है। मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत की ब्रिक्स 2026 अध्यक्षता की आधिकारिक थीम, लोगो और वेबसाइट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने जन-केंद्रित दृष्टिकोण और सुधारित बहुपक्षवाद की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ब्रिक्स को बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालना होगा। यह चौथी बार है जब भारत इस समूह की अध्यक्षता कर रहा है। इससे पहले भारत ने 2012, 2016 और कोविड-19 के चुनौतीपूर्ण दौर में 2021 में भी ब्रिक्स की कमान संभाली थी।

## मनरेगा बचाओ संग्राम: कांग्रेस ने लोगों से जुड़ने की अपील की: जयराम रमेश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



देशभर में बीते कुछ दिनों से 'मनरेगा' योजना के नाम को लेकर खूब चर्चा चल रही है। इसका बड़ा कारण केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को हटाकर नई योजना विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड अजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) योजना लाना है। इसके बाद से कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल सरकार के इस फैसले का जमकर विरोध कर रहे हैं। ऐसे में अब कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि सरकार ने इस योजना पर बुलडोजर चला दिया है, जबकि यह योजना देश के करोड़ों गरीब और ग्रामीण लोगों की रोजी-रोटी का सहारा है। बता दें कि इस योजना के विरोध में कांग्रेस ने बीते 10 जनवरी को 'मनरेगा बचाव संग्राम' शुरू किया था। ऐसे में अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पार्टी के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने बताया कि यह अभियान देश की करीब 2.5 लाख ग्राम पंचायतों तक पहुंचेगा और इसमें करोड़ों लोग जुड़ेंगे। उनका कहना है कि यह आंदोलन लोगों के काम के अधिकार, मजदूरी के अधिकार और जवाबदेही को वापस दिलाने के लिए है।

### कब तक चलेगा यह संग्राम?

इस पूरे अभियान की निगरानी के लिए कांग्रेस ने एक समन्वय समिति बनाई है। इसके संयोजक अजय माकन हैं, जबकि जयराम रमेश, संदीप दीक्षित और प्रियंक खरगे जैसे वरिष्ठ नेता इसके सदस्य हैं। कांग्रेस का 'मनरेगा बचाओ संग्राम' 10 जनवरी से 25 फरवरी तक चलेगा। पार्टी का कहना है कि यह लड़ाई ग्रामीण गरीबों के हक और सम्मान के लिए है और इसे देशभर में जन आंदोलन बनाया जाएगा।

## महिला दारोगा रिश्वत लेते एंटी करप्शन की गिरफ्त में, खाकी की इज्जत पर नया धब्बा

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश पुलिस की खाकी पर दाग लगने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में गाजियाबाद के साहिबाबाद रिपोर्टिंग चौकी की महिला दारोगा को एंटी करप्शन टीम ने 45 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी दारोगा से रिश्वत की राशि भी बरामद की गई है।

### 45 हजार की रिश्वत के साथ रंगे हाथ पकड़ी गई दारोगा

महिला दारोगा भुवनेश्वरी देवी पर यह आरोप है कि उन्होंने दहेज से जुड़े मामले में अवैध तरीके से पैसा लिया। एंटी करप्शन की टीम ने कार्रवाई करते हुए उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

### एनकाउंटर में बहादुरी दिखा चुकी महिला अब घेरे में

नवरात्र के पहले ही दिन महिला पुलिसकर्मियों ने एक अपराधी को पकड़ने में बहादुरी दिखाई थी। उस समय भुवनेश्वरी देवी को अपराधी को लेकर जाते देखा गया था। लेकिन अब वही महिला दारोगा दहेज मामले में रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन की गिरफ्त में आई हैं, जिसकी चर्चा पूरे जिले में जोरों पर है।

### पुलिस आयुक्त ने किया था सम्मानित

यह घटना इसलिए भी चौंकाने वाली है क्योंकि कुछ समय पहले ही महिला दारोगा भुवनेश्वरी देवी समेत अन्य महिला पुलिसकर्मियों को पुलिस आयुक्त रविन्द्र कुमार गौंड द्वारा बहादुरी और अच्छे कार्य के लिए सम्मानित किया गया था।

## निगम की जलकल विभाग की लापरवाही से हजारों लीटर पेयजल हुआ बर्बाद

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

- वसुंधरा सेक्टर 1 में पाइप लाइन जोड़ने को लेकर उजागर हुई लापरवाही

गाजियाबाद वार्ड 54 के वसुंधरा सेक्टर 1 में जलकल विभाग के कमर्चारियों की लापरवाही से हजारों लीटर पानी सड़कों पर बहता रहा और विभाग बेपरवाह बना रहा। जिसका खामियाजा जनता और राहगीरों को उठाना पड़ा। इससे पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई। कम दबाव और गंदगी से नागरिक परेशान रहे। सड़को पर बहते पानी और जल जमाव से आवागमन भी प्रभावित हुआ। ज्ञात हो कि सरस्वती कुंज सोसायटी में लगे बोरवेल लगने केबाद पानी के पाइप की लाइन को जोड़ने का कार्य किया जा रहा था। जिसमें बुल्डोजर से गड्ढे किए गए और उसी समय कोई खामी उत्पन्न हुई जो ऐसे समस्याओं का कारण बनी ऐसे आरोप जनता लगा रही है। जनता की माने तो मानवश्रम की जगह मशीनों का प्रयोग आम जनता के हित के लिए घातक हुआ। जिसके कारण पेयजल पाइप लाइन में भी गंदा पानी गया। जो समस्याओं का कारण बन सकती है। मध्यप्रदेश के भागीरथपुरा का मामला देश भर में।चर्चित होने और दर्जन से ज्यादा मौतों के बाद जनता में ऐसे ही भय व्याप्त है। जनता ने जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी में टीडीएस 700 पार, वाटर प्यूरीफायर भी एक महीने में हो रहे चोक

गाजियाबाद के राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में दूषित पानी आने की शिकायत बार बार करने के बावजूद स्वच्छ पानी लोगों को मयस्सर नहीं हो रहा है। जीडीए, जिलाधिकारी,नगर निगम, जल विभाग व मुख्यमंत्री पोर्टल तक शिकायत करने के बावजूद दूषित पानी की समस्या लगातार बनी हुई है। सोसायटी में पानी का टीडीएस 700 पार है। कुछ माह पहले आरडब्लूए ने स्थानीय निवासियों को अपने फ्लैट्स में आरओ लगवाने की सलाह तक दे डाली थलेकिन आरओ भी एक महीने में ही दूषित पानी को साफ करते करते दम तोड़ रहे हैं। गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी निवासी गौरव बंसल ने 13 जनवरी को नगर निगम को संभव जनसुनवाई में शिकायती पत्र देकर एक बार फिर दूषित पानी की समस्या से अवगत कराते हुए स्वच्छ पानी की आपूर्ति की मांग की है। शिकायती पत्र में उन्होंने बताया है कि सोसाइटी में पिछले काफी समय से दूषित पानी आ रहा है। गौरव का कहना है कि मेंटिनेंस चार्ज देने के बावजूद आरडब्लूए हमारी सेहत से खिलवाड़ कर रहा है। नगर निगम के दफ़्तर में अधिकारियों से भी गौरव ने कहा कि नगर निगम को गुलमोहर एनक्लेव के सभी निवासियों के द्वारा वाटर टैक्स भी दिया जा रहा है और निगम का ही एक बोरिंग सोसायटी में स्थित है उसके बावजूद भी स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है।